e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 93
गुरुवार
06.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
उन चीजों के बारे में समय बर्बाद मत करो, जिनको आप बदल नहीं सकते।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**
इफ्तार (06/04/23) 06:07
सेहरी (07/04/23) 04:12

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26⁰
न्युनतम 12⁰

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना लक्ष्य : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि रिम्स ऑडिटोरियम के इस सभागार में नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के कंधों पर राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। आज से आप सभी लोग सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हुए राज्य में स्वास्थ्य सेवा को और मजबूती प्रदान करेंगे। ग्रामीण क्षेत्र की जनता हो या शहरी क्षेत्र की जनता उनके स्वास्थ्य की रक्षा का जिम्मा अब आपके हाथों पर है। यह आप सभी जानते हैं कि राज्य के सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य की क्या स्थिति है, हो सकता है कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान आपके सामने हर दिन हर वक्त कई चुनौतियां आएंगी। इन चुनौतियों का सामना आप कैसे करेंगे यह आप पर निर्भर करेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज रिम्स ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में अपने संबोधन में कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इन सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों पर विश्वास जताते हुए कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आप सभी लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, लग्न एवं पूरी इमानदारी पूर्वक करेंगे। आप की पोस्टिंग जहां भी होगी वहां के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इस हेतु आप सभी लोग सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। श्री सोरेन ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों से कहा कि आज से सरकार आपकी जिम्मेदारी ले रही है और आज से ही इस राज्य के गरीब-गुरबा लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा की जिम्मेदारी आपको लेनी है।

### एनीमिया किट का किया लोकार्पण

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित अन्य अतिथिगणों ने राज्य से एनीमिया मिटाने के संकल्प के साथ एनीमिया किट का लोकार्पण किया। मौके पर नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक समरी लाल, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, प्रधान सचिव मुख्यमंत्री श्रीमती वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, रिम्स निदेशक कामेश्वर प्रसाद, निदेशक आयुष फजलुस शमी सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**नवनियुक्त 173 चिकित्सा पदाधिकारी तथा 297 आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के बीच नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण**



### स्वस्थ झारखंड समृद्ध झारखंड के सपने को साकार करेंगे

इस अवसर पर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कोविड-19 के समय धैर्य पूर्वक बिना डरे-सहमे ऐतिहासिक कार्य कर झारखंड में लोगों की जान बचाने का कार्य कर दिखाया है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व के लिए मैं उन्हें अपनी ओर से धन्यवाद तथा आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार की ओर से 173 चिकित्सा पदाधिकारी एवं 297 आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिला है। लोग चिकित्सकों को भगवान का दूसरा रूप मानते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे। मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड निरंतर समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहा है। आगे भी बेहतर कार्य करते हुए हमारी सरकार स्वस्थ झारखंड और समृद्ध झारखंड के सपने को साकार करेगी।

## हनुमान जयंती आज : केंद्र सरकार ने जारी की एडवाइजरी



एजेंसी

**नई दिल्ली-कोलकता :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हनुमान जयंती को लेकर राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय ने सभी राज्यों से कहा है कि वह कानून व्यवस्था को बनाए रखें और त्योहार का शांतिपूर्ण ढंग से होना सुनिश्चित करें। गृह मंत्रालय ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे ऐसी घटनाओं की निगरानी रखें, जिनसे समाजिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा पैदा हो। इधर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को हनुमान जयंती समारोहों के दौरान शांति बनाए रखने में राज्य पुलिस की मदद के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की अपील करने का निर्देश बुधवार को दिया. अदालत ने कहा कि हाल के दिनों में हुई घटनाओं को देखते हुए आम जनता को यह आश्वासन देने के लिए आदेश दिया जा रहा है कि वे सुरक्षित हैं और किसी तरह की पेरशानी का उन्हें सामना नहीं करना पड़ेगा. पिछले सप्ताह रामनवमी के जुलूस के दौरान तथा बाद में हावड़ा और हुगली जिलों में कुछ स्थानों पर दो गुटों के बीच झड़प हो गई थी. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने कहा कि इलाज से परहेज बेहतर है. अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि बृहस्पतिवार को हनुमान जयंती की रैलियों के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की अपील की जाए. अदालत ने केंद्र को राज्य से अनुरोध प्राप्त होने पर ऐसी तैनाती के लिए त्वरित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया. इस मामले को लेकर बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों के साथ नॉर्थ ब्लॉक में समीक्षा बैठक की. कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में बिहार सरकार की सहायता के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को भेजने के अलावा, गृह मंत्रालय ने मंगलवार को राज्य सरकार से पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा पर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी.

**प. बंगाल सरकार को हाई कोर्ट ने दिया केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्देश**

## क्विक न्यूज

### मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत मिला पद्म विभूषण सम्मान

**नई दिल्ली :** दिवंगत समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया। उनके बेटे और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुरस्कार ग्रहण किया। आचार्य डॉ. सुकामा देवी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रेमजीत बारिया, हेमंत चौहान, डॉ. राधाचरण गुप्त को भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। नाटू नाटू गाने की रचना करने वाले संगीतकार एम.एम. कीरावनी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

### गुमला से लोहरदगा जा रही बस से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद

**गुमला :** जिले से लोहरदगा जा रही बस से पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकदी बरामद किया है। इसकी जांच के लिए इनकम टैक्स विभाग से संपर्क किया गया है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला से एक बस में कुछ अज्ञात लोग संदिग्ध सामान लेकर लोहरदगा जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति के साथ पांच बैगों को बरामद किया। इसके बाद उपस्थित दंडाधिकारी के समक्ष उक्त संदिग्ध बैगों को सीलबंद कर गुमला थाना के एक कमरे में सुरक्षार्थ रखा गया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति ने बताया है कि बरामद बैगों में भारी मात्रा में नकदी है। इसकी जांच एवं अग्रेतर कार्रवाई के लिए इनकम टैक्स टीम की प्रतिनियुक्ति के लिए पत्राचार किया गया है।

### जमशेदपुर में इन्फ्लूएंजा के दो संक्रमित मरीज मिले

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर जिले में इन्फ्लूएंजा के दो संक्रमित मरीज मिले हैं। एक मरीज में इन्फ्लूएंजा बी विक्टोरिया जबकि दूसरे में इन्फ्लूएंजा ए एच 3 एन 2 की पुष्टि हुई है। राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है। बताया जाता है कि टीएमएच जमशेदपुर में भर्ती 16 वर्षीय युवक और पांच वर्षीय बच्चे में इनफ्लुएंजा की पुष्टि हुई। दोनों में हल्के लक्षण हैं, जिनका इलाज टीएमएच में किया जा रहा है। 16 मार्च से लेकर अब तक राज्य में इनफ्लुएंजा के कुल नौ पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इनमें इनफ्लुएंजा ए एच3एन2 के 7 जबकि इनफ्लुएंजा बी विक्टोरिया के 2 मरीज मिले हैं। इनमें सात मरीज स्वस्थ हो गए हैं। फिलहाल दो मरीजों का इलाज चल रहा है। इनफ्लुएंजा ए, बी से ज्यादा खतरनाक है।

### एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव पर बवाल

**नई दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के छात्र अब कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं में इतिहास की नई पुस्तकें पढ़ेंगे। इन छात्रों को इतिहास की पुस्तकों में अब मुगल साम्राज्य, दिल्ली दरबार, अकबरनामा, बादशाहनामा और कई राजनीतिक दलों के उदय की कहानियां पढ़ने को नहीं मिलेंगी। हालांकि, पाठ्यक्रम से मुगल दरबार और अन्य अध्यायों को हटाने पर विवाद भी खड़ा हो गया है। कांग्रेस, सीपीएम, शिवसेना (उद्धव गुट) के कई पार्टियों ने इस कदम का विरोध जताया है।

## पांच लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने 5 लाख का इनामी नक्सली नंदकिशोर यादव उर्फ न्नकुरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पुलिस को 4 अप्रैल की रात गुप्त सूचना मिली कि 3 अप्रैल को चतरा के लावालौंग में हुए पुलिस-माओवादी मुठभेड़ में एक माओवादी को पेट में गोली लगा है। वह पिपराटांड थानान्तर्गत ग्राम गिरी के आसपास जंगली इलाके में छिप कर अपने समर्थकों के सहयोग से ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टर से ईलाज करवा रहा हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार की सुबह थाना प्रभारी पिपराटांड के नेतृत्व में पुलिस टीम तैयार कर छापामारी में भेजा गया। पुलिस टीम सूचना के आलोक में पिपराटांड और लावालौंग थाना के सीमावर्ती गाँव गिरी, सेहदा, कलगी आदि के जंगल में टोह लेती रही एंव पता लगाते रही। करीब 9 बजे गिरी के जंगल में एक आदमी एक पेड़ के नीचे बैठा देखा गया। वह पुलिस को देखते हीं उठकर तेजी से चलने लगा। पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर वह कराहने लगा तथा स्वयं बोला कि पेट में जख्म है गोली लगी है। वह अपना नाम नन्दकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया, उम्र करीब 50 वर्ष, पिता स्व0 नागा यादव, ग्राम केकरगढ़, थाना पांकी, जिला पलामू बताया। बताया कि 03 अप्रैल को लावालौंग में पुलिस मुठभेड में यह शामिल था। उसी में इसे गोली लगी है। उस घटना में इसके पाँच साथी 1. गौतम पासवान, 2. चार्लीस उर्फ तुफान उर्फ अजीत उरांव 3. संजीत 4. अजय उर्फ नन्दु यादव, ग्राम सिकनी, थाना लावालौंग, 5. अमर गंझू उर्फ अमर जी उर्फ धीरज, ग्राम अम्बाटांड, थाना लावालौंग मारे गये हैं । इसके पास से एक इंसास रायफल तथा तीन सैमसंग की-पैड मोबाइल बरामद हुआ है। यह कई गंभीर एवं जघन्य नक्सली कांडो में वांछित एवं फिरार था।

इसेक विरूद्ध पांकी थाना में कुल 13 कांड दर्ज हैं। इसका ईलाज देहाती डॉक्टर जगदीश यादव, ग्राम रिमी, थाना लावालोंग कर रहा था वह भी गिरफ्तार हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

एजेंसी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग से जुड़ी कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इसके बाद विपक्षी दलों ने अपनी याचिका वापस ले ली। याचिका में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने उपयोग का आरोप लगाया गया था। याचिका में गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत जैसे मामलों को नियंत्रित करने वाले दिशा-निर्देशों का नया सेट जारी करने की मांग की गई थी।

विपक्षी दलों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

ईडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत नेता विपक्षी दलों से हैं। सीबीआई की 124 जांचों में से 95 प्रतिशत से अधिक विपक्षी दलों से हैं। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजनीतिक विरोध की वैधता पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा है।

सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा कि क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या कोई मुकदमा नहीं होना चाहिए? क्या नेताओं को इससे अलग रखा जा सकता है? सर्वोच्च कोर्ट का कहना है कि अंततः एक राजनीतिक नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं। इस पर सिंघवी ने कहा कि पक्षकार नहीं चाहते कि याचिका से भारत में कोई लंबित मामला प्रभावित हो और वे मौजूदा जांच में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं कह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा कि क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या कोई मुकदमा नहीं होना चाहिए? क्या नेताओं को इससे अलग रखा जा सकता है? सर्वोच्च कोर्ट का कहना है कि अंततः एक राजनीतिक नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं। इस पर सिंघवी ने कहा कि पक्षकार नहीं चाहते कि याचिका से भारत में कोई लंबित मामला प्रभावित हो और वे मौजूदा जांच में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं कह रहे हैं।



**ईडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत नेता विपक्षी दलों से हैं।**

## नई दिल्ली में होगा प्रथम वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ 20-21 अप्रैल को दिल्ली में प्रथम वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में मानवता के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर विचार करना और इसी परिप्रेक्ष्य में उसका समाधान है।आईबीसी के महासचिव भन्ते डॉ. धम्मपिया ने बताया कि भगवान बुद्ध की शिक्षा में विश्व की कई समस्याओं का समाधान है। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ की कोशिश है कि बौद्ध मतावलंबी समूह को एकत्रित करके इन वैश्विक समस्याओं पर चिंतन किया जाए और एक सामूहिक प्रयास के लिए उन्हें प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि 20 और 21 अप्रैल को दिल्ली के अशोक होटल में इस संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में दो चरम विचारों के बीच एक द्वंद है, जिसका समाधान बुद्ध के मध्यम मार्ग और संतुलन में है। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने बताया कि वर्तमान में दुनिया युद्ध, हिंसा, प्राकृतिक आपदा और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी चुनौतियों से जूझ रही है। मानव निर्मित इन समस्याओं का समाधान भी मनुष्य ही कर सकता है। इसी संबंध में दुनिया भर के श्रेष्ठतम बौद्ध विचारकों को एक मंच पर लाकर समाधान तलाशने का एक प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दुनिया को संदेश पहुंचाना है।शिखर सम्मेलन का विषय 'रिस्पांस टू कांटेंपरी चैलेंजेस फ्राम फिलॉसफी टू प्रैक्सिस' है। इसमें दुनियाभर के प्रख्यात विद्वान, संघ नेता, और धर्म के अनुयायी वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे और बुद्ध धर्म के दृष्टिकोण से सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। इसमें बुद्ध धर्म और शांति; पर्यावरणीय संकट, स्वास्थ्य और स्थिरता; नालंदा बौद्ध परंपरा का संरक्षण तथा बुद्ध धर्म तीर्थयात्रा, जीवित विरासत और बुद्ध अवशेष जैसे विषयों पर विचार किया जाएगा।स की ओर आकर्षित करते हैं।




## केंद्र सरकार अपना रही दोहरे मानदंड : खड़गे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करने में सरकार ने जरा भी देरी नहीं की, जबकि एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए गुजरात के एक सांसद पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।खड़गे ने कहा कि यह मोदी सरकार के पाखंड और दोहरे मापदंड की पराकाष्ठा है। गुजरात के एक भाजपा सांसद को एक स्थानीय अदालत, सत्र न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा तीन साल के कारावास की सजा दी गई है, लेकिन 16 दिनों तक उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया गया। एक दलित डॉक्टर को मारने के केस में गुजरात के अमरेली से भाजपा सांसद नारनभाई भीखाभाई कच्छड़िया को एक अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई थी। कछाड़िया की सजा को बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी थी।उल्लेखनीय है कि मोदी सरनेम प्रकरण में राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई गई थी।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# हेमंत सोरेन की सरकार ने तीन साल में एक भी काम नहीं किया : रघुवर दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पलामू प्रमंडल के दौरे पर है। बुधवार को पलामू के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर झारखंड में हेमंत की सरकार पर निशाना साधा। श्री दास ने कहा कि भाजपा की सरकार बन रही हैं। भाजपा जो कहती है वह करती है। डबल इंजन की सरकार में हमने झारखंड के लोगों की जनकल्याण का काम किया है। लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने 3 साल में एक भी वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत देखने के लिए हम पलामू प्रमंडल मेंआए हुए थे। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग खोला हुआ है। श्री दास ने कहा कि जन चौपाल में हमें जनता ने बताया की पेंशन के लिए भी आवेदन लेकर जाओ तो उसमें भी घुस मांगा जा रहा है। यही जमीनी हकीकत जाने के लिए मैं आया था। जन चौपाल में सरकारी पैसों का दुरुपयोग करते हुए मुख्यमंत्री स्कूल के बच्चे को सरकारी अधिकारी को ढो ढो कर लाकर जोहार झारखंडी यात्रा निकाल रहा है। बेरोजगारों को 60/40 नियोजन नीति बनाकर गुमराह करने का काम कर रहा है। झारखंड की खनिज संपत्ति को लूटने का काम कर रही है। इसीलिए इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी 3 साल इंतजार की। ताकि मौका दे जितनी जल्दी हो हेमंत सरकार झारखंड से जाएगा उतनी जल्दी झारखंड बचेगा।

## अधेड़ व्यक्ति का शव जंगल से बरामद हत्या की आशंका, मामले में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** बुधवार को सुबह सवेरे केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत राजघाटी सिन्धवा पहाड़ी के समीप एक पेड़ से अधेड़ व्यक्ति का शव रस्सी के सहारे चलते राहगीरों द्वारा झूलता देख आस पड़ोस में सनसनी फैल गई। उक्त शव का शिनाख्त काफी समय तक नहीं हो सकी जानकारी पाकर केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गए। तत्पश्चात कुछ घंटों के बाद शव का शिनाख्त कध्वन गाँव निवासी 47 वर्षीय दुखी यादव पिता स्वश वीगन यादव के रूप में कई गई। वही उपस्थित स्थानिये लोगो के अनुसार उक्त व्यक्ति का शव दो दिन पूर्व का बताया जा रहा हैं एवं हत्या कर पेड़ से लटका देने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मृतक परिजनों का बयान दर्ज कर संबंधित पुलिस प्रशासन उक्त मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## चुआड़ विद्रोह के नायक थे वीर शहीद रघुनाथ : पूर्व विधायक



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के हरिहरगंज स्थित आवास पर बुधवार को विधानसभा स्तरीय चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शहीद रघुनाथ महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर पूर्व विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ झारखंड के आदिवासी मूलवासी ने वर्ष 1769 से 1805 के बीच बड़ा आंदोलन किया था जिसमें रघुनाथ महतो नायक थे। उन्होंने अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ जनमानस को संगठित कर शस्त्र विद्रोह किया था। उनकी शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन आजसू के जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी रामजी पासवान ने की। इस अवसर पर आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, महिला अध्यक्ष इंदु देवी, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, नगर उपाध्यक्ष इफ्तेखार आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, मुखिया जितेंद्र पासवान, सीताराम साव, आदित्य तिवारी, सनोज साव, रंजीत मेहता, मुन्ना मेहता आदि उपस्थित थे।

## भाजपा की रघुवर सरकार ने अपने कार्यकाल में सिर्फ हाथी उड़ाने का काम किया : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव शह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा के रघुवर सरकार के कार्यकाल में ही पूरे झारखंड में जल जंगल जमीन की लूट मची हुई थी और उसी के समय में जमीन का ऑनलाइन होने के बाद अभी भी झारखंड की पूरी जनता तंगो- तबाह है ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में आम जनता का अंचल कार्यालय में दौड़ते दौड़ते चप्पल टूट जा रहा है वही भाजपा के राज होने के बाद ही झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा पदाधिकारियों को निर्देश देकर पूर्व जमींदार परिवार के जाली कागजात के आधार पर कारपोरेट एवं पत्थर माफियाओं के के नाम से केवाला करवा दिया और आज के समय में रघुवर दास के समय में वही फर्जी आम सभा को दिखला कर अनाप-शनाप पत्थर माफियाओं के नाम लिज दे दिया गया आज पूरा पलामू जिला की आम जनता पत्थर माफियाओं से परेशान है और धूल फाकने को विवश है। वहीं रघुवर दास के समय विकास के नाम पर केवल लूट मचा था इन्होंने केवल हाथी उड़ाने का काम किया। और आज जब यह सत्ता से बाहर है तो खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली हाल हो गई है वे आम जनता का दर्द बयान करते फिर रहे हैं और डबल इंजन सरकार की दुहाई दे रहे हैं। जबकि अब नया टेक्नोलॉजी में डबल इंजन की कोई आवश्यकता नहीं है। भाजपा के लोग झारखंड में सत्ता से बाहर होने के बाद सत्ता के लिए छटपटा रहे हैं लेकिन इनकी हालत पानी से निकले मछली की तरह छटपटाते रह जाएगी। दोबारा इलेक्शन होने के बाद रघुवर दास को पुनः झारखंड की जनता छत्तीसगढ़ भेज देगी।

# कॉफी टेबल बुक के लोकार्पण कार्यक्रम का किया गया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पूर्वमंत्री सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों की बैठक मंच के अध्यक्ष अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत 23 मार्च को आयोजित डॉ राममनोहर लोहिया की 113 वीं जयंती व पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के जीवन पर आधारित सड़क से सदन तक कॉफी टेबल बुक के लोकार्पण कार्यक्रम की समीक्षा किया गया.समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ ने डॉ राममनोहर लोहिया की 113 वीं जयंती व पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के जीवन पर आधारित सड़क से सदन तक कॉफी टेबल बुक लोकार्पण समारोह को भव्य व सफल बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा। मंच के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के कार्यकर्ताओं के योगदान के लिये उन्हें धन्यवाद दिया तथा मंच के संरक्षक पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी व मंच के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को ÷सड़क से सदन तक÷पुस्तक व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया.जिन पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया उनमे डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सचिव प्रकाश चन्द्र सेठी, कमलेश बिहारी, रमेश प्रसाद, रामकेश्वर प्रसाद,अशोक पासवान,रमाशंकर जायसवाल, घनश्याम प्रसाद, अनिल गुप्ता, सुनील चंद्रवंशी, सत्येंद्र कुमार ठाकुर, रामचन्द्र यादव, बालेश्वर मेहता, ब्रजेश कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, इब्राहिम अंसारी, सलीम अंसारी, ओमप्रकाश, हीरा प्रसाद, नंदू साव, ओमप्रकाश मेहता, सोबराती खां, जीवधन साव, अरुण कुमार, गुड्डू विश्वकर्मा सहित अन्य के नाम शामिल है।

# पलामू एसडीओ ने पांडू में पीएम आवास योजना का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड में बुधवार के दिन पहुंचे पलामू एसडीओ राजेश साह पीएम आवास योजना के कार्यों को लेकर किया समीक्षा बैठक। समीक्षा बैठक के दौरान पीएम आवास योजना के कार्यों में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जाहिर की। कहा किसी भी परिस्थिति में पीएम आवास योजना में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इस दौरान संबंधित कर्मियों को कार्य में सुधार लाने की भी बात कही। इसके बाद कुटमू पंचायत में पहुंच पीएम आवास योजना के लाभुकों से मिल कार्य में देरी का कारण पूछा एवं जमकर फटकार लगाई. कहा एक सप्ताह के अंदर आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों से तत्काल पैसों की रिकवरी कराया जाए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडू राहुल उरांव, प्रखंड समन्वयक संतन कुमार गुप्ता, बीपीओ रणधीर कुमार, सुनील पण्डेय, पंचायत सचिव नागेंद्र दुबे, रोजगार सेवक सुशील कुमार, पंचायत स्वयंसेवक जनक शर्मा, अनीता कुमारी, सभी पंचायत के मुखिया जी, सभी ब्लॉक कर्मी के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## भाकपा नेता को भातृ शोक



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा नेता रामेश्वर प्रसाद अकेला के छोटे भाई सुनील चंद्रवंशी (65 वर्ष) की मृत्यु बुधवार को अपराहन 3 बजे पैतृक आवास (थाना के सामने गली में) पर हो गई.वे किडनी, ब्लड प्रेसर, सुगर से ग्रसित थे। उनका इलाज लम्बे समय से चल रहा था। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर लोगो की भीड़ लग गई। वे हंसमुख व मिलनसार व्यक्ति थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। जानकारी के अनुसार उनका दाह संस्कार धमनी स्थित श्मशान घाट पर गुरुवार की सुबह किया जायेगा। मृत्यु की सूचना मिलने पर विश्वनाथ भंडारी, महेन्द्र चंद्रवंशी, गोपीचन्द चंद्रवंशी, काशी चंद्रवंशी, भाकपा नेता गणेश सिंह, खलील खां, गोपाल यादव, उदय चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, विनोद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया. समाचार लिखे जाने तक लोगो के आने जाने का सिलसिला जारी था।

## हरिहरगंज में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र अंतर्गत अररूआ खुर्द शनि मंदिर के समीप बुधवार को प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन अपर समाहर्ता पलामू सुरजीत कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने ने कहा कि यह कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री के द्वारा चलाया जा रहा है। इससे लोगों को सुलभ एवं सस्ती दवा मिलेगी जिससे आम जनों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस दुकान के खुलने से लोगों को दवा के भारी भरकम बिल के बोझ से छुटकारा मिलेगा। इस अवसर पर व्यवसायी सह समाजसेवी रविशंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी प्रोपराइटर गीता सिंह प्रमोद कुमार सिंह, एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह शिक्षक अजय कुमार सिंह, युगेश सिंह मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा संतोष सिंह, रिंकू सिंह, प्रोफेसर अमरेंद्र सिंह अरविंद कुमार सिंह जितेंद्र पासवान, सुनील यादव, रामाशंकर सिंह ब्रजेश सिंह, प्रज्ञा सिंह, प्राची सिंह, राघव पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## रोजा रखकर लोग अल्लाह की करते हैं इबादत : फिरदौस आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमजान का महीना मुस्लिमों में खास अहमियत रखता है। इस पूरे माह में लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। उक्त बातें नगर उंटारी मुखिया संघ के अध्यक्ष व कधवन पंचायत मुखिया फिरदौस आलम ने कही। उन्होंने कहा कि रोजा रखना हर मुसलमान के लिए बहुत जरूरी बताया गया हैं. रोजा का मतलब सिर्फ भूखे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है, मतलब हर बुराई एवं गुनाह से दूर रखा गया रोजा ही अल्लाह कबूल करते है.उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को खुदा से करीब करता है। पवित्र माह ए रमजान का रहमतों एवं बरकतों का महीना है.उन्होंने कहा कि पवित्र माह ए रमजान में अल्लाह की रहमत अपने नेक बंदे के ऊपर बरसती है जिसमें अल्लाह हर मुसलमानों के गुनाहों को माफ करता है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बेहद पाक होता है. इस महीने में बड़ों से लेकर बच्चों तक सभी रोजा रखते हैं। उन्होंने कहा की आपसी प्रेम दूसरे महीनों से कहीं ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है। बरकत के महीने में रोजे रखकर अपने गुनाहों पर माफी पा सकते हैं. ये महीना हमारे ईमान को तरोताजा रखता है।

## बंशीधर महोत्सव को लेकर डीसी ने किया जागरूकता रथ रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आगामी 8 एवं 9 अप्रैल को श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल मुख्यालय में होने वाले बंशीधर महोत्सव को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लोगों तक महोत्सव संबंधित जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर एवं उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा हरी झंडी दिखाकर दो रथ को रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि राजकीय महोत्सव के लिए विशेषकर रवाना किए गए रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को महोत्सव से संबंधित जानकारी देगी एवं महोत्सव से जुड़े प्रचार-प्रसार करेगी। रथ रवाना करते समय मौके पर उपस्थित डीआरडीए के निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अहमदनगर (मिरहियाडीह) में 450 बोझा गेहूं और 50 बोझा सरसों जलकर हुआ खाक



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत अहमदनगर (मिरहियाडीह) में एक किसान का 400बोझा गेहूं और 50 बोझा सरसों जल कर राख हो गया। घटना के संबंध मेंअजय कुमार मेहता पिता स्व. कन्हाई मेहता ग्राम अहमदनगर (मिराहियाडीह) थाना हुसैनाबाद के ने पुलिस को दिए आवेदन में लिखा है कि आज दिनांक 5/4/2023 दिन में अचानक मेरे खलिहान में रखा 400 बोझा गेहूं और 50 बोझा सरसों जल कर खाक हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अग्निशमन दल ने घटना स्थल पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# डाल्टेनगंज में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न, संयोजक मंडल का गठन

### 8 अक्टूबर को झारखंड आंदोलनकारी नए क्रांति का हुंकार भरेंगे : पुष्कर महतो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की एक बैठक बुधवार को टिकर टोली स्थित झारखंड आंदोलनकारी शंकर प्रसाद चौधरी के आवास में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा डाल्टनगंज संयोजक मंडल गठन किया गया. संयोजक मंडल शंकर प्रसाद चौधरी विकेश शुक्ला, प्रदीप सिन्हा, दीनानाथ उरांव व तुलसी शुक्ला, राम नारायण राम सर्वसम्मति से चुने गए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहां कि झारखंड आंदोलनका रियों को बेहतर झारखंड बनाने के लिए एक और आंदोलन करने की आवश्यकता है। 8 अक्टूबर को रांची के मोराबादी मैदान में राज्य भर के आंदोलनकारी बड़ी संख्या में जुटेंगे और अपने मान-सम्मान पहचान अभिमान की रक्षा के लिए हुंकार भरेंगे। संयोजक भुवनेश्वर केवट ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को अपने अधिकारों एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए मुखर होकर सामने आना होगा। अक्टूबर माह में झारखंड आंदोलनकारियों को अपनी चट्टानी एकता का परिचय देना होगा और केंद्र हो या राज्य की सरकार उनको आंख खोलना होगा जरूरत पड़ी तो झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा आर्थिक नाकेबंदी करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शंकर प्रसाद चौधरी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के लिए झारखंड आंदोलनकारी सम्मान विधियेक राज्य सरकार लाएं और सभी आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान पहचान पेंशन नियोजन दे. उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य निर्माण के मूल्य के आधार पर झारखंड में विकास के मॉडल बने। अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी विकेश कुमार शुक्ला जिला संयोजक विकेश शुक्ला ने कहा कि शीघ्र ही डाल्टनगंज जिला समिति की बैठक का आयोजन मुख्यालय में होगा। झारखंड आंदोलनकारी अब अपने मान-सम्मान पहचान स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे जरूरत पड़ी तो हम आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की जो बात करेगा झारखंड में वही राज्य करेगा। बैठक का संचालन प्रदीप कुमार सिन्हा ने की।

## वार्ड पार्षद चंचला देवी ने निजी खर्च से बनवाई सड़क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** शाहपुर के महादेव नगर में वार्ड पार्षद चंचला देवी ने निजी खर्च से सड़क का निर्माण कराई ।मेदनीनगर नगर निगम के वार्ड नंबर 33 की पार्षद चंचला देवी ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर के महादेव नगर में निजी घर से सड़क का निर्माण कराया।इस अवसर पर उनके साथ मोहल्ले के समाजसेवी विजय कुमार समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे। मामले में जानकारी देते हुए वार्ड पार्षद चंचला देवी ने कहा कि मोहल्ले वासी ने शिकायत की थी की सड़क नही होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इसके लिए सभी लोगो का खयाल रखते हुए निजी खर्च से सड़क का निर्माण कराया गया है ताकि लोगों को आवागमन करने में किसी प्रकार का परेशानी नहीं हो।

## पीएम आवास के दिव्यांग व गरीब लाभुक परिवारों को देनी होगी पहली प्राथमिकता : सरोज



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में पीएम आवास के दिव्यांग एवं गरीब लाभुक परिवारों को प्राथमिकता न देकर संपन्न लोगों को लाभ दिया जा रहा है। यह गरीबों के साथ अन्याय है। एनसीपी गरीबों के साथ हो रहे अन्याय को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उक्त बातें बुधवार को हरिहरगंज एनसीपी विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने नपं कार्यालय में सीएलटीसी संजय राणा को फटकार लगाते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिना राशि दिए दिव्यांग एवं गरीब परिवारों को पीएम आवास की किस्त की राशि नहीं दी जा रही है। हर हाल में गरीब परिवार को पहली प्राथमिकता देनी होगी। कहा कि पीएम आवास के लाभुक प्रथम किस्त के लिए वार्ड नं 14 के पिंकी देवी, 10 के मनोरमा देवी,5 के मुन्नी देवी, दूसरे किस्त के लिए वार्ड संख्या 8 के रीना देवी, रंजु देवी,राधा देवी,मंजु देवी सहित कई लोग नपं कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। उक्त लोगों ने बताया कि वगैर घुस के राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। घुस नहीं देने पर पैसा नहीं डाला जा रहा है। इस दौरान नपं के सीएलटीसी संजय राणा ने बताया कि 29 मार्च को मात्र एक दिन के लिए पैसा आया था। जिसमें 164 लाभुकों को ही तीसरे किस्त की राशि की भुगतान हो सकी। जबकि मई माह तक सभी लाभुकों को पीएम आवास की राशि भुगतान हो जाएगी। मौके पर एनसीपी नेता विजय कुमार सिंह, मो0 आबिद उर्फ मुन्ना, मो0 शमशाद, मृत्युंजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### रोड सेफ्टी के बारे में दी गई जानकारी

रांची। मोराबादी मैदान में आयोजित रेडियो ऑरेंज एस्पो मेला 2 अप्रैल 10 अप्रैल तक सड़क सुरक्षा समिति रांची के द्वारा पंपलेट वितरण एवं मेला में आए हुए लोगों को रोड सेफ्टी के बारे में विस्तृत जानकारी रोड सेफ्टी के डीआर एसएम जमाल अशरफ खान के द्वारा बताया गया। साथ ही जमाल खान के द्वारा बताया गया कि ओवर टेक के कारण भारत में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट होती है। हेलमेट , सीट बेल्ट, गोल्डन आवर के विषय में जानकारी दी तथा मेला में आए हुए लोगों को बताया की शहर के अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा एक्सीडेंट होती है । साथ ही रोड इंजीनियर गौरव कुमार ने बच्चों को कहा कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करनी चाहिए इससे ध्यान भटकता है जिसके कारण आपकी एक्सीडेंट भी हो सकती है।

### रांची चैंपियंस लीग सीजन-4, खेलेगा रांची जीतेगा रांची आज से

रांची: एक तरफ देश में आईपीएल में क्रिकेट का बुखार सर चढ़कर बोल रहा है, वहीं दूसरी तरफ राँची में कैनवस क्रिकेट के सितारे भी अपना जलवा बिखेरने के लिए पूरी तरीके से तैयार है। जेसीआई राँची द्वारा आयोजित (राँची चैंपियंस लीग) का आयोजन जिमखाना क्लब क्रिकेट ग्राउंड राँची में 6, 7, 8 एवं 9 अप्रैल 2023 को किया जा रहा है। जिसमें राँची के 12 प्रतिष्ठित संस्थान हिस्सा ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट दूधिया रोशनी में खेला जाएगा जिसमें कुल 12 लीग मैच, 2 सेमीफाइनल एवं 1 फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। इस क्रिकेट के महासंग्राम में राँची के खिताब के लिए जैन युवा जागृति, जेसीआई राँची, बी एन आई, आईसीएआई, शारदा फाउंडेशन, सिख युथ, झारखंड कंप्यूटर ट्रेडर एसोसिएशन, सी के डी, जिमखाना क्लब, गुजराती पटेल समाज, मानव फाउंडेशन एवं मारवाड़ी ब्राह्मण समाज हिस्सा ले रहे हैं।

# एनआईए ने आठ नक्सलियों को किया मोस्ट वांटेड घोषित

**इन नक्सलियों में सचिन मार्डी, अमित मुंडा, प्रभात मुंडा, गुलशन मुंडा, रवि, अतुल महतो, प्रदीप मंडल और एनम हस्सा पूर्ति शामिल हैं।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के सरायकेला-खरसांवा जिले के तिरूलडील थाना के पांच पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोपित आठ नक्सलियों को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मोस्ट वांटेड घोषित कर दिया है। उन पर 19 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है।

बताया जाता है कि 14 जून 2019 को सरायकेला जिले के तिरूलडीह के कुकुरूहाट बाजार में भाकपा माओवादियों ने पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। हमले में पांच पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे।

वारदात के बाद पुलिसकर्मियों के दो पिस्टल, 70 जिंदा कारतूस, तीन इंसास राइफल व उसके 550 राउंड कारतूस, 10 मैगजीन, मोबाइल फोन भी लूटे गए थे और नक्सलियों ने पुलिस वाहन को भी आग के हवाले कर दिया था। वायरलेस के जरिए थाने को सूचना न दी जा सके, इसके लिए वायरलेस भी लूट लिया था।

अब इस मामले को एनआईए ने टेकओवर कर लिया है। इन नक्सलियों में सचिन मार्डी, अमित मुंडा, प्रभात मुंडा, गुलशन मुंडा, रवि, अतुल महतो, प्रदीप मंडल और एनम हस्सा पूर्ति शामिल हैं।

# कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने अपने मंत्रियों को किया अपमानित : दीपक प्रकाश


**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के तानाशाही वाले बयान पर कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद तानाशाही की फैक्टरी है। तानाशाही कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस का इतिहास पार्टी के व्यक्ति विशेष और परिवार विशेष की तानाशाही से भरा पड़ा है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी ने भाजपा के आरोपों की पुष्टि कर दी लेकिन सार्वजनिक बयान देकर अपने पार्टी के मंत्रियों को अपमानित किया है। कांग्रेस प्रभारी ने अपने वक्तव्य से राज्य सरकार की क्रियाकलापों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। प्रकाश ने कहा कि प्रदेश भाजपा लगातार राज्य सरकार की विफलताओं को सदन से सड़क तक उजागर कर रही है। यह भी सच है कि हेमंत सरकार की लूट और झूठ में कांग्रेस पार्टी बराबर की भागीदार है। मुख्यमंत्री को कांग्रेस प्रभारी के द्वारा मंत्रियों के संबंध में दिए गए बयानों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सरकार के मुखिया के नाते उन्हें पूरी तरह पता होगा कि कांग्रेस के मंत्रियों में कौन कितना और किस तरह विफल साबित हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के तानाशाही वाले बयान पर कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद तानाशाही की फैक्टरी है। तानाशाही कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस का इतिहास पार्टी के व्यक्ति विशेष और परिवार विशेष की तानाशाही से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के चाहे सांगठनिक निर्णय हों या कांग्रेस की सरकारों के निर्णय हों अनेक बार तानाशाही उजागर हुई है।

# जेईई मेन परीक्षा आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची में जेइइ मेन के लिए केवल एक सेंटर बनाया गया है। यह सेंटर आइऑन डिजिटल जोन तुपुदाना है। पहले दिन रांची सेंटर पर करीब 1150 विद्यार्थी होंगे शामिल होंगे। इसके अलावा राज्य के सात जिलों में आज से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेइइ मेन शुरू हो रहा है। यह अप्रैल सत्र की परीक्षा है। इस बार की परीक्षा स्टूडेंट्स के लिए कई मायने में अलग होने वाली है। अब तक सेंटर पर सीट और टेस्टिंग लैब की जानकारी दी जाती थी, पर इस बार स्टूडेंट्स को जो एडमिट कार्ड दिया गया है, उसमें दिए गए कोड रीडर को स्कैन कर सीट और लैब की जानकारी स्टूडेंट्स ले सकते हैं। जेइइ मेन की परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह नौ से 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर बाद तीन बजे से शाम छह बजे तक होगी। जारी गाइडलाइन के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्रों में एंट्री बंद कर दी जायेगी। स्टूडेंट्स को परीक्षा केंद्र पर रफ कार्य के लिए रफ शीट उपलब्ध करायी जायेगी। दिव्यांग उम्मीदवार को एक घंटा अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

# गोद लिए बच्चों को पढ़ा रहा है डोरंडा महाविद्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय रांची के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवकों द्वारा गोद लिए गए खिजरी गांव के मिडिल स्कूल के बच्चों को निशुल्क पढ़ाया जा रहा है।

यह कार्यक्रम 17/3/2023 से सरकारी विद्यालय में पढ़ाने एवं विद्यालय सुंदरीकरण के सर्वे के साथ शुरू हुआ। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर बीपी वर्मा ने बताया कि यह अभियान बच्चों और उनके माता -पीता को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए है।



एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर मिस शालिनी के अनुसार यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को इस पूरे वर्ष चलाया जाएगा। बीस स्वयंसेवकों का समूह हर रविवार को गोद लिए हुए गांव में बच्चों को पढ़ाएंगे। इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अमन, स्वाति, रिमी, संकल्प, नीतू, गोलू, सपना, कंचन,सृष्टि और प्रशांत आदि का योगदान सराहनीय है।

# महिला और दो बच्चे का जला हुआ शव बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बुधवार का दिन रांची जिला अंतर्गत ठाकुर गांव के बगदा जंगल से दिल दहला देने वाली सूचना आई। बताया गया कि ठाकुर गांव थाना अंतर्गत बगदा जंगल जो रांची रामगढ़ का सीमावर्ती क्षेत्र कहलाता है , यहां पर एक महिला और दो बच्चे का शव जला हुआ पाया गया । इस खबर के बाद न सिर्फ ठाकुरगांव बल्कि पूरे झारखंड में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अपने स्तर से देर शाम तक छानबीन की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं कर सकी। इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि दुखद घटना है। घटना की जानकारी जब ठाकुर गांव पुलिस को हुई तो वह घटनास्थल पर पहुंची ।



शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हत्या कहीं और की गई है और शव लाकर जंगल में फेंक दिया गया है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन में जुट गई है। शव को शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम विभाग रिम्स में भेजा गया है । बताते चलें कि इससे पहले भी तमाड़ थाना क्षेत्र से एक जला शव बरामद किया गया था, जिसे ग्रामीण एसपी नौशाद आलम और बुंडू डीएसपी अजय कुमार के नेतृत्व में शिनाख्त कर ली गई थी।

# होटवार जेल में मारी गई छापेमारी

**हालांकि छापेमारी के दौरान कुछ भी बरामद नहीं हुआ।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बुधवार को सुबह रांची एसडीएम दीपक दुबे के नेतृत्व में होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल औचक निरीक्षण किया गया।

मौके पर सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, सिटी डीएसपी रांची दीपक कुमार ,सदर




डीएसपी प्रभात बरवार , साइबर डीएसपी यशोधरा सहित कई पुलिसकर्मी गण शामिल रहे। बता दें कि हाल के दिनों में यह खबरें आई थी कि धनबाद जेल में गैंगवार की सूचना और रांची जेल में बंद दो आरोपियों का कैदी वाहन में लड़ाई झगड़ा करने की बातें सामने आई थी, साथ ही जेल से मोबाइल द्वारा रंगदारी मांगने की भी खबरें प्रकाशित होती रही है। इन सब बातों को सुनने के बाद समीक्षा की गई और अचानक फिर छापेमारी की गई, हालांकि छापेमारी के दौरान कुछ भी बरामद नहीं हुआ।

# दस जून की घटना के मामले में कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ किया आरोप गठित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बीते दस जून 2022 को डेली मार्केट थाना क्षेत्र में हुई हिंसा के मामले में कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 10 ने ग्यारह आरोपियों खिलाफ आरोप गठित किया है, जिसके बाद अब कोर्ट ट्रायल की प्रक्रिया शुरू करेगी।

कोर्ट ने जिन आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित क्या है उनमें मुख्य रूप से मो. उस्मान, मो. अफसर, मो. शाहबाज,तबारक कुरैशी,




अफसर, अरमान हुसैन, मो सरफराज, मो इरफान का नाममो रमजान, मो अमजद, मो माज शामिल है।

इन धाराओं के तहत चलेगा आरोपियों पर केसः आरोपियों पर केस में 147, 148, 149, 120 (बी), 295(ए), 153(एए), 153(ए), 341, 332, 333, 353, 307, 379, 511, 324, 325, 326 और आर्म्स एक्ट की धारा 27 समेत प्रीवेन्शन ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत ट्रायल चलेगा। इस संबंध में रांची सीओ अशोक भगत द्वारा डेली मार्केट थाना में कांड संख्या 17/2022 दर्ज करवाया गया है, इस मामले की जांच सीआईडी कर रही है। बता दें कि इस घटना में दो युवकों की गोली लगने से मौत हो गई थी।

# उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस की आंतरिक व्यवस्था का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस की आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस की आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा।

समय-समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

# शिवशंकर को साहित्य सम्मान और रूपम को विजयलक्ष्मी युवा पुरस्कार दिया जायेगा

**रांची :** राज्य में साहित्य जगत के प्रतिष्ठित लेखक महादेव टोप्पो को विश्वंभर स्मृति झारखंड साहित्य सम्मान आठ अप्रैल को दिया जायेगा। इसके अलावा विश्वंभर फाउंडेशन की ओर से विजयलक्ष्मी युवा सम्मान रूपम झा को मिलेगा। ये दोनों पुरस्कार इसी वर्ष से शुरू किये गये हैं। फाउंडेशन की ओर से रांची में आयोजित होनेवाले साहित्य सम्मान समारोह में इन दोनों के अलावे मिथिला के साहित्यकार शिवशंकर श्रीनिवास को विश्वंभर मैथिली साहित्य सम्मान दिया जायेगा।

# चिटफंड कंपनी से ठगे जाने के बाद पैसे वापसी के लिए कतार में खड़े रहे भुक्तभोगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** चिटफंड कंपनी द्वारा गरीबों की गाढ़ी कमाई को ठगकर फरार हो जाने वाले ऐसे कंपनियों के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकार ने मुहिम छेड़ दी है। सहारा ,पल्स सहित करीब 60 से अधिक नन बैंकिंग कंपनियां है , जो गांव में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जा जाकर गरीबों से उसके मेहनत के पैसे लेकर उन्हें सपने दिखाने का काम किया। गरीबों अपना पैसे जमा देते गए और एकाएक यह नन बैंकिंग कंपनियां रफूचक्कर हो गए, लेकिन राज्य सरकार ने विश्वास



जताया है कि सभी नन बैंकिंग कंपनियों से जो फरार हो चुके हैं , उनसे सभी भुक्तभोगी को पैसे दिलाई जाएगी। इसी उम्मीद के साथ बुधवार को रांची जिला उपायुक्त के समाहरणालय परिसर में भुक्तभोगियों ने कतार बद्ध होकर अपना आवेदन देकर पैसे वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। जोन, सुनीता, विनोद, राजेश ने बताया कि करीब 2015-16 से पैसे रख रहे हैं, 1250 रुपए करके जमा करा था और एक कंपनी भाग गई। जिला प्रशासन ने बताया कि सभी के पैसे वापस मिलेंगे इसके लिए आवेदन, पासबुक ,आधार कार्ड और कंपनी का कागज जमा करें। अब देखते हैं कि चिटफंड कंपनी से पैसे वापस आएगी या फिर यहां भी हम लोग ठगे जाएंगे।

# आज भाजपा मनाएगी 44वां स्थापना दिवस, तैयारियां पूरी

**जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष एवं मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष पार्टी का ध्वज लगाएंगे।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश भाजपा गुरुवार को पार्टी का 44वां स्थापना दिवस बूथ स्तर तक धूमधाम से मनायेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें कार्यालय एवं घरों पर पार्टी का झंडा लगाना, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन सुनना और फिर दीवारों पर कमल निशान पोतना जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रातः 8.30 बजे प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पार्टी का ध्वज लगाएंगे। इसके बाद 9.30 बजे पूर्वाह्न से प्रदेश कार्यालय के सभागार सहित सभी जिला, मंडल के



कार्यालयों, बूथों पर कार्यकर्ता ध्वज लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का संबोधन सुनेंगे। जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष एवं मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष पार्टी का ध्वज लगाएंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दीवार पर कमल निशान बनाकर अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके एक घंटा बाद सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष दीवार पर कमल निशान बनाएंगे। इसके एक घंटा बाद जिला अध्यक्ष और फिर एक घंटा बाद मंडल अध्यक्ष दीवार पर कमल निशान बनाएंगे।

# भारतीय छात्र को लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्रताड़ित करना दुर्भाग्यपूर्ण : अभाविप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि भारतीय छात्र करण कटारिया के साथ लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में भेदभाव, दुर्भावनापूर्ण व्यवहार तथा भारतीय पहचान के कारण प्रताड़ित किए जाने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के छात्र-छात्राओं के सबसे प्रमुख तथा विशाल छात्र संगठन के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, युवाओं के साथ सम्मानपूर्ण, गरिमामय, लोकतांत्रिक तथा मानवीय मूल्यों के अनुरूप व्यवहार किए जाने की पक्षधर है। अभाविप ने भारतीय शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न छात्र संघ चुनाव जीते हैं, अभाविप शैक्षणिक परिसरों में लोकतांत्रिक मूल्यों तथा विविधता के सम्मान की पक्षधर है।भारत ने लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप विविधतापूर्ण समाज तथा संस्कृति को सभी क्षेत्रों में समान अवसर तथा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर समूचे विश्व के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अभाविप का स्पष्ट मत है कि छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक संस्थानों में महत्वपूर्ण हितधारक मानते हुए उनके मतों को गंभीरता से लेकर उचित समावेशन होना चाहिए। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में भारतीय छात्र के साथ उनकी राष्ट्रीयता तथा वैचारिकी के लिए दुर्भावनापूर्ण व्यवहार तथा प्रताड़ित किया जाना निंदनीय है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा खलारी मंडल महिला मोर्चा ने सफाई अभियान चलाया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड प्रदेश के द्वारा सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह के कार्यक्रम के तहत भाजपा महिला मोर्चा खलारी मंडल के द्वारा हुताप



पंचायत के शांति नगर डेम धौड़ा में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान चलाया गया. सफाई अभियान खलारी मंडल भाजपा महिला मोर्चा के सरोजनी देवी की अध्यक्षता में किया गया. मौके पर लक्ष्मी देवी,सोनी देवी,पैरों देवी, फुल मनी देवी, रीना देवी,खुशी कुमारी,आशी परी कुमारी,आरोही कुमारी, आरती देवी सहित अन्य मौजूद थे.

### बिजली उपभोक्ता मित्र का मैक्लुस्कीगंज में खौफ

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैकलुस्कीगंज में इन दिनों बिजली विभाग के ऊर्जा मित्र का ख़ौफ़ सर चढ़कर लोगों में है।ऊर्जा मित्र के कारण लोगों को जहाँ पैसे अधिक लग रहा है वहीं बिजली बिल सही करने के नाम पर उपभोक्ताओं को चुना भी लगा रहे है। बिल का पैमेंट करने के बाद भी पुनः बड़ी राशि का बिजली बिल उपभोक्ताओं के पास आना, ऐसा लगता है कि कोई गिरोह है जो अधिकारियो के साथ मिलकर उपभोक्ताओं को लूटने की योजना पर काम कर रहा है। क्षेत्र के ऊर्जा मित्रो की एक अलग कहानी है एक चौमिन बेचने वाले एक दुकानदार का कहना था कि उसके यहाँ एक ऊर्जा मित्र जिसका नाम संतोष कुमार है उसके यहाँ अपने दोस्तों के साथ चौमिन वगैरह खाया जिसका बिल 500 बना तब जबरदस्ती 300 दिया और धमकी भी दिया कि और पैसा मांगोगे तो ठीक नही होगा।इधर बिजली उपभोक्ता बताते है कि अक्सर लोगो के बिल में गड़बड़ी रहती है, बिल सुधरने के नाम पर भी ऊर्जा मित्र ग्रामीणों से अवैध वसूली करते है,वहीं जो ग्रामीण इनके झांसे में नही आते उसका बिजली काटने की धमकी भी देते है।ये भी सूचना है कि ये ऊर्जा मित्र एक नई योजना लेकर फील्ड में घूम रहे है।ये लोग ऐसे लोगो का बकाया बिजली बिल लेकर घूम रहे है जिनकी मृत्यु 30,40 वर्ष पूर्व हो चुका है।उनके नाम का बकाया बिजली बिल उनके परिजनों को दिया जा रहा है और कहा जा रहा है कि बिल जमा कर दीजिए नही तो बिजली काट दिया जाएगा।अब सवाल उठता है कि उनके परिजनों को क्या मालूम कि उसके बाप दादा कितना बिजली विभाग का बकाया रखकर मर गए।लोगों का यह भी कहना है कि सन्तोष कुमार उपभोक्ताओं को ये कह रहा है कि हम कुछ कम में सेटल (हेरा फेरी) कर देंगे।सवाल यह भी उठता है कि इतने दिन तक विभाग के लोग कहा सोये थे ऊर्जा विभाग द्वारा लगाए जाने वाले ऊर्जा मेले में ये बातें विभाग क्यो नही ग्रामीणों के समक्ष रखता है। इस पूरे प्रकरण पर गौर करने से ऐसा लगता है कि इस सरकारी संस्थान का आड़ लेकर कुछ लोग जिसमे विभाग के भी अधिकारियो की साठ गाँठ है एक सुनियोजित योजना बनाकर उपभोक्ताओं को लूटने के फिराक में लगे है। इधर उर्जा मित्रो की कारस्तानी से मैकलुस्कीगंज के बिजली उपभोक्ताओं में रोष है,अगर यही रवैया रहा तो ग्रामीण बाध्य होकर ग्रिड का घेराव करने से लेकर अन्य आंदोलन को बाध्य हो जायेंगे। वही इस संबंध में मंडार कनीय अभियंता से पूछे जाने पर बताया कि जो भी ऊर्जा मित्र है उस पर तुरंत कार्रवाई की जायेगी।

# आईएचएम ब्राम्बे रांची के छात्रों का यूएसए के एनएम हॉस्पिटैलिटी ग्रुप में अंतराष्ट्रीय प्लेसमेंट










**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ब्राम्बे राँची का अंतराष्ट्रीय बाजार में बड़ी छलांग। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ब्राम्बे राँची में बी.एससी इन हॉस्पिलेटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम के तीन छात्रों श्री अंकित राज, श्री नवीन निश्चल तिग्गा एवं श्री दलाल विपुल मोरेश्वर का अमेरिका के एनएम हॉस्पिटैलिटी के स्टैबरीज़ सुइट्स, पिट्सबर्ग एयरपोर्ट होटल में कुल 18 लाख वार्षिक पैकेज के साथ अंतराष्ट्रीय प्लेसमेंट हुआ। यह पाठ्यक्रम एनसीएचएमसीटी, नॉएडा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय से द्वारा संचालित की जाती है। इससे पहले संस्थान में देश- विदेश के प्रतिष्ठित होटल कंपनियों तथा सेवा क्षेत्र संबंधित संस्थाओं जैसे होटल सीलाइनबीच रिसोर्ट, क़तर, रिलायंस ग्रुप, ताज ग्रुप, रोजिएट होटल्स एवम रिजॉर्ट्स, बर्मन हॉस्पिटैलिटी, द पार्क होटल्स, आदित्य बिड़ला, एमआरपीएल, लेमन ट्री, ईजीडायनर, जस्ता होटल्स, पोस्टकार्ड एवम अन्य द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में भी संस्थान के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखा कर शतप्रतिशत प्लेसमेंट प्राप्त किया है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार द्वारा तीनो सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए बताया की संस्थान छात्रों को बदलते समय के मुताबिक उत्कृष्ट शिक्षा तथा बेहतर हुनर के साथ साथ देश विदेश में रोजगार मुहाया कराया जा रहा है, जिससे छात्र देश में हीं नहीं अपितु विदेशों में भी बेहतर भविष्य का निर्माण करने में सक्षम हो रहे हैं।

# खूंटी जिला युवा कांग्रेस की टीम के नेतृत्व में बुंडू टोल प्लाजा किया गया जाम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

खूंटी : जिला युवा कांग्रेस की टीम के नेतृत्व में NH33 रांची जमशेदपुर रोड पर स्थित बुंडू टोल प्लाजा को राहुल गांधी के सम्मान में चक्का जाम किया गया। जिस प्रकार केंद्र सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर राहुल गांधी की सदस्यता निरस्त किया कहीं ना कहीं वह गलत था। टोल प्लाजा जाम करने में स्थानीय लोगों का भी काफी सहयोग रहा जिससे यह पता चलता है की लोग केंद्र सरकार की नीति से यह कर सकते हैं मोदी सरकार से काफी रोष है। मौके में झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत ने केंद्र सरकार को निशाना साधते हुए कहा की अगर केंद्र सरकार अपनी गंदी राजनीति से बाज नहीं आएगी तो युवा कांग्रेस आम जन लोगों के साथ केंद्र सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फेकेगी। साथ ही सह प्रभारी शादाब खान ने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और मोदी अपने प्रिय मित्र को पैसे जो कहीं ना कहीं पब्लिक का है उसको तोहफा स्वरूप दे रहे हैं। साथ ही खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने कहा कि मोदी को जवाब देना होगा की उसके मित्र अदानी 8 वर्षो में कैसे 609 वां स्थान से दूसरे नंबर के सबसे धनी व्यक्ति बन गए हैं। मौके में मुख्य रूप से रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, रांची जिला उपाध्यक्ष रोशन महतो खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, तमाड विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पांडे तोरपा विधानसभा अध्यक्ष माइकल ,मुरुहु प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, कोल्हान संयोजक सोशल मीडिया प्रकाश महतो,बहा मुंडा, एंजिला हंस, बहलेन, गुरुदेव, निर्मल , विवेक, पर्जित, विजय, दशरथ, निकोदिन, महिमा , जितेंद्र मुंडा, कमलेश, भीम, श्रवण, सुमित पांडे, सुफियान खान, मोहम्मद कैफ, निशिकांत , अभी सैकड़ों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लोवाडीह में शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची/नामकुम :** देश के महान सपूत चुहाड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिकारी शहीद रघुनाथ महतो का शहादत पर पुराना हाईटेंशन इंसुलेटर फैक्टरी के सामने स्थित आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के स्वस्थ मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो अंग्रेजों के खिलाफ जो विद्रोह किया था उसे चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है।

उन्होंने अपना गांव,अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज के नारा दिया था। ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ जल, जंगल, जमीन के बचाव तथा नाना प्रकार के शोषण से मुक्ति के लिए 1766 में जो आन्दोलन आरम्भ किया उसे %चुआड़ विद्रोह% का नाम दिया गया। विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो एक भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे, जिन्होने 1769-78 में अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। चुआड़ विद्रोह, छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह किया था। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो एक महान सपूत थे जो जल, जंगल के लिए लड़ाई लड़ते थे। पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश ने शहीद रघुनाथ महतो की विस्तृत जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, बनमाली मंडल, अंतु तिर्की, रणधीर चौधरी, आयोजन समिति के अध्यक्ष कौशल्या देवी, कार्यकारी अध्यक्ष शत्रुघन महतो, कोषाध्यक्ष जनक महतो, हेमन्त महतो, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोनका में टेम्पो व मोटर साईकल में सीधी भिड़ंत

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के कोनका में टेम्पो व मोटर साईकल में सीधी भिड़ंत, बालक समेत तीन घायल. प्राप्त जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज में लगने वाली साप्ताहिक हाट से टेम्पो सवार लोग इसी थाना क्षेत्र के बसरिया गांव जा रहे थे. इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही एक मोटर साईकल नम्बर जेएच01सीवाई 7590 सवार से आपस में सीधी भिड़ंत हो गयी.


## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई–निविदा सूचना संख्या–12/2022-23 दिनांकः 03.04.2023

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 213, दिनांक 14.03.23 (DMFT)

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापपुर | बभने | महुगाई | ग्राम महुगाई के प्राथमिक विद्यालय में दो कमरा निर्माण | 2133300 | 5000 | 43000 | 04 माह |
| 2 | प्रतापपुर | बभने | गुरिया | उ0म0वि0 गुरिया में तीन वर्ग कक्ष एवं शौचालय निर्माण | 5844400 | 10000 | 116900 | 06 माह |
| 3 | प्रतापपुर | बभने | सोनवर्षा | ग्राम सोनवर्शा मुख्य पथ से पंचायत भवन होते हुए प्रतापपुर सीमाना तक पीसीसी पथ निर्माण | 3104200 | 5000 | 62500 | 03 माह |
| 4 | प्रतापपुर | मोनिया | बिचकिला | ग्राम बिचाकिला में बेली रोड से समीम मिया के घर तक PCC पथ निर्माण | 4414800 | 5000 | 88500 | 03 माह |
| 5 | प्रतापपुर | मोनिया | बोधना किशनपुर | ग्राम बोधाना बिशनपुर में अकबर मियां के घर से अंजन शहीद तक पीसीसी पथ निर्माण | 2492200 | 5000 | 50000 | 03 माह |
| 6 | प्रतापपुर | मोनिया | मोनिया | ग्राम मोनिया में सुखो मिस्त्री के घर बजरंगबली तक पीसीसी पथ निर्माण | 3060800 | 5000 | 61500 | 03 माह |
| 7 | प्रतापपुर | चन्द्रीगोविन्दपुर | पचमो | दयानन्द दास के घर से धनेश्वर यादव के घर तक पीसीसी पथ एवं पुलिया निर्माण | 2203000 | 5000 | 44500 | 03 माह |
| 8 | प्रतापपुर | चन्द्रीगोविन्दपुर | चन्द्रीगोविन्दपुर | आर0ई0ओ0 रोड सतन पाण्डेय के घर से शेखर पाण्डेय के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 1977000 | 5000 | 40000 | 03 माह |
| 9 | प्रतापपुर | चन्द्रीगोविन्दपुर | मोहनपुर | ग्राम मोहनपुर संजय यादव के घर से बाघाकोला सीमाना तक पक्की नाली निर्माण | 5339700 | 10000 | 106800 | 04 माह |
| 10 | प्रतापपुर | चन्द्रीगोविन्दपुर | चन्द्रकला | ग्राम चन्द्रीकला में चन्द्री मोड़ से कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ निर्माण | 2180200 | 5000 | 43700 | 03 माह |
| 11 | प्रतापपुर | सिजुआ | हारा | ग्राम हारा में आर0ई0ओ0 रोड से पंडित जी के घर होते हुए लालू गंझू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 2702600 | 5000 | 54500 | 03 माह |
| 12 | प्रतापपुर | सिजुआ | हारा | ग्राम हारा में आंगनवाड़ी केन्द्र से रंग लाल पासवान के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 2240300 | 5000 | 45000 | 03 माह |
| 13 | प्रतापपुर | सिजुआ | सिजुआ | ग्राम सिजुआ में आर0ई0ओ0 रोड से पनघटवा स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2040300 | 5000 | 41000 | 03 माह |
| 14 | प्रतापपुर | सिजुआ | मैरागखुर्द | ग्राम मैराग खुर्द में आर0ई0ओ0 रोड श्मशान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण | 1813300 | 5000 | 36500 | 03 माह |
| 15 | प्रतापपुर | सिजुआ | मटकोमा | ग्राम मतकोमा में आयुर्वेद से स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण | 3164600 | 5000 | 63500 | 03 माह |
| 16 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | प्रतापपुर | ग्राम प्रतापपुर में रामास्वरुप प्रसाद के घर से खैरा तक पक्का नाला निर्माण | 2484900 | 5000 | 50000 | 03 माह |
| 17 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | गोमे | ग्राम गोमें आर0 ई0 ओ0 रोड से जगमोहन ठाकुर के घर होते हुए मनीष पासवान के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 2044500 | 5000 | 41000 | 03 माह |
| 18 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | कारूडीह | ग्राम करूडिह राजेश यादव के घर से रामदेव यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 1848700 | 5000 | 37000 | 03 माह |
| 19 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | कोसियारा | ग्राम कोसियारा मुरारी यादव के घर से सिदकी सीमाना तक पीसीसी पथ निर्माण | 1432700 | 2500 | 29000 | 03 माह |
| 20 | प्रतापपुर | घोड़दौड | घोड़दौड | ग्राम घोडदौड महेन्द्र पासवान के घर से आम के पेड तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1063000 | 2500 | 21500 | 03 माह |
| 21 | प्रतापपुर | घोड़दौड | हरहद | ग्राम घुड़दौड़ में सुरज दांगी के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय तक पीसीसी पथ निर्माण | 3004100 | 5000 | 60500 | 03 माह |
| 22 | प्रतापपुर | घोड़दौड | करिहारा | ग्राम कटिहारा मुख्य पथ से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुरमीटोला तक पथ निर्माण | 2541900 | 5000 | 51000 | 03 माह |
| 23 | प्रतापपुर | घोड़दौड | दुलीगड़ा | ग्राम दुल्लीबिगहा महादेव यादव के घर से बथान तक पीसीसी पथ निर्माण | 3980600 | 5000 | 80000 | 03 माह |
| 24 | प्रतापपुर | घोड़दौड | कोल्माल्हन | ग्राम कोल्माल्हन देवी गंझू के घर से सूचित गंझू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 1617500 | 5000 | 32500 | 03 माह |
| 25 | प्रतापपुर | भरही | मारका | ग्राम मारका में रामजी यादव के घर से केदार यादव के घर होते हुए बसबुता सिमाना तक P.C.C. पथ निर्माण | 1995500 | 5000 | 40000 | 03 माह |
| 26 | प्रतापपुर | भरही | भरही | ग्राम भरही में शम्भू साव के घर से अजीम खान तक P.C.C. पथ निर्माण | 2469300 | 5000 | 49500 | 03 माह |
| 27 | प्रतापपुर | भरही | जोलाहबिघा | ग्राम जोलाहबिघा में राजदेव यादव के घर से रामबिलाश चौधरी के घर तक P.C.C. पथ निर्माण | 1870500 | 5000 | 37500 | 03 माह |
| 28 | प्रतापपुर | भरही | राजपुर | ग्राम राजपुर में रामस्वरूप साव के घर से बहियाँ टोली होते हुए आंगनबाड़ी केंद्र तक पीसीसी पथ निर्माण | 2834900 | 5000 | 57000 | 03 माह |
| 29 | प्रतापपुर | भरही | जोलाहबिघा | ग्राम जोलाबिघा में स्कूल से भुइयां टोली तक पीसीसी पथ निर्माण | 2471400 | 5000 | 49500 | 03 माह |
| 30 | प्रतापपुर | सिदकी | मझगावा | ग्राम मंझगांवा राजकुमार यादव के घर से बासु भुईयां के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 3153600 | 5000 | 63500 | 03 माह |
| 31 | प्रतापपुर | सिदकी | ननईकला | ग्राम ननईकला में बजरंगी लोहार के घर से मेन रोड आर0ई0ओ0 रोड तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1721100 | 5000 | 34500 | 03 माह |
| 32 | प्रतापपुर | सिदकी | सतबहीनी | ग्राम सतबहीनी में कुलेश्वर यादव के घर से टिकर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2427600 | 5000 | 49000 | 03 माह |
| 33 | प्रतापपुर | सिदकी | ननईकला | ग्राम ननईकला मे तेतर यादव के घर से ललीता देवी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1127800 | 2500 | 23000 | 03 माह |
| 34 | प्रतापपुर | सिदकी | जिरवावर | ग्राम जिराबार मे नीम पेड से समीम कुरैशी के घर तक पी0सी0सी पथ निर्माण। | 4948000 | 5000 | 99000 | 03 माह |
| 35 | प्रतापपुर | जोगीडीह | कल्याणपुर | ग्राम कल्यानपुर मेन रोड से निचे कल्यानपुर तक पीसीसी पथ एवं पुलिया निमार्ण | 3164600 | 5000 | 63500 | 03 माह |
| 36 | प्रतापपुर | जोगीडीह | महुगाई | ग्राम महुंगाई पिपराही आहर से मंदिर होते रामवृक्ष यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 3125800 | 5000 | 63000 | 03 माह |
| 37 | प्रतापपुर | जोगीडीह | गिद्धा | ग्राम गिद्धा बिन्दा देवी के घर से अखाडा होते हुए डोमन साव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1512200 | 5000 | 30500 | 03 माह |
| 38 | प्रतापपुर | गजवा | दरगाही ईशुनूर | ग्राम गजवा मेन रोड से में देवी स्थान तक पीसीसी पथ निर्माण | 3411900 | 5000 | 68500 | 03 माह |
| 39 | प्रतापपुर | गजवा | ससगदा | ग्राम ससगदा में समसुदीन मियां के घर से पाती सिमाना तक पीसीसी पथ निर्माण | 4133100 | 5000 | 83000 | 03 माह |
| 40 | प्रतापपुर | गजवा | गजवा | ग्राम बाघा कोला में महंगु यादव के घर से प्राथमिक विद्यालय होते हुए मेन रोड भुसिया तक पीसीसी पथ निर्माण | 2883400 | 5000 | 58000 | 03 माह |
| 41 | प्रतापपुर | गजवा | गजवा | ग्राम गजवा में मेन रोड से सचिवालय भवन होते हुए मस्जिद मेन रोड तक पीसीसी पथ निर्माण | 2638400 | 5000 | 53000 | 03 माह |
| 42 | प्रतापपुर | जोगीयारा | जोगीयारा | अमलेश भारती के घर से बालो भारती के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 1520800 | 5000 | 30500 | 03 माह |
| 43 | प्रतापपुर | जोगीयारा | मैरागकला | मैराग कला में पुल निर्माण तथा रोड छठ दास के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 6541000 | 10000 | 131000 | 04 माह |
| 44 | प्रतापपुर | जोगीयारा | बामी | ग्राम बामी में लखन महतो के घर से कमरु मीया के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 3128200 | 5000 | 63000 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15/04/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 17.04.2023 से 24.04.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा एवं जिला नियंत्रण कक्ष चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.04.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में ''जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा'' के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.294512 District(23-24):D



## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

**(द्वितीय) इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या – 02/2022–23**

**दिनांक – 03.04.2023**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत निर्मित दुकानो की आवंटन समयावधि अप्रैल 2023 से मार्च 2026 तक के लिए की जानी है जिसमे निबंधित संस्था/प्रतिशठान/अच्छे आचरण वाले व्यक्ति प्रति दुकान के लिए आवेदन शूल्क– 1000/– (एक हजार) रूपये जमा कर नगर पंचायत कार्यालय से दिनांक – 08.04.2023 से 13.04.2023 तक कार्यालय दिवस में आवेदन प्राप्त कर जमा किया जा सकता है। निबंधित डाक से प्राप्त आवेदनो को दिनांक 20.04.2023 से 21.04.2023 तक सत्यापन की जायेगी एवं दिनांक – 24.04.2023 से 25.04.2023 तक आपति निराकरण की जायेगी तथा दिनांक 27.04.2023 को दुकानो की बन्दोबस्ती की जायेगी। नियम व शर्त के अनुसार अन्य कागजात आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। तय समयावधि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। दुकानो का आवंटन उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में गठित कमिटि के सदस्यों के समक्ष कार्यालय, नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा तैयार सूची को प्राथमिकता दी जायेगी एवं लॉटरी के माध्यम से की जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को स्थगित / रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को रहेगा। दुकानो की बन्दोबस्ती की विवरणी निम्नवत है –

| क0सं0 | आवंटन की जाने वाली दुकानो का स्थान | दुकानो की संख्या | आवंटन का स्थान | आवंटन की तिथि एवं समय | सुरक्षित जमा राशि प्रति दुकान (रूपये में) | प्रतिमाह किराया प्रति दुकान (रूपये में) | आवेदन प्रपत्र का शूल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत टाउन हॉल के सामने, वार्ड सं0 01 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10'0"X9'0" (भू–तल–09 दुकान) | 09 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 27.04. 2023, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 250000/– | 2500/– | 1000/– |
| 2 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत टाउन हॉल के सामने, वार्ड सं0 01 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10'0"X9'0" (प्रथम तल–09 दुकान) | 09 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 27.04. 2023, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 150000/– | 1500/– | 1000/– |
| 3 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सुधा स्वीट के सामने, वार्ड सं0–14 में निर्मित मार्कट कम्प्लेक्स में अवस्थित 13 दुकान, जिसका साईज 9'0"X10'0", | 13 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 27.04. 2023, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 250000/– | 2500/– | 1000/– |
| 4 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सुधा स्वीट के सामने, वार्ड सं0–14 में निर्मित मार्कट कम्प्लेक्स के दोनो कोने पर अवस्थित दो दुकान जिसका साईज 19'0"X9'0". | 02 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 27.04. 2023, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 350000/– | 3500/– | 1000/– |

नोट :– निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा

PR 294562 Urban Development(23-24)D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–13, वर्ष 2022–23)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : **17.04.2023** से **19.04.2023** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: **20.04.2023** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **20.04.2023** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – : **DMFT (213/14.03.23)**

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापपुर | जोगीडीह | घुज्जी | ग्राम घुज्जी मेन रोड से जीतन यादव एवं लखन यादव के घर होते हुए रोड तक पीसीसी पथ निर्माण। | 878200 | 1250 | 18000 | 03 माह |
| 2 | प्रतापपुर | जोगीडीह | मादाडीह | ग्राम मादाडीह सेराज मियां के घर से राजधानी मोड तक पीसीसी पथ निमार्ण | 924300 | 1250 | 18500 | 03 माह |
| 3 | प्रतापपुर | जोगीडीह | जोगीडीह | ग्राम योगिडीह बिचला टोला बढन भारती के घर से कठहल पेड तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण। | 465100 | 750 | 9500 | 03 माह |
| 4 | प्रतापपुर | जोगीयारा | लिदिक | ग्राम लिदिक में ननकू भारती के घर से उमेश भारती के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 782500 | 1250 | 16000 | 03 माह |

**निविदा की शर्ते –**

1. जिला परिषद/जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित है, तो उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में ''जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा'' के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा

PR294514 (District)23-24*D


## वाहन की चपेट में आकर युवक घायल

**अनगड़ा :** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के बक्सीडीह गैस गोदाम के समीप अज्ञात बोलेरो पिकअप वैन की चपेट में आने से बाइक सवार अनगड़ा थाना क्षेत्र के बोंगई बेड़ा निवासी नरेश लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया।उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है।घटना बुधवार की दोपहर चार बजे की है। घटना की सूचना मिलने पर सिकिदिरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।जानकारी के अनुसार नरेश लोहरा अपने बाइक जेएच- 01डी डब्लू 9468 में सवार होकर कहीं जा रहा था।इसी दौरान पिकअप वैन की चपेट में आ गया।वह हेलमेट नहीं पहने हुए था।

## इफ्तार पार्टी का आयोजन

**अनगड़ा/हेसल :** मस्जिद ए जैतून में रमजान पाक महीने के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। दरअसल इस्लाम धर्म में इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से रमजान एक महीना है रमजान के इस् पाक महीने में शेहरी और इफ्तार का अहम हिस्सा है रमजान के महीने में तीन असरा में रमजान का महीना होता है पहला रहमत दूसरा बरकत और तीसरा मगफिरत होता है इस पाक महीने में लोग 29 दिन तक रोजा रखते हैं इसके बाद ईद उल फितर का नमाज होता है ईद उल फितर इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से नौवां महीना में रमजान आता है रमजान से पहले सब्बान महीना होता है इसी महीने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के ऊपर कुरान का नाजिल हुआ था उस समय से वर्ष के नौवें महीने में रमजान का महीना मींस रोजा होता है लोग दिन भर भूखे प्यासे रहकर करीबन 14 घंटा के बाद सारे लोग रोजा यानी इफ्तार करते हैं इस अवसर पर मुस्तफा अंसारी अब्दुल वहाब अंसारी मोहल्ला मस्जिद गफ्फार अंसारी एहसान अंसारी अशफाक अंसारी अजीज अंसारी सेराज खान फारूक अंसारी बबलू खान सलीम खान मुमताज अंसारी रकीब अंसारी आदि शामिल थे

## दोमुहानी ब्रिज का नामकरण कर शहीद रघुनाथ महतो ब्रिज किया




**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसवां जिला के सीमांत पूर्वी सिंहभूम जिला से जुड़ने वाला डोबो में स्थित दोमुहनी ब्रिज का नामकरण शहीद रघुनाथ महतो ब्रिज किया गया। ब्रिज बनने के बाद से अबतक बिना नाम के ही लोग जानते थे लेकिन आज से इस ब्रिज को देश के प्रथम क्रांतिकारी चुहाड़ विद्रोह के महानायक के शहादत दिवस के अवसर पर शहीद रघुनाथ महतो के नाम से समाजसेवी खगेन महतो ने शहीद के मूर्ति को विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर नामकरण किया। समाजसेवी खगेन महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि चुहाड़ विद्रोह के महानायक के नाम से उनके सम्मान के लिए नामकरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अनुप महतो , अंकित महतो, माणिक महतो, सुमित महतो, मुन्ना महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आगजनी पीड़ितों से मिले भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के नीरज सिंह



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी स्थित निर्मल नगर शौचालय के सामने स्क्रैप टाल में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा किए गए आगजनी की घटना की सूचना पाकर भाजपा झारखंड व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह घटना स्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया, आगजनी में टाल के समीप रहने वाले दिन दयाल विश्वकर्मा के घर को काफी नुकसान हुआ, उन्हें तत्काल आर्थिक मदद दी। उनके संग घटना स्थल पर भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, उपाध्यक्ष डॉ दीपक घोष, रूपेश शर्मा, काजल दत्ता, राजेश निषाद, सूरज गोराई एवं रमेश प्रसाद साहू मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## 2023-24 की योजनाओं की जीपीडीपी में प्रविष्टि सूची दो दिनों में जमा करने का निर्देश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चाकुलिया प्रखंड सभागार में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी पंचायत सचिव एवं मुखिया को खराब चापाकल, जल मीनार की सूची तैयार कर 2 दिनों के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया । प्रखंड अंतर्गत 19 पंचायतों को कुल 1202 पेंशन स्वीकृति आदेश पत्र वितरण किया गया । वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजनाओं की जीपीडीपी में प्रविष्टि हेतु सूची 2 दिनों के अंदर जमा करने के लिए निर्देशित किया गया । पेयजल सुविधाओं की स्थिति का आकलन हेतु गूगल फॉर्म में प्रविष्टि हेतु सभी मुखियागण एवं पंचायत सचिव को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री देवलाल उरांव, मुखियागण, पंचायत सचिव, प्रखंड समन्वयक( पंचायती राज़ स्वशासन परिषद) आदि उपस्थित थे ।

## नक्सल प्रभावित रायसिंदरी में मेडिकल कैंप आयोजित



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई के नक्सल सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों के आदिवासी बाहुल्य इलाके में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लोगों का संघर्ष जारी है। इस दिशा में जिला उपायुक्त और जिला सिविल सर्जन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुचाई के हेल्थ विभाग की टीम कुचाई के घोर नक्सल प्रभावित रायसिदरी पहुंची। साथ ही स्वास्थ शिविर लगाकर ग्रामीणों का इलार्ज कर आवश्यक परामर्श के साथ दवाईया दी गई। कुचाई विकित्सा प्रभारी डॉक्टर सुजीत मुर्मू के नेतृत्व में डॉक्टर सुनीता मार्डी के साथ मेडिकल टीम ने निःशुल्क स्वास्थ शिविर लगाकर मरीजों को इलार्ज किया। इसके अलावे घर-घर जाकर ग्रामीणों की स्वास्थ जांच किया।

## कुचाई में 50 किसानों को दिया गया सरकारी बीज



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत बुधवार को कुचाई के आत्मा भवन में जिप सदस्य जींगी हेंब्रम एवं प्रबंधक तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार ने 50 किसानों के बीच दो क्विंटल मूंग बीज का वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य हेंब्रम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर व उन्नत किसान बनाने के लिए कई प्रकार योजना चला रही है। ताकि किसान अपना आय वृद्धि को दुगनी कर सकें। वहीं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि ऑनलाइन एवं रजिस्ट्रेशन किए किसानों को ही मूंग बीज का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से जिप सदस्य जींगी हेंब्रम बीटीएम राजेश कुमार मुखिया करम सिंह मुंडा मुखिया सास्त्री सांगा बूंदीराम सोय कारू मुंडा आदि उपस्थित थे।

## रविदास समाज ने मनाया जगजीवन राम की जयंती



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविदास समाज की ओर से गम्हरिया के सतवाहिनी में पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की 116वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रविदास समाज के अध्यक्ष जीतेंद्र दास ने कहा कि जगजीवन राम का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अतुलनीय योगदान रहा। इस मौके पर रविदास समाज की ओर से कांग्रेस नेता फुलकान्त झा, राजू रजक और अनिल ठाकुर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मनमोहन राम, रामस्वरूप राम, नगीना शर्मा, मोतीलाल सरदार, वरुण राय समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केन्द्रीय सहायता समिति की बैठक में सभापति इरफान अंसारी ने कहा

# योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे, सरकार कृतसंकल्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केन्द्रीय सहायता समिति ने समापति विधायक इरफान अंसारी की अध्यक्षता में परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। समिति सदस्य के रूप में विधायक सोनाराम सिंकू बैठक में मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, राजस्व संग्रहण की स्थिति व विकास योजनाओं की समीक्षा तथा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए । सभापति इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यो को गति देने तथा सभी जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इस दिशा में कृतसंकल्पित है । उन्होने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में किसी प्रकार से पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं हो इसपर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विभागीय पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले में विशेष टीम गठित कर खराब पड़े चापाकल, जलमीनार के मरम्मती का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। प्रदूषण बोर्ड के पदाधिकारी से जिले में संचालित उद्योगों के प्रदूषण सर्टिफिकेट, नदियों के पानी की क्वालिटी की जानकारी ली गई। सभापति ने कहा कि विकास कार्यो के सफल क्रियान्वयन में सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व की काफी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में गत वित्तीय वर्ष में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए राजस्व संग्रह की समीक्षा समिति द्वारा की गई। सभी विभागों से रिपोर्ट प्राप्त किया गया है, जिसका अध्ययन करने के बाद समिति द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए जाएंगे ताकि राज्य में विकास कार्य और तेज गति से क्रियान्वित हो । पेयजल, सड़क निर्माण व विकास से जुड़ी अन्य योजनाएं जो 2 वर्ष या इससे पहले स्वीकृत हुई लेकिन अबतक पूर्ण नहीं हो पाई हैं इसपर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से कारण पूछा गया तथा जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया गया । बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रजंन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन समेत अन्य सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## टेल्को गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान बने बलविंदर सिंह

### गुरुशरण सिंह को महासचिव की जिम्मेवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टेल्को गुरुद्वारा कमेटी के नए प्रधान सरदार बलविंदर सिंह होंगे और महासचिव की जिम्मेवारी सरदार गुरुचरण सिंह जी को सौंपी गई है। यह सब कुछ शहर में एक नई परंपरा के अनुसार हुआ। नाम चयन की पूरी प्रक्रिया लॉटरी से संगत की उपस्थिति में हुई। इससे पहले बुधवार को टेल्को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में निवर्तमान प्रधान गुरमीत सिंह तोते ने अपनी कार्यकारिणी भंग कर दी और नए प्रधान के लिए नाम आमंत्रित किए। धार्मिक अकाली दल में 50 साल से ज्यादा सेवा देने वाले सरदार राम किशन सिंह जी के बेटे सरदार बलविंदर सिंह एवं गुरुशरण सिंह ने अपना नाम प्रधान पद के लिए दिया। दोनों में सहमति बनाने की कोशिश हुई जब किसी नाम पर सहमति नहीं बनी तो संगत के उपस्थिति और गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के हजूरी में पर्ची निकालने पर फैसला हुआ। इस मौके पर सरदार सुखदेव सिंह, सरदार हीरा सिंह, सरदार कलविंदर सिंह, स्त्री सत्संग सभा प्रधान बीबी कुलविंदर कौर, महासचिव बीबी अमृत कौर, नौजवान सभा के मनिंदर सिंह कमलजीत सिंह, बीबी कमलजीत कौर बीबी मनजीत कौर आदि उपस्थित थे।

## महिला स्वंय सहायता समूह को दी गई कानूनी जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला द्वारा सरायकेला नगर परिषद के निकट विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राधिकार के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद द्वारा महिला स्वंय सहायता समूह को उनके अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। उपस्थित महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरुक होकर आत्म निर्भर बनने को कहा। साथ ही घरेलू हिंसा, नशा मुक्त जीवन, आत्म निर्भर बनने के लिए स्कील डेवलपमेंट और सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित रहे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने शहीद रघुनाथ महतो को दी श्रृद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति चांडिल अनुमंडल इकाई के सक्रिय सदस्य तरुण महतो के नेतृत्व में जन्मस्थान नीमडीह प्रखंड के घुटियाडीह गांव में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर तरुण महतो ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो एक महान भारतीय क्रांतिकारी थे, जिन्होने 1769 ई0 से 1778 ई में अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। चुआड़ विद्रोह, छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ पहला संगठित विद्रोह था। उन्होंने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो ने अपना गांव, अपना राज; दूर भगाओ विदेशी राज के नारा दिया था। 5 अप्रैल 1778 ई को क्रांतिकारी रघुनाथ महतो अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए शहीद हो गए। हमें उन महापुरूषों के मार्ग दर्शन पर चलने की आवश्यकता है।

## बिरसानगर किफायती आवास परियोजना में 696 को आवास आवंटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 अन्तर्गत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना जी प्लस 8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है। जिसके लिये तृतीय चरण में कुल 696 चयनित लाभार्थी का आवास आवंटन उपायुक्त, पूर्व सिंहभूम, जमशेदपुर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा बुधवार को बिरसा मुंडा टाउन हॉल परिसर में सुबह 11 बजे रैंडमाइजेशन इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के माध्यम से किया गया। जिसमें दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिको को



भूतल में 65 तथा समान्य वर्ग में 631 लाभुकों को प्रथम से छठा तल्ला में आवास आवंटित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि जमशेदपुर लोकसभा, विधायक, पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, निदेशक डीआरडीए , पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर,अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, अपर जिला दंडाधिकारी पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, विशेष पदाधिकारी, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जमशेदपुर, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति कार्यालय के नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, पीएमएवाई - यू विशेषज्ञ,उपस्थित हुये।

## परम्परा के तहत देवी मां झुमकेस्वरी की पूजी की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** चैत्र पर्व को लेकर तिथि अनुसार अलग अलग पूजा प्रशासन द्वारा विधिवत किये जा रहे हैं, इसी क्रम में मंगलवार को सरायकेला में देवी माता झुमकेश्वरी की पूजा अर्चना की गई। जिला प्रशासन के तत्वाधान राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र के प्रभारी निदेशक प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरायकेला मृत्युंजय कुमार भी उपस्थित रहे। के उपस्थिति में की गई। सदर एसडीओ राम कृष्ण कुमार यजमान बन मां झुमकेश्वरी की आराधना करते हुए क्षेत्र के सुख शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर छऊ गुरु तपन कुमार पटनायक, विजय कुमार साहू, सुशांत कुमार महापात्र, सहित कला केंद्र के कलाकार सहित अन्य भक्त जन देवी माता की पूजा अर्चना में उपस्थित रहे।

## वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन राशि दो हजार रुपए प्रति माह करें सरकार : पुरेंद्र नारायण सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्ध, विधवा एवं स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन पेंशन को दो हजार रुपए प्रति माह किए जाने की मांग को लेकर आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन को संबोधित ज्ञापन अंचलाधिकारी गम्हरिया को सौंपा जाएगा। गम्हरिया में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आदित्यपुर नप के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने उपरोक्त बातें कही। विदित है कि वर्तमान में सरकार द्वारा



विधवा, वृद्धा एवं दिव्यांग जनों को एक हजार रुपए प्रति माह पेंशन दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आदित्यपुर नगर निगम में करीब 7780, सरायकेला- खरसावां जिले में 1,20,720 एवं झारखंड राज्य के 24 जिलों में कुल 34,07,955 लाभुक इस पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर एक लाख रुपए के स्थान पर 4 लाख रुपए मृतक के आश्रित को सहायता राशि दिए जाने की मांग भी सरकार से की। गौरतलब है कि राज्य आपदा मोदन निधि (एसडीआरएफ) के तहत नदी में डूबने, वज्रपात, सर्पदंश के कारण मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित को 4 लाख रुपए एवं सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को सिर्फ एक लाख रुपए सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने सरकार से यह भी मांग किया कि नदी में डूबने, सर्पदंश, वज्रपात या सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता राशि अंचलाधिकारी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रदान किया जाए ताकि पीड़ित परिवार मृतक का अंतिम संस्कार और श्राद्धकर्म संपन्न करा सके। शेष राशि पूर्व की भांति सरकार मृतक के आश्रित को उपलब्ध कराए। इस दौरान वीरेंद्र यादव, देव प्रकाश देवता, राजेश कुमार यादव, प्रमोद गुप्ता आदि भी मौजूद थे।

*एक्सएलआरआइ के दीक्षांत समारोह में मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला बोले*

# वर्क प्लेस पर डेवलप करें इनोवेशन कल्चर

**मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला को मिला सर जहांगीर गांधी मेडल फॉर सोशल एंड इंडस्ट्रियल पीस मेडल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को एक्सएलआरआइ के 67वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एमएफसीजी कंपनी मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन उपस्थित थे. इस अवसर पर एक्सएलआरआइ से पास आउट होने वाले 484 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया गया. कार्यक्रम के दौरान हर्ष मारीवाला को प्रतिष्ठित सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मैरिको के 80 करोड़ से लेकर 10 हजार करोड़ तक के टर्न ओवर की कंपनी बनने तक के सफर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया. कहा कि ऐसा इसलिए हो पाया क्योंकि हमने अपने वर्क प्लेस में इनोवेशन कल्चर को डेवलप किया. कहा कि कई बार इनोवेशन से संभव है कि नुकसान भी हो, लेकिन इसके बाद भी इसके डर से इनोवेशन छोड़ना चाहिए. श्री मारीवाला ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है कि इनोवेशन सिर्फ एमबीए लैब से ही पैदा हो. इनोवेटिव आइडिया समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास भी हो सकता है. इस समारोह के दौरान 14 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया. इस मौके पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो, डीन एडमिनिस्ट्रेशन फादर डोनाल्ड डिसूजा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे. इस दौरान फैकल्टी, नॉन टीचिंग स्टाफ व मेंटेनेंस स्टाफ को लगातार 15 वर्ष तक सेवा देने के लिए उन्हें लांग सर्विस मेडल से नवाजा गया.

### 30 साल पहले चीन कोई ताकत नहीं थी, लेकिन आज हम कोई नाम ले रहा है : टीवी नरेंद्रन

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन ने कहा कि छात्र जीवन के दौरान जो भी बातें सीखी जाती है, उसका व्यावहारिक जीवन में सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करें. कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है. कहा कि जब वे आज से 30 साल पहले ग्रेजुएट हुए थे उस वक्त चाइना कोई फैक्टर नहीं था, लेकिन आज स्थिति बदली हुई है. इंटर कनेक्टेड वर्ल्ड की वजह से ऐसा हो रहा है कि रसिया व यूक्रेन वॉर का असर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने देश पर भी पड़ता है. उन्होंने क्लाइमेट चेंज पर भी अपनी बातों को रखा।

## तैलिक साहू महासभा 23 अप्रैल को मनायेगा भामाशाह जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वीर महा दानवीर भामाशाह जयंती पर 23 अप्रैल को सरकारी अवकाश एवं राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा प्रधानमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन आगामी 10 अप्रैल सोमवार को सौंपा जायेगा। यह निर्णय बुधवार को साकची स्टील क्लब हाउस हॉल में हुई अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की एक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने बताया कि 23 अप्रैल को दानवीर भामाशाह चौक (एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर) में सेवा शिविर लगाया जाएगा। जिसमें भामाशाह के प्रतिमा को दूध से स्नान कराया जायेगा। माल्यार्पण एवं पूजा करने के बाद आम लोगों के बीच में भोग एवं शरबत वितरण किया जाएगा। इससे पहले एग्रिको मैदान से भामाशाह चौक तक बाइक रैली निकाली जायेगी। इस दौरान मानगो क्षेत्र में रामनवमी सेवा शिविर को सफल बनाने में योगदान देने वाले को माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से चंद्रिका प्रसाद, कृष्ण देव साव, युवा अध्यक्ष आदित्य धनराज साह, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, वरीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, आदि थे।

## संपादकीय

## हिन्दू त्योहारों पर पत्थरबाजी के पीछे गहरी साजिश के संकेत

**यह** पहली बार नहीं है जब श्रीरामनवमी के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों में शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी सहित हिंसक हमले किए गए। मुस्लिम संप्रदाय के कट्टरपंथी तत्वों की ओर से इस प्रकार की घटनाओं को लंबे समय से अंजाम दिया जा रहा है। पिछले ही वर्ष की बात करें तो श्रीरामनवमी 10 अप्रैल को पड़ी थी। तब भी छह राज्यों- गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और गोवा में हिंसा, पथराव की घटनाएं दर्ज की गई थीं। यही नहीं, इसके कुछ ही दिन बाद श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भी दस राज्यों से हिंसा की खबरें कई दिनों तक आती रही थीं। इन घटनाओं का विश्लेषण करें तो स्पष्टतः हिन्दू पर्व-त्योहार पर सांप्रदायिक हिंसा और तनाव के पीछे एक गहरी साजिश नजर आती है। अन्यथा एक ही समय में देश के विभिन्न स्थानों पर हिन्दुओं पर हमला किया जाना, सामान्य बात नहीं है। केंद्र सरकार के सुरक्षा एजेंसियों को अधिक चौकस होकर इन हिंसक घटनाओं की जाँच करनी चाहिए। पत्थरबाजी और हिंसा को सही ठहराने के लिए तर्क दिया जाता है कि शोभायात्रा उनके 'इलाके' से होकर क्यों निकाली गई? यह तर्क ही कट्टरपंथियों की मानसिकता को बखूबी बयान करता है। यह वही मानसिकता है, जिसने इस देश के दो टुकड़े-टुकड़े किए हैं। अलगाववादी एवं प्रभुत्ववादी मानसिकता के इस तर्क पर कोई प्रगतिशील सवाल नहीं उठाता बल्कि वे भी ऐसे तत्वों एवं मानसिकता का पक्ष लेते दिखायी देते हैं। क्या भारत में कुछ सड़कें, गलियां और मोहल्लों पर संप्रदाय विशेष ने अपना पट्टा करा लिया है? क्या संविधान और कानून उन्हें यह अधिकार देता है कि वे ये घोषणा करें कि यह उनका इलाका है और यहाँ से दूसरे धर्म के लोग अपनी शोभायात्रा नहीं निकाल सकेंगे? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल इस प्रकार की अलगाववादी, प्रभुत्ववादी एवं कट्टरपंथी सांप्रदायिक सोच का संरक्षण करते हैं। वोटबैंक की राजनीति के चक्कर में उपद्रवियों पर कार्रवाई करने की बजाय यह दल हिन्दुओं की शोभायात्राओं पर ही प्रश्न उठाते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रामनवमी पर हुई पत्थरबाजी और उसके बाद हुई हिंसा पर जिस प्रकार की बयानबाजी की है, उससे स्पष्टतः पता चलता है कि उनके लिए हिन्दू दोयम दर्जे के नागरिक हैं। बिहार की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। वहाँ भी जब से नीतीश कुमार भाजपा से अलग होकर राजद के साथ गए हैं, तब से वहाँ भी असामाजिक तत्व बेखौफ हैं। पश्चिम बंगाल और बिहार के अलावा भाजपा शासित राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, उत्तरप्रदेश और कर्नाटक में ही हिंसक घटनाएं हुईं लेकिन अंतर यह है कि भाजपा सरकारों ने जहाँ उपद्रवियों की नाक में नकेल डाल दी, वहीं पश्चिम बंगाल और बिहार में सांप्रदायिक तत्वों का संरक्षण किया जा रहा है। भाजपा शासित राज्यों में जहाँ छुट-पुट हिंसा के बाद मामला अब शांत है क्योंकि वहाँ कानून ने अपना काम किया परंतु पश्चिम बंगाल और बिहार के कई हिस्सों में श्रीरामनवमी से लेकर अभी तक हिंसा जारी है अपितु अनेक स्थानों पर तो मुस्लिम कट्टरपंथी तत्वों ने हिन्दुओं के प्रति हिंसा और तीव्र कर दी है। राज्यों में कानून व्यवस्था को बनाए रखना एवं उसका पालन कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। ऐसे में गैर-भाजपा शासित सरकारों को उत्तरप्रदेश सहित भाजपा शासित अन्य राज्यों की सरकारों से सीखना चाहिए। सरकारों को समझना चाहिए कि वोटबैंक का तुष्टीकरण करने से अधिक आवश्यक है सामाजिक सद्भाव को बनाए रखना और भयमुक्त वातावरण बनाना। हिन्दुओं के पर्व-त्योहारों पर होनेवाली सांप्रदायिक हिंसा हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के बीच खायी को गहरा करती है। इससे समाज में तनाव एवं द्वेष पैदा होता है, जो किसी के हित में हितकर नहीं है। राज्य सरकारें कानून व्यवस्था को ठीक रखें तब किसी उपद्रवी की हिम्मत नहीं होगी कि उसके हाथ हिंसा के लिए आगे बढ़ें।

> भारत में कुछ सड़कें, गलियां और मोहल्लों पर संप्रदाय विशेष ने अपना पट्टा करा लिया है? क्या संविधान और कानून उन्हें यह अधिकार देता है कि वे ये घोषणा करें कि यह उनका इलाका है और यहाँ से दूसरे धर्म के लोग अपनी शोभायात्रा नहीं निकाल सकेंगे? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल इस प्रकार की अलगाववादी, प्रभुत्ववादी एवं कट्टरपंथी सांप्रदायिक सोच का संरक्षण करते हैं। वोटबैंक की राजनीति के चक्कर में उपद्रवियों पर कार्रवाई करने की बजाय यह दल हिन्दुओं की शोभायात्राओं पर ही प्रश्न उठाते हैं।

## बोध कथा

## सिर्फ अच्छाइयों पर ध्यान दें

**बहुत** समय पहले की बात है, एक बार एक गुरु जी गंगा किनारे स्थित किसी गाँव में अपने शिष्यों के साथ स्नान कर रहे थे। तभी एक राहगीर आया और उनसे पूछा , " महाराज ! इस गाँव में कैसे लोग रहते हैं, दरअसल मैं अपने मौजूदा निवास स्थान से कहीं और जाना चाहता हूँ ?" गुरु जी बोले, " जहाँ तुम अभी रहते हो वहां किस प्रकार के लोग रहते हैं ?" " मत पूछिए महाराज ! वहां तो एक से एक कपटी, दुष्ट और बुरे लोग बसे हुए हैं।", राहगीर बोला। गुरु जी बोले, " इस गाँव में भी बिलकुल उसी तरह के लोग रहते हैं ; कपटी, दुष्ट, बुरे।" और इतना सुनकर राहगीर आगे बढ़ गया। कुछ समय बाद एक दूसरा राहगीर वहां से गुजरा। उसने भी गुरु जी से वही प्रश्न पूछा , " मुझे किसी नयी जगह जाना है, क्या आप बता सकते हैं कि इस गाँव में कैसे लोग रहते हैं ?" "जहाँ तुम अभी निवास करते हो वहां किस प्रकार के लोग रहते हैं ?", गुरु जी ने इस राहगीर से भी वही प्रश्न पूछा। "जी वहां तो बड़े सभ्य , सुलझे और अच्छे लोग रहते हैं।", राहगीर बोला। "तुम्हे बिलकुल उसी प्रकार के लोग यहाँ भी मिलेंगे; सभ्य, सुलझे और अच्छे।", गुरु जी ने अपनी बात पूर्ण की और दैनिक कार्यों में लग गये। पर उनके शिष्य ये सब देख रहे थे और राहगीर के जाते ही उन्होंने पूछा , " क्षमा कीजियेगा गुरु जी ! पर आपने दोनों राहगीरों को एक ही स्थान के बारे में अलग-अलग बातें क्यों बतायी। गुरु जी गंभीरता से बोले, " शिष्यो ! आमतौर पर हम चीजों को वैसे नहीं देखते जैसी वे हैं, बल्कि उन्हें हम ऐसे देखते हैं जैसे कि हम खुद हैं।हर जगह हर प्रकार के लोग होते हैं यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस तरह के लोगों को देखना चाहते हैं।" शिष्य उनकी बात समझ चुके थे और आगे से उन्होंने जीवन में सिर्फ अच्छाइयों पर ही ध्यान केन्द्रित करने का निश्चय किया।

## अमृत कलश

## चैत्य वृक्षों या वनस्थली की परंपरा

**आज** पर्यावरण संकट गहराते जाने का मूल कारण यह है कि हम पहाड़ों एवं वृक्षों को काटकर कंक्रीट के जंगलों का विस्तार करते जा रहे हैं। यदि जल्द ही न चेते तो वह दिन दूर नहीं जब मानव को रेगिस्तान की चिलचिलाती धूप में प्यासा मरना होगा। जंगलों से हमारा मौसम नियंत्रित और संचालित होता है। जंगल की ठंडी आबोहवा नहीं होगी तो सोचो धरती किस तरह आग की तरह जलने लगेगी? आज महानगरों के कई लोग जंगलों को नहीं जानते, इसीलिए उनकी आत्माएं सूखी हुई हैं। जियो और जीने दो के संदेशवाहक महावीर स्वामी की मान्यता थी कि यह संपूर्ण जगत आत्मा का ही खेल है। वृक्षों में भी महसूस करने और समझने की क्षमता होती है। यह बात आज पर्यावरण और जीव विज्ञानियों की शोधों से भी हो चुकी है। जैन समुदाय में चैत्य वृक्षों या वनस्थली की परंपरा रही है। इस परम्परा में वृक्षों को काटना अर्थात उसकी हत्या करना महापाप माना गया है। वे कहते थे कि वृक्ष से हमें असीम शांति और स्वास्थ्य मिलता है। उनके अनुसार चेतना जागरण में पीपल, अशोक, बरगद आदि वृक्षों का विशेष योगदान रहता है। इसीलिए इस तरह के सभी वृक्षों के आस-पास चबूतरा बनाकर उन्हें सुरक्षित करने की परम्परा उस समय में डाली गयी थी ताकि वहां बैठकर व्यक्ति शांति का अनुभव कर सके। जैन समुदाय ने सर्वाधिक पौधों को लगाए जाने का संदेश दिया है। सभी 24 तीर्थंकरों के अलग-अलग 24 पौधे हैं। जैन समुदाय वृक्षों को धरती पर ईश्वर का प्रतिनिधि मानता है। आज पर्यावरण विज्ञान भी कहता है कि ये वृक्ष भरपूर ऑक्सीजन देकर व्यक्ति की चेतना को जाग्रत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## हिन्दी को सम्मान एवं सुदृढ़ता दिलाने के लिये केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्रांतों की सरकारों को संकल्पित होना ही होगा

# दक्षिण में हिन्दी-विद्वेष की राजनीति कब तक ?

ललित गर्ग

> महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें।' लगभग साढे सात दशक के आजाद भारत में भी हमने हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान न लिदा सके, यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी राष्ट्रीयता पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू के मन में हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है, वही स्थिति सरकार से जुडे.हर व्यक्ति के साथ-साथ जन-जन की होनी चाहिए। हिन्दी के लयि दर्द, संवेदना एवं अपनापन जागना जरूरी है।

**दक्षिण** भारत में हिन्दी का विरोध करके राजनीति चमकाने की कुचेष्टाएं होती रही हैं। वहां राजनीतिज्ञ अपना उल्लू सीधा करने के लिये भाषायी विवाद खड़े करते रहे हैं और वर्तमान में भी कर रहे हैं। यह देश के साथ मजाक है। यह मुद्दा जब-तब सिर उठाता देखा जाता है। ताजा मामला तमिलनाडु में दही के पैकेट पर प्रमुखता से 'दही' लिखे जाने के निर्देश को लेकर उठा है। वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपने ट्विटर पर लिखा है कि इस तरह हमारे ऊपर हिंदी थोपने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कर्नाटक मिल्क फेडरेशन को निर्देश दिया है कि दही के पैकेट पर प्रमुखता से 'दही' मुद्रित किया जाए। इसी को लेकर विवाद छिड़ गया है। अब सुझाव आए हैं कि तमिल में दही के पर्यायवाची को कोष्ठक में लिखा जाना चाहिए। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इस सुझाव को स्वीकार करते हुए पैकेट पर कर्ड के साथ तमिल और कन्नड़ भाषा के स्थानीय शब्द जैसे 'मोसरू' और 'तायिर' को ब्रैकेट में इस्तेमाल करने के निर्देश दे दिये हैं। भले ही राजनीतिक कारणों से यह सुझाव स्वीकार किया गया हो, लेकिन प्रश्न है कि जब तक राष्ट्र के लिये निजी-स्वार्थ एवं राजनीतिक नफा-नुकसान के गणित को विसर्जित करने की भावना पुष्ट नहीं होगी, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक उन्नयन एवं सशक्त भारत का नारा सार्थक नहीं होगा। हिन्दी को सम्मान एवं सुदृढ़ता दिलाने के लिये केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्रांतों की सरकारों को संकल्पित होना ही होगा। मुख्यमंत्री ने एक सोची-समझी राजनीति के तहत एक बार फिर हिंदी और दक्षिण की भाषाओं के बीच विद्वेष की आग सुलगा दी है। हालांकि हिंदी को लेकर दक्षिण में अस्वीकार की भावना को शांत या सहज करने की कोशिशें हो चुकी हैं, खूब सारे तर्क दिए जा चुके हैं, मगर जो लोग इसे राजनीतिक रंग दिए रखना चाहते हैं, उनके सामने सारे तर्क बेमानी हो जाते हैं। ताजा विवाद भी उसी राजनीतिक नजरिए का नतीजा है। नई बनती दुनिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कारोबार आदि वजहों से लोगों की देश के विभिन्न हिस्सों में आवाजाही बढ़ी है। जिसमें भाषायी संकीर्णता विकास में बड़ी बाधा है। महानगरों में बड़े पैमाने पर दूसरे प्रांतों के लोग जाकर बसने लगे हैं, बस गए हैं, उसमें भाषा संबंधी ऐसी संकीर्णता मायने नहीं रखती। वैसे भी जहां तक हिंदी की बात है, बेशक उसे राष्ट्रभाषा के तौर पर देश के सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य बना दिया गया हो, लेकिन उसे व्यवहार की भाषा बनाने में अनेक दिक्कते खड़ी है। राजनीतिक



उद्देश्यों से हिन्दी को उपेक्षित करने की कोशिशें लगातार हो रही है, जबकि हिन्दी विश्व की तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बन गयी है। कोई भी कारोबारी अब यह नहीं कह सकता कि वह केवल अपनी मातृभाषा में कारोबार करेगा, हिंदी का सहारा बिल्कुल नहीं लेगा। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग भी ऐसी जिद नहीं पाल सकते। पालते भी नहीं। दक्षिण के राज्यों में हिंदीभाषी लोग बड़ी सहजता से अपनी भाषा में बात रख लेते हैं, वहां के लोग उनकी बात समझ भी लेते हैं। इस सच्चाई से वहां के राजनेता और प्रशासक भी अपरिचित नहीं। फिर यह समझना मुश्किल है कि वे ऐसे भाषा-विद्वेष को जिंदा ही क्यों रखना चाहते हैं? निश्चित ही संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा हो रहा है। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध कोई नया नहीं है, यह विरोध तो 1937 से ही है, जब चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की सरकार ने मद्रास प्रांत में हिंदी को लाने का समर्थन किया था पर द्रविड़ कषगम (डीके) ने इसका विरोध किया था। तब विरोध ने हिंसक झड़पों का स्वरूप ले लिया था और इसमें दो लोगों की मौत भी हुई थी। लेकिन साल 1965 में दूसरी बार जब हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने की कोशिश की गई तो एक बार फिर से ग़ैर हिंदी भाषी राज्यों में पारा चढ़ गया था। तमिल इतिहासकार एआर वेंकटचलापति का कहना है कि आज भी वहां हिन्दी के उपेक्षित होने का एहसास बना हुआ है। वे कहते हैं, 'सभी भाषाओं को बराबरी का दर्जा देकर ही सांस्कृतिक एकता को मजबूत किया जा सकता है। तमिलनाडु के दूरदराज के इलाके में अगर किसी को बैंक के एटीएम पर कुछ काम होता है तो उसे अंग्रेज़ी या फिर हिंदी का सहारा लेना होता, लेकिन उसके पास तमिल का विकल्प नहीं होता। बावजूद इन स्थितियों के हिन्दी का विरोध समझ से परे हैं। निश्चित रूप से कोई भी भाषा अपनी संस्कृति की वाहक और संरक्षक होती है, उसे विकृत करने की कोशिशों का विरोध होना ही चाहिए। मगर भाषाई खुलेपन की वजह से अगर कारोबारी विस्तार हो रहा है, तो ऐसी जिद भी नहीं पाली जानी चाहिए। फिर भाषाएं चुपके से अपनी सहवर्ती भाषाओं से न जाने कितने शब्द, मुहावरे, प्रतिमान ग्रहण कर अपने को समृद्ध करती रहती हैं, उनके इस सहज स्वभाव में राजनीतिक अवरोध भी क्यों पैदा किया जाना चाहिए। किसी भी प्रांत को अपना समग्र विकास करना है तो भाषायी आग्रह एवं संकीर्णताएं त्यागनी होगी। भाषा, जाति, धर्म आदि को राजनीति का आधार मानने की स्थितियां अब उतनी प्रभावी नहीं रही है, अब देश एक हो रहा है तो उसकी भाषा भी एक होनी ही चाहिए। हिन्दी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी की है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा दिलाने के प्रयास हो रहे हैं, फिर दक्षिण में हिन्दी विरोध के बादल छटने ही चाहिए। महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें।' लगभग साढे सात दशक के आजाद भारत में भी हमने हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान न दिला सके, यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी राष्ट्रीयता पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू के मन में हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है, वही स्थिति सरकार से जुडे.हर व्यक्ति के साथ-साथ जन-जन की होनी चाहिए। हिन्दी के लिये दर्द, संवेदना एवं अपनापन जागना जरूरी है। कोई भी देश बिना अपने राजभाषा के ज्ञान के तरक्की नहीं कर सकता है।

# एक और भ्रामक रिपोर्ट

> भारत को पिलछे वर्ष 136वें पायदान से बेहतर 126वें पायदान पर रखा गया है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि ऐसे कई मुल्क जो विभिन्न परिस्थितियों के लचते किसी भी हाल में खुशी के मालमे में भारत से बेहतर हो ही नहीं सकते, उन्हें भी भारत से बेहतर स्थिति में दिखाया गया है।उदाहरण के लिए साऊदी अरब जिसमें तानाशाही व्यवस्था है, उसे तीसरे स्थान पर, यूक्रेन जो युद्ध में बर्बाद हो चुका है उसे 92वें स्थान पर, तुर्की जो महंगाई के कारण टूट चुका है उसे 106वें स्थान पर, दुनिया के सामने भीख का कटोरा लिए खड़े पाकिस्तान को 108वें स्थान पर दिखाया गया है और पूरी तरह से दिवालयि हो चुका श्रीलंका 112वें स्थान पर है और भारत जो खाद्य पदार्थोंकी दृष्टि से ही नहीं बल्कि विभिन्न अन्य मालमों में दुनिया के उन तमाम मुल्कों से कहीं बेहतर है जो इस रिपोर्ट में भारत से बेहतर स्थिति में दिखाए गए हैं। ऐसे में इस रिपोर्ट के बारे में भी सवाल उठ रहे हैं। यह पलही बार नहीं कि इस प्रकार की भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है।हाल ही में 'वेल्ट हंगर हिल्फे' नाम के एक जर्मन एजेंसी द्वारा भी भारत को भूखमरी सूचकांक में 121 देशों की तालकि में 107वें स्थान पर रखा था।उसमें लिदचस्प बात यह थी कि उस सूची में यूक्रेन ही नहीं बल्कि ईराक, ईरान, तुर्की, पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बंलगादेश और जोर्डन आदि देशों को भी भारत से बेहतर स्थिति में दिखाया है।

**मार्च** 2023 के तीसरे सप्ताह में 'सस्टेंनेबल डेवलपमेंट सोल्युशन नेटवर्क' द्वारा विश्व खुशी रिपोर्ट-2023 जारी की गई है। इस रिपोर्ट में भी भारत को विश्व खुशी सूचकांक में 126वें स्थान पर दिखाया गया है। हालांकि इस रिपोर्ट में भारत को पिछले वर्ष 136वें पायदान से बेहतर 126वें पायदान पर रखा गया है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि ऐसे कई मुल्क जो विभिन्न परिस्थितियों के चलते किसी भी हाल में खुशी के मामले में भारत से बेहतर हो ही नहीं सकते, उन्हें भी भारत से बेहतर स्थिति में दिखाया गया है। उदाहरण के लिए साऊदी अरब जिसमें तानाशाही व्यवस्था है, उसे तीसरे स्थान पर, यूक्रेन जो युद्ध में बर्बाद हो चुका है उसे 92वें स्थान पर, तुर्की जो महंगाई के कारण टूट चुका है उसे 106वें स्थान पर, दुनिया के सामने भीख का कटोरा लिए खड़े पाकिस्तान को 108वें स्थान पर दिखाया गया है और पूरी तरह से दिवालिया हो चुका श्रीलंका 112वें स्थान पर है और भारत जो खाद्य पदार्थों की दृष्टि से ही नहीं बल्कि विभिन्न अन्य मामलों में दुनिया के उन तमाम मुल्कों से कहीं बेहतर है जो इस रिपोर्ट में भारत से बेहतर स्थिति में दिखाए गए हैं। ऐसे में इस रिपोर्ट के बारे में भी सवाल उठ रहे हैं। यह पहली बार नहीं कि इस प्रकार की भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है। हाल ही में 'वेल्ट हंगर हिल्फे' नाम के एक जर्मन एजेंसी द्वारा भी भारत को भूखमरी सूचकांक में 121 देशों की तालिका में 107वें स्थान पर रखा था। उसमें दिलचस्प बात यह थी कि उस सूची में यूक्रेन ही नहीं बल्कि ईराक, ईरान, तुर्की, पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बंगलादेश और जोर्डन आदि देशों को भी भारत से बेहतर स्थिति में दिखाया है। भारत सरकार ही नहीं कई अन्य संस्थाओं और विशेषज्ञों द्वारा इस रिपोर्ट पर सवालिया निशान लगाए गए थे। सच्चाई तो यह है कि भारत इस समय खाद्यान्न और अन्य खाद्य पदार्थों के संदर्भ में दुनिया के अनेक मुल्कों से कहीं आगे है। आज जब दुनिया के अधिकांश गरीब ही नहीं बल्कि अमीर मुल्क भी खाद्य पदार्थों की कमी से जूझ रहे हैं। भारत अभी तक अफगानिस्तान, बंगलादेश, भूटान, ईजराइल, इंडोनेशिया, मलेशिया, नेपाल, ओमान, फिलिपिन्स, कतर, साऊथ कोरिया, श्री लंका, सूडान, स्वीट्जरलैंड समेत कई मुल्कों को लाखों टन अनाज भेज चुका है। यही नहीं भुखमरी के संदर्भ में विभिन्न प्रकार के संकेतक भी पहले से कहीं बेहतर हुए हैं। लेकिन वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा अत्यंत शरारतपूर्ण तरीके से जिस प्रकार भारत को भुखमरी के संदर्भ में अत्यंत शोचनीय स्थिति में दिखाया गया है, यह उस रेटिंग एजेंसी पर एक सवालिया निशान लगाता है। समझना होगा कि वेल्ट हंगर हिल्फे का भुखमरी सूचकांक कोई इकलौता उदाहरण नहीं है। भारत द्वारा पिछले कुछ दशकों में जो उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे लोगों का जीवन स्तर पहले से कहीं बेहतर हुआ है और भारत पिछले कुछ सालों में विश्व की दसवीं बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ता हुआ 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, दुनिया की कई शक्तियों को भारत की यह प्रगति हजम नहीं हो रही। ऐसे में वे विभिन्न हथकंडे अपनाकर भारत को बदनाम करने की कोई कसर छोड़ते नहीं हैं। विश्व खुशी रिपोर्ट की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई। यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र की एक वैश्विक पहल सस्टेंनेबल डेवलपमेंट सोल्युशन नेटवर्क द्वारा प्रकाशित की जाती है। कहा जाता है कि यह रिपोर्ट दुनिया भर से एक औचक यानि झटपट सर्वेक्षण के आधार पर बनाई जाती है। लेकिन देखा जाये तो इस प्रकार की अवधारणा की शुरुआत वास्तव में 1974 में भूटान के तत्कालीन नरेश जिगमे सिंगे वांचुक द्वारा राष्ट्रीय खुशी सूचकांक के नाम से की गई। उनका मानना था कि उत्पादन में वृद्धि मात्र खुशी का सबब नहीं बन सकती। इसलिए विकास के मापन में खुशी एक महत्वपूर्ण तत्व होना चाहिए। उसके उपरांत भूटान देश ने अपने लोगों की खुशी के उद्देश्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी प्रारंभ की। पिछले कुछ वर्षों से दुनिया भर के देशों को वहां के लोगों की खुशी के आधार पर सूचीबद्ध करने का काम शुरू हुआ। 2009 में प्रकाशित हैप्पी प्लैनेट सूचकांक के नाम की सूची को देखने से पता चलता है कि अमरीका जो दुनिया का अत्यंत विकसित राष्ट्र है, हैप्पी प्लैनेट सूचकांक के आधार पर 143 देशों की सूची में 114वें स्थान पर था। सिंगापुर 49वें, फ्रांस 71वें, कनाडा 89वें, इंगलैंड 74वें, जर्मनी 51वें और भारत 35वें पायदान पर था। प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के वर्तमान सूचकों के आधार पर मानव विकास सूचकांक की सूची में 131वें स्थान पर खड़ा भूटान आश्चर्यजनक रूप से खुशी सूचकांक के आधार पर 17वें स्थान पर खड़ा था। वास्तव में प्रथम 20 स्थानों में जगह बनाने वाले राष्ट्रों में भूटान एक मात्र विकासशील देश था। दिलचस्प बात यह है कि वर्तमान में विश्व ख़ुशी सूचकांक के हिसाब से फिनलैंड जो पहले स्थान पर है, इस रिपोर्ट में 59वें स्थान पर था। जुलाई 2011 में संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में एक प्रस्ताव पारित किया गया : 'खुशी : विकास के एक समग्र परिभाषा की ओर'। अप्रैल 2012 में पहली विश्व खुशी रिपोर्ट प्रकाशित की गई और उसके उपरांत हर वर्ष 20 मार्च को संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के अवसर पर प्रकाशित की जाती है। इस संदर्भ में विभिन्न देशों की खुशी के पैमाने पर रैंकिंग कैन्ट्रिल लेडर सर्वे यानि कैन्ट्रिल सीढ़ी सर्वेक्षण के पैमाने पर की जाती है। इस सर्वेक्षण को गैलोप नाम की एक कंपनी द्वारा अंजाम दिया जाता है। विभिन्न देशों के प्रतिनिधि नमूना उत्तरदाताओं से प्रश्न पूछे जाते हैं, जिसमें खुशी के संदर्भ में विचारणीय विषयों के बारे में पूछा जाता है कि वे उस मापदंड से ख़ुशी की सीढ़ी के किस पायदान पर हैं, सबसे खराब संभव जीवन शून्य और सबसे सर्वोत्तम जीवन को 10 अंक दिए जाते हैं। वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों में जिस प्रश्नावली का इस्तेमाल किया जाता है उसमें 1. व्यापार और आर्थिकी, 2. नागरिक जुड़ाव, 3. संचार एवं प्रौद्योगिकी, 4. विविधता (सामाजिक मुद्दे), 5. शिक्षा एवं परिवार, 6. भावनाएं (कल्याण), 7. पर्यावारण एवं ऊर्जा, 8. भोजन और आवास, 9. सरकार और राजनीति, 10. कानून और व्यवस्था (सुरक्षा), 11. स्वास्थ्य, 12. धर्म और नैतिकता, 13. परिवहन और 14. काम यानि रोजगार विषयों को शामिल किया जाता है। विचारणीय बात यह है कि विश्व में जो ख़ुशी सूचकांक सबसे पहले प्रकाशित हुआ था उसमें अमरीका और यूरोप के देश ख़ुशी सूचकांक में बहुत पीछे थे। लेकिन जब से यह काम पश्चिमी देशों के हाथ में आया, तब से एशियाई देश पीछे खिसक गए और यूरोपीय देश पहली पंक्ति में आ गये। यानि कहा जा सकता है कि भौतिक संपत्ति और आमदनी फिर से ख़ुशी का पैमाना घोषित हो गयी है और कम आय वाले देशों को अपनी मन मजऱी से ऊपर-नीचे करने का काम हो रहा है। वर्ष 2023 की जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई है उसके अनुसार फिनलैंड दुनिया का सबसे खुश देश माना गया है। उसके बाद डेनमार्क, आयरलैंड, इजराइल और नीदरलैंड को शामिल किया गया है। उसके बाद स्वीडन, नार्वे, स्वीट्जरलैंड, लक्समबर्ग और न्यूजीलैंड का स्थान आता है। भारत को 126वें स्थान पर रखा गया है, जबकि 137 देशों की सूची में अफगानिस्तान सबसे अंतिम पायदान पर दिखाया गया है। हालांकि भारत की रैंकिंग पहले से बेहतर हुई है क्योंकि पिछले साल तो भारत को 136वें स्थान पर बताया गया था। भारतीय मीडिया और खासतौर पर सोशल मीडिया में इस रिपोर्ट के संदर्भ में तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। इसका कारण यह नहीं कि भारत को 126वें स्थान पर बताया गया है, बल्कि इसका कारण यह है कि यूक्रेन, ईराक, ईरान, तुर्की, पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बंगलादेश और जोर्डन को भी भारत से बेहतर स्थिति में दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर आने वाली प्रतिक्रियाएं अत्यंत रोचक हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यह भेदभावपूर्ण है।

## देश दुनीया से

## आब-ए-तल्ख नशा या मुनाफे की दुकान

**सभ्य** समाज में मयखानों को भले ही इज्जत के नजरिए से नहीं देखा जाता हो मगर मुल्क की मइशत को मजबूत करने में आब ए तल्ख एक बड़ा किरदार अदा करती है। देश के चरमराते अर्थतंत्र का बोझ काफी हद तक मधुशालाओं से लडख़ड़ा कर निकलते सुरा प्रेमियों के कंधों पर मुन्नसर करता है। मदिरापान की बढ़ती प्रवृति से महसूस होता है कि सुराप्रेमी नास्तिक शिरोमणि 'आचार्य चार्वाक' के उस श्लोक को जहन में बिठा चुके हैं जिसमें उल्लेख है: 'पीत्वा, पीत्वा पुनः पीत्वा यावत्पतति भूतले, उत्थाय च पुनः पीत्वा पुर्नजन्म न विद्यते' अर्थात पीजिए फिर पीजिए जब तक जमीन पर न गिर जाए, उठिए और फिर पीजिए क्योंकि जन्म दोबारा नहीं होता। जाहिर है मदिरापान की परंपरा व इतिहास काफी पुराना है। सोहबत-ए-मयकशी का मरकज मयखानों में युवावर्ग से लेकर उम्रदराज लोगों तक हर वर्ग की मेजबानी पूरी शिद्दत से होती है। मधुशालाओं की दहलीज पर हर जाति, मजहब के सुराप्रेमी दस्तक देते हैं। यहां किसी से कोई भेदभाव नहीं होता। देश में मदिरालयों की संख्या व मदिरा प्रेमियों की तादाद में लगातार इजाफा दर्ज हो रहा है। वर्तमान में देश की राजधानी दिल्ली आब ए तल्ख के घोटालों को लेकर सुर्खियों का केंद्र बनी है। वहां की हुकूमत ने नई आबकारी नीति के तहत शराब पीने की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष कर दी है। सुरापान के भी कुछ असूल होते हैं। इसके ऊपर जितनी बंदिश लगेगी, मदिरा की अवैध तिजारत व शराब माफिया का अवैध धंधा उतनी ही तेज रफ्तार पकड़ता है। जिन राज्यों में शराबबंदी लागू है, वहां सुरक्षा एजेंसियां लाखों रुपए की शराब जब्त कर रही हैं। शराब की कीमत में शदीद इजाफा होने के बावजूद इसकी बिक्री में कमी दर्ज नहीं होती, लेकिन शराबंदी व शराब की बढ़ती कीमत के कारण शराब माफिया की जहरीली शराब का अवैध कारोबार हर वर्ष सैकड़ों लोगों को मौत की नींद सुला रहा है। अवैध शराब यानि बिना रिकार्ड के बिकने वाली शराब। लाखों लोग इसी अवैध शराब का शिकार बनते हैं। जनवरी 2022 में जहरीली शराब ने मंडी जिला में सात नौजवानों को मौत की नींद सुलाकर सनसनी मचा दी थी। जहरनुमां शराब जानलेवा होकर अपने दुष्परिणाम दिखा रही है। अपराध व नशे की रफाकत चोली-दामन वाली रही है। कई सडक़ हादसे, फसाद, गुनाहों का पसमंजर व जुर्म की दास्तान के पीछे ज्यादातर मद्यपान की भूमिका है। जहरीले नशे के इस बहते दरिया में हजारों परिवारों के सुनहरे अरमान भी बह जाते हैं। अजीब विडंबना है। देश में नशाखोरी की मुखालफत में कई इजलास होते हैं। कई राज्य गांधी जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 'मद्यनिषेध संकल्प दिवस' का आयोजन करके दुनिया को नशामुक्ति का पैगाम देते हैं। चूंकि 'नशामुक्त भारत' भी गांधी जी का सपना था। मगर हकीकत यह है कि मधुशालाएं अर्थतंत्र का मजमून लिखकर सरकारी खजाने को गुलजार कर रहीं हैं। देश के शासक तस्लीम कर चुके हैं कि राजस्व बढ़ाने के लिए शराब के कारोबार को बुलंदी पर पहुंचाना होगा। आजादी के बाद देश में शराबबंदी के कई प्रयास हुए मगर विफल रहे। केंद्रीय योजना आयोग ने सन-1954 में देश में शराबबंदी की सिफारिश की थी। शराबबंदी के लिए ही केंद्र सरकार ने सन-1964 में जस्टिस 'टेक चंद' के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया था। टेकचंद कमेटी ने शराब की आमदनी से प्राप्त कुल राजस्व का पांच प्रतिशत हिस्सा मद्यनिषेध जागरूकता आयोजनों पर खर्च करने का मशविरा भी पेश किया था, मगर मद्यपान को समाज के हर तबके की हिमायत हासिल है। देश के हुक्मरानों से लेकर अदाकारों तक की बज्म-ए-अंजुम में आब-ए-तल्ख की अंजुमन सजती है। नतीजतन देश के किसी भी राज्य की सरकार ने केंद्रीय योजना आयोग व टेकचंद कमेटी के सुझावों को मंजूर नहीं किया। शराब उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए 'भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण' ने अल्कोहल की बोतलों पर संवैधानिक चेतावनी का संदेश अनिवार्य किया है कि शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, मगर मदिरा के प्रति मोहब्बत के जज्बात रखने वाले सुरा प्रेमियों पर उस चेतावनी का कोई असर नहीं होता।

> मदिरापान की बढ़ती प्रवृति से महसूस होता है कि सुराप्रेमी नास्तिक शिरोमणि 'आचार्य चार्वाक' के उस श्लोक को जहन में बिठा चुके हैं जिसमें उल्लेख है: 'पीत्वा, पीत्वा पुन: पीत्वा यावत पतति भूलते, उत्थाय च पुन: पीत्वा पुर्नजन्म न विद्यते' अर्थात पीजिए फिर पीजिए जब तक जमीन पर न गिर जाए, उठिए और फिर पीजिए क्योंकि जन्म दोबारा नहीं होता। जाहिर है मदिरापान की परंपरा व इतिहास काफी पुराना है। सोहबत-ए-मयकशी का मरकज मयखानों में युवावर्ग से लेकर उम्रदराज लोगों तक हर वर्ग की मेजबानी पूरी शिद्दत से होती है।

## नागरिक बोध

## समाज के ताने बाने से खिलवाड़ करती 'हेट स्पीच'

**हेट** स्पीच एक समूह, या जाति, धर्म या लिंग जैसी अंतर्निहित विशेषताओं के आधार पर किसी व्यक्ति को लक्षित करने वाले आपत्तिजनक भाषण को संदर्भित करती है, जो सामाजिक शांति को खतरा पैदा कर सकती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, देश में 2014 और 2020 के बीच घृणास्पद भाषण अपराधों में छह गुना वृद्धि हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार दोहराया है कि घृणा अपराधों के नाम पर कोई गुंजाइश नहीं है। भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म और यह राज्य का प्राथमिक कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को ऐसे अपराधों से बचाए। एक ही बयान, किसी के लिए नफरत फैलाने वाली बात हो जाता है और किसी के लिए बोलने की आजादी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार इसी उलझन में फंसा रहता है। अपनी बात कहने की आजादी से जुड़े कई कानून हमारे देश में मौजूद हैं और एकता व शांति भंग करने वाले बयानों पर पाबंदी भी है। इन कानूनों का उपयोग और दुरुपयोग दोनों की ही चर्चा होती रहती है। किसी भी ऐसी बात, हरकत या भाव को, बोलकर, लिखकर या दृश्य माध्यम से प्रसारित करना, जिससे हिंसा भड़कने, धार्मिक भावना आहत होने या किसी समूह या समुदाय के बीच धर्म, नस्ल, जन्मस्थान और भाषा के आधार पर विद्वेष पैदा होने की आशंका हो, वह हेट स्पीच के अंतर्गत आती है। सहिष्णुता और असहिष्णुता के शोर के बीच यह मामला और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि समस्या के मूल में यही है कि जनता और नेता किसी की बात को सह पाते हैं या नहीं। क्या किसी की बात सहन न होने पर हिंसा भड़क सकती है, इसलिए बयानों पर कानून के जरिए सजा दिलवाकर लगाम लगाना जरूरी है। या फिर अपनी बात कहने की आजादी सभी को है, इस लिहाज से कानून की बंदिश नहीं होनी चाहिए। समाज में अनुचित व्यवहार भेदभावपूर्ण संस्थाओं, संरचनाओं और मानदंडों को उत्पन्न करते हैं, जो असमान सामाजिक संबंधों को मान्य और बनाए रखते हैं।

# रघुवर दास के जन चौपाल में उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हेरहंज :** प्रखंड थाना क्षेत्र के तासु पंचायत ग्राम आरहारा में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता के बीच झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जन चौपाल लगाया। जन चौपाल में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी सीएम होते हुए जल, जंगल, जमीन को लूट रहा है। राज्य में ट्रांसफर पोस्टिंग का धंधा बना हुआ है ।जो पदाधिकारी पैसा देकर अपना मनचाहा ट्रांसफर करा रहे हैं वे जनता को सीधा जवाब देते हैं ।वह कहते हैं कि जहां जाना है जा सकते हो ।पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने राज्य का गठन विकास के लिए किया था और जब भाजपा की सरकार राज्य में थी तो मैंने लातेहार में भाजपा का विधायक नहीं होते हुए भी लातेहार का विकास किया हूं ।किसी भी राज्य के विकास के लिए एक पार्टी की सरकार। तभी राज्य का विकास संभव है। सरकारी पदाधिकारी गरीब ग्रामीणों को अपने कार्यालय में बैठने के लिए कुर्सी नहीं दे सकते हैं ।इसी को देखते हुए हमारी सरकार ने 181 डायल लागू किया था ताकि गरीब की समस्या का समाधान हो सके। और यह सरकार इसे बंद कर दिया है ।चोर कांग्रेसी,जेएमएम के लोग 60 साल तक राज किया है और सभी लोग इकट्ठा कर मोदी सरकार को हटाने की बात करते हैं। अध्यक्षता हेरहंज मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने किया। जन चौपाल में बढ़न सिंह, उपेंद्र साव शिवकुमार तैचुन, मीना देवी, दामोदर साब, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, दशरथ ठाकुर, देवनंदन प्रसाद शैलेस सिंह देवनंदन साहू, राम कुमार गुप्ता गंगेश्वर यादव समेत कई लोगों ने जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए अपनी अपनी समस्या रखी। इस जन चौपाल में पूर्व पार्षद प्रवीण सिंह, नीलम यादव, राजधानी यादव, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू, प्रेम प्रसाद गुप्ता, लव सिंह, विनय जयसवाल, सीतामनी तिर्की, सरोज देवी योगेंद्र भोक्ता, बंसी यादव, पंकज सिंह छोटू राजा, पवन कुमार, संजीव सिन्हा, सुनील पांडे, शैलेश सिंह कृष्णा यादव, अर्जुन कुमार, सूरज कुमार साह, मुकेश सिंह,अनिल उरांव,अशोक साहू समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# डायन बिसाही ममाले में 14 गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि डायन बिसाही मामले में 13 नामजद सहित 60 से 70 अज्ञात ग्रामीणों को अभियुक्त बनाया गया है।इस मामले में गिरफ्तारी करते हुए चार ग्रामीणों को न्यायालय पदस्थापन के लिए कार्रवाई किया जा रहा है। शांति व्यवस्था बनाये रखाने के लिए धारा 107 द0प्र0 तहत कार्रवाई किया जा रहा है। पंचायत मुखिया अन्य जनप्रतिनिधि को अंधविश्वास के प्रति जागरूकता अभियान के लिए अभियान चलाने का अनुरोध किया गया है। वही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि महिला सहित सभी 14 नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएसपी राजेश कुजूर, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, पु अनी रौशन कुमार, सजय रत्न सहित पुलिस बल उपस्थित थे। घटना से संबंधित जिसे मोबाइल से वीडियो बनाया गया था उस जब्त कर लिया गया है। डायन बिसाही ममाले में प्रदीप नागेशिया, प्रकाश नागेशिया, अजय नागेशिया, प्रभु नागेशिया, महावीर नागेशिया, प्रसनाथ नागेशिया, सरजू नागेशिया, परमेश्वर नागेशिया, जगेश्वर नागेशिया, बेलनी देवी, मन्तर नागेशिया, मदन नागेशिया, रामलखन नागेशिया व बिमल नागेशिया पर नामजद प्राथमिक दर्ज है। अन्य 60 से 70 अज्ञात ग्रामीणों को पर अज्ञात नामजद प्राथमिक दर्ज है। इधर गिरफ्तारी की ममाले को लेकर ग्रामीण थाने के बाहर बैठे ग्रामीण डायन बिसाही ममाले में पुलिस द्वारा चार ग्रामीणों को गिरफ्तार कर थाने लाये जाने पर भेड़ीगंझार के दर्जनों महिला पुरुष अपने बच्चे को गोद लिये दोपहर के समय से थाना गेट के बाहर बैठे रहे। हालांकि खबर लिखे जाने तक धारना दे रहे ग्रामीण इस बैठक के बारे कुछ भी कहने से बचाते रहे। महुआडांड़ प्रखंड में दर्जनों की संख्या में एनजीओ व अन्य संस्थान करती है काम, लेकिन अंधविश्वास, डायन बिसाही प्रथा ममाले में कोई जागरूकता अभियान नहीं चलती है। महुआडांड़ प्रखंड में जेएसपीएलएस, लीड्स, स्वालम्बन जैसी अनेकों संस्था व एनजीओ कार्यरत हैं। जो महिलाओं के विकास के लिए सैकड़ों समुहों का गठन कर बैंक से लोन लेने सहित आय में वृद्धि के उपाय को बताते हैं।

## विद्यालय में हुआ हवन-पूजन



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में पुरोहित सर्वेश पाठक जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन का कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात नए सत्र के लिए शिक्षण एवं नामांकन प्रारंभ हुआ। जिसमें बजरंग दल पलामू विभाग सहसंयोजक सूरज साहू, बजरंगदल महुआडांड़ नगर संयोजक राहुल राज, ग्रामीण संयोजक रोहित सोनी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी उज्जवल धनुष उपस्थित रहे। हवन पूजन के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्राचार्य चंद्र कुमार बेसरा, राजपति सिंह, राजेंद्र प्र. सोनी, आरती दीदीजी, रूपा दीदीजी, शैलेंद्र सिंह, रंजिता आइंद दीदीजी, संजीता नगेसिया दीदीजी, संगीता बढ़ाईक दिदीजी, सुमंती दीदीदी, पार्वती लकड़ा दीदीजी, प्रतिभा कुजूर दीदीजी की अहम भूमिका रही। जिसमें विद्यालय के सचिव संतोष यादव एवं अध्यक्ष राम जायसवाल उपस्थित रहे।

## इन्टर की परीक्षा शांति पुर्ण संपन्न

**बारियात (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्रखण्ड अंतर्गत झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित इंटर की परीक्षा अंतिम दिन बुधवार को प्रथम पाली में मनोविज्ञान व द्वितीय पाली में दर्शनशास्त्र की परिक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्रथम पाली में मनोविज्ञान की परिक्षा में 2 परीक्षार्थी में दोनों उपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में दर्शनशास्त्र की परिक्षा में भी दो परीक्षार्थी में दोनों अनुपस्थित रहे। मुख्यालय के आदर्श मध्य विधालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अनिता देवी ने बताई कि प्रथम पाली में इंटर आर्ट्स के मनोविज्ञान विषय की परीक्षा में 1 परीक्षार्थी में 1 उपस्थित रहे। उधर राजकीय कृत मध्य विधालय साल्वे के केन्द्राधीक्षक जयप्रकाश कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में इंटर आर्ट्स के मनोविज्ञान विषय की परीक्षा में 1परीक्षार्थी 1 उपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में इंटर आर्ट्स के दर्शनशास्त्र विषय की परिक्षा में 2 परीक्षार्थी में दोनों उपस्थित रहे। वहीं परीक्षा के दौरान दोनों परीक्षा केन्द्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी निरक्षण करते नजर आई। परीक्षा को कदाचार मुक्त समापन कराने में दंडाधिकारी प्रभात उरांव, चंदन कुमार, वीक्षक संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र, शंभु राम, अमित कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, विश्वरूप सिंह, श्रवण कुमार, उमेश सिंह, अजय बैठा, अल्का तिग्गा सहित कई वीक्षकों का सराहनीय भुमिका रहा।

# अम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लोडेड हाइवा बन रहे परेशानी के कारण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** सीसीएल की आम्रपाली एवं चटी बरियातू कोल परियोजना में कोयला ढोने वाले जिस वाहन का उपयोग हाइवा के रूप में हो रहा है लोग उसे यमराज की संज्ञा अब दे रहे है। हाइवा का परिचालन किस नियम के मुताबिक ग्रामीण सड़को पर धड़ल्ले से जारी है यह प्रश्न लोगो के जेहन में मौत का प्रश्न बनकर उभरा है। सूत्रों की माने में तो भारी भरकम्प हाइवा का परिचालन सिर्फ कोल्वरी क्षेत्र के अंदर 15 किलोमीटर के दायरे में ही होनी चाहिये थी लेकिन सड़क मेनुयल की धज्जियां उड़ाते हुए हाइवा का परिचालन खुले आम ग्रामीण सड़को पर किसके कहने पर किया जा रहा है यह गंभीर प्रश्न बना हुआ है। हाइवा के परिचालन को लेकर लोगो मे भय समाया हुआ लोग सड़को पर निडर होकर चलना करीब 5 वर्षो से भूल गए।वही भूल वश कोई दुपहिया वाहन हाइवा की गतिविधि को ध्यान में न रखते हुए गाड़ी चलाता है तो उसकी यह भूल मौत का कारण बन जाती है। टंडवा से उड़सु, लरंगा, कल्याणपुर, पांडे मोड़ आदि जगहों में अब तक कि सड़क दुर्घटना में दर्जनों से भी ऊपर लोग हाइवा रूपी यमराज की चपेट में आने मौत के मुंह मे समा चुके है ।मरने वालों में बड़े, बूढ़े, एवं बच्चे सभी वर्ग के लोग शामिल है ।वर्तमान में वही हाइवा की बेलगाम रफ्तार पर कोई रोक नही लग पाया है वही सड़को की धज्जियां उड़ाने में भी हाइवा ने कोई कसर नही छोड़ी है। सड़क का बनना ओर उजड़ना मानो इस क्षेत्र के लिए नियति बन चुकी है ।वही बेजान हाइवा को देखकर भी लोग इसे यमराज का नाम दे चुके है जिससे बच कर रहना लोगो के लिए बेहद जरूरी हो गया है। वही हाइवा के परिचालन में नो सीखिए ड्राइवरों की भर्ती भी दुर्घटना का मुख्य कारण बन कर सामने आया है

# आजसू कार्यालय में मनाया गया रघुनाथ महतो का शहादत दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** प्रखंड अन्तर्गत चटनाही में दिन बुधवार को आजसू पार्टी के द्वारा लातेहार आजसू कार्यालय मे चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता अमित पाण्डेय ने की।महान स्वतंत्रता सेनानी तथा जल, जंगल और जमीन के लिए अपनी आवाज़ बुलंद करनेवाले क्रांतिकारी एवं झारखंड के वीर सपूत रघुनाथ महतो जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन तथा समस्त राज्यवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की अनंत शुभकामनाएं दी साथ ही साथ लातेहार अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी कल दिनांक 6 अप्रैल को व्यापक जन आक्रोश रैली निकालेगी जो बाजार टांड़ लातेहार से 10:30 निकलकर समाहरणालय परिसर में पहुंचेगी और यह रैली एक दिवसीय धरना का रूप लेगी तथा इस फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगी। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि जिले के सभी वैसे लोग जोकी अंचल के कार्यप्रणाली से त्रस्त है वह भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, संजय कुमार तिवारी, प्रितम कुमार गुप्ता, ताज मोहमद, एस एस यादव, दिपक प्रजापति, नबू भुइंया, बिनोद यादव, अजय मांझी, आरती देवी, राहुल कुमार पांडेय ,नानू भुइंया, मनोज भुइयां, रीमा देवी, सुलेखा देवी, रिजवाना खातून, प्रतिभा देवी, चिंता देवी, पूजा देवी, आदि कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

## रेफरल हॉस्पिटल में प्रसव मरीजों के खाने में पड़ा डाका



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमण्डल के एक मात्र रेफरल अस्पताल में इन दिनों प्रसव कराने आ रही मरीजों का निवाला पर भी डाका पड़ रहा है। हॉस्पिटल में भर्ती प्रसव मरीजों के परिजनों का कहना है कि हम लोगों को सुबह नास्ता में मात्र एक टोस और अंडा दिया गया ना चाय मिली ना पानी। वहीं दोपहर केवल खिचड़ी मिली पानी नदारद। पानी मांगने पर बाहर से खरीदने की बात कही गयी। वहीं प्रभारी अशोक कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि एक मरीज पर प्रति दिन एक सौ रूपये के हिसाब से मिलता है। जबकि प्रसव मरीज को 48 घण्टे एडमिट रखना है तब डिस्चार्य करना है। लेकिन खाना क्या मिलता है हमें पूरी जानकारी नहीं है। वैसे खाना आपूर्ति करने वाले होटल का तलाश जारी है । फिलहाल होटल वैसे खाना आपूर्ति करने वाला तैयार नहीं हुआ है सौ रूपये में। हलाकिं यह चिंता की विषय है।

## प्रशासन के पहल पर ग्रामीणों का जाम हटा, आवागमन जारी



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीओ विजय दास व इंस्पेक्टर रंजीत रौशन के पहल पर टंडवा-पिपरवार मुख्य सड़क से हटा जाम, कोल वाहनों का परिचालन हुआ शुरू। सड़क दुर्घटना में घायल परिजनों को पांच लाख पच्चास हज़ार नगद के साथ एनटीपीसी के अधीन कंपनी में आश्रित को नौकरी देने की सहमति पर कोल वाहनों का परिचालन हुआ शुरू। सीओ विजय दास ने कंपनियों को दिया कई दिशा निर्देश, नियमों के पालन नहीं करने वाले कंपनियों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई। मौके पर मुखिया पति सुभाष दास सुभान मियां महेश मुंडा विकाश पांडेय उपेंद्र पांडेय समेत अन्य ग्रामीण व परिजन थे मौजूद। कोल हाईवा के चपेट मे आने से टंडवा भुइयां टोली निवासी आनंदी भुइयां हुआ था गंभीर रुप से घायल। घटना में एक पैर परखच्चे उड़ गया था। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा मांग को ले टंडवा-पिपरवार मुख्य सड़क से कोयला ढुलाई किया था बंद।

# बालूमाथ, हेरहंज व बारियातु की सरना समिति का गठन, अध्यक्ष बने ऐष्वर्य उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना भवन में बुधवार को बालूमाथ, हेरहंज व बारियातु का आदिवासी सरना समिति का गठन दिलीप उराँव की अध्यक्षता में किया गया। इस समिति में अध्यक्ष ऐश्वर्या उराँव, उपाध्यक्ष माधव सिंह, सचिव बलदेव गंझु, उप सचिव मोहन गंझू, कोषाध्यक्ष रमेश उरांव, महामंत्री सुरेश उरांव, संगठन मंत्री शंभू गंझू, कार्यकारिणी सदस्य संतोष उरांव, शंकर उराँव,सुरेंद्र भोगता,संतोष भोगता,रामेश्वर भोगता, बीरेंद्र उरांव समेत कई लोगों के नाम शामिल है वही अध्यक्ष ऐष्वर्य उराँव ने कहा कि जिस तरह से हम अपनी आर्ट कल्चर को धीरे धीरे खोते जा रहे है।जिसे बचाये रखने के लिए हम इस समिति के माध्यम से अपनी संस्कृति को नई पीढ़ी के युवाओं को जागरूक करने की पहल करेंगे ताकि आने वाले समय मे हमारी संस्कृति बिलुप्त न हो सके। मौके पर संदीप उरांव, कमलेश उरांव ,रविंद्र उराँव, संजय उरांव, रामलाल भगत, नारायण भोक्ता, प्रदीप भोगता, निलेश भोगता, महिंद्र उराँव, शंकर उराँव, लल्लू उराँव, शिबु उराँव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आदिम जनजाति परिवार को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** सरकार के चहेते आदिम जनजाति परिवार कब तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहेंगे इसकी गारंटी लेने वाले कोई नहीं दिखते चाहे वह क्षेत्र के प्रतिनिधि हो या फिर सरकार के मुलाजिम। जहां इनकी मूलभूत सुविधाओं में सड़क की दुर्दशा शिक्षा की अपूर्ण व्यवस्था शिक्षा के लिए, शिक्षा के लिए जागरूकता नहीं, पेयजल की घोर समस्या से जुझते इनकी जीवन लीला समाप्त होती जा रही है। जहां एक तरफ सरकार पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में लाखों रुपए खर्च करती है पर वह व्यवस्था कमीशनखोरी की भेंट चढ़ जाता है। पीएचडी व पंचायत के द्वारा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की लेकर स्थल चयन में अनियमितता बरती जा रही होती है। प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर के गम्हरिया टोला में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने पर आदिम जनजाति के लगभग आठ से दस परिवार ढोंढा के किनारे चुंआडी खोदकर दूषित पानी पीने को मजबूर है।

# शिशु विद्या मंदिर में सम्मान समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** शहर के बाजकुम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में दिन बुधवार को प्रातः वंदना सभा में पूर्व छात्र भैया ज्ञानदीप कुमार को लातेहार जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता में लातेहार जिला में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। लातेहार जिला अधिकारी, उपायुक्त भोर सिंह यादव एवं लातेहार विधायक बैधनाथ राम के द्वारा भैया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राप्त पुरस्कार से विद्यालय में वंदना सभा में विद्यालय सचिव विवेक कुमार गुप्ता, समिति सदस्य आरती देवी, प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व छात्र भैया ज्ञानदीप कुमार को सम्मानित किया गया। तथा विधालय का प्रधानाचार्य शर्मा ने कहा कि यह अविभावक, शिक्षक एवं छात्र का लगन और मेहनत का ही प्रतिफल है।हमारा मानना है। कि अगर आप अच्छे विधालय का चयन करते हैं। तो निश्चित रूप से आपके बच्चे उन्नति की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे ज्ञानदीप जैसे छात्र पर गर्व है।की इन्होने सिर्फ अपना ही नाम नहीं बल्कि विधालय का भी नाम उच्चा किया।

## नशा के चार सौदागर को दस-दस साल का सश्रम कारावास

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह राकेश कुमार सिंह की अदालत में बुधवार को नशा के चार सौदागरों को सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तथा 100000 जुर्माना भी देने का आदेश सुनाया है जुर्माना नहीं देने की स्थिति में सभी सभी सजायाफ्ता आरोपियों को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।यहां बताते चलें कि यहां बताते चलेगी दिनांक 10 जून 2021 की मध्यरात्रि को इटखोरी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की चार तस्कर अफीम व डोडा लेकर चौपारण के रास्ते बाहर जाने वाले हैं गुप्त सूचना पर इटखोरी थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा एवं पुलिस अवर निरीक्षक अंकित कुमार झा पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ राम के नेतृत्व में इटखोरी थाना क्षेत्र का नगवां पूल के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाई इसी दौरान एक बोलेरो गाड़ी आई जिसका जांच करने पर 250 ग्राम गीला अफीम बरामद किया गया था नगद 110000 रुपया बरामद किया गया, बोलरो पर दो व्यक्ति सवार थे जिनका नाम पूछने पर दोनों ने अपना नाम सुनील कुमार सिंह तथा संदीप कुमार सिंह पिता यशवंत सिंह साकिन बकचुंबा थाना राजपुर जिला चतरा बताया इसी दौरान एक मिनी ट्रक आई जिस पर दो लोग सवार थे जिनका नाम पता पूछने और उन्होने अपना नाम बहादुर सिंह पिता माडा सिंह साकिन लोंगवार जिला संगरूर तथा दूसरे ने अपना नाम कुलवंत सिंह पिता देयाल सिंह साकिन रतीके जिला संगरूर पंजाब बताया।ट्रक का जांच करने पर उसमे ढाई किवंटल डोडा लदा हुआ मिला, सभी को जब्त किया गया। इस कांड में सरकार की ओर से लोक अभियोजक एल बी मंडल था बचाव पक्ष की ओर से सुबोध कुमार मिश्रा और संत कुमार सिंह ने अपनी अपनी दलील पेश की। सभी साक्ष्य के आलोक में अभियुक सुनील कुमार सिंह और संदीप कुमार सिंह को साढ़े तीन साल की सजा और 15000 जुर्माना की सजा सुनाई गई जुर्माना नहीं देने के स्थिति में छह माह का अतरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई इसी प्रकार अभियुक्त बहादुर सिंह एम कुलवंत सिंह को 10 10 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई और एक एक लाख का जुर्माना की सजा दी गई। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में एक एक साल की अतरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

# लातेहार में धूमधाम से मना स्थापना दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर टाउन हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 13 स्कूल के विद्यार्थियों ने अलग अलग थीम पर नृत्य, संगीत पर प्रस्तुति दी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उपायुक्त द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समूह ग्रुप में कस्तूरबा गाँधी उच्च विद्यालय, लातेहार को प्रथम, कस्तूरबा गाँधी विद्यालय बालूमाथ को दूसरा एवं कस्तूरबा गाँधी विद्यालय चंदवा को तीसरा पुरस्कार दिया गया। एकल में निशि रानी ने प्रथम, नव्या राजपूत ने द्वितीय व ऋषिका रंजन ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। मंच का संचालन आशीष टैगोर ने किया। जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि एवं जिले के प्रबुद्ध नागरिक व काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास बुधवार को थाना चौक के समीप तेली मोहल्ला में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद के आवास पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने बुके और अंग वस्त्र दे कर जोरदार स्वागत किया। रघुवर दास जिस बूथ में पहुंचे थें, वहां बीजेपी कभी नहीं हारी है। रघुवर दास ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार जनता से किये वादे को पूरा करने में विफल साबित हुई है। इनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। रोजगार के अभाव में नवयुवक दूसरे प्रदेश में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की विफलताओं को लेकर आम जनों के पास जाएं और ग्रामीणों की आवाज बनने का कार्य करें। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा संचालित कई योजनाएं चलाई जा रही है, लेकिन राज्य सरकार के लापरवाही के कारण लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यकर्ता ग्रामीणों के बीच जाएं और उनकी समस्या को सुने। कार्यकर्ताओं के बदौलत ही संगठन को मजबूती मिलेगी। लातेहार के कार्यकर्ताओं ने भी रघुवर दास के समक्ष कई समस्याओं को रखा है। जिसे निराकरण का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीकृष्णा सिंह जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा गोविंद प्रसाद, राजू प्रसाद, सुधा देवी, राजेन्द्र प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, राजधानी यादव, पंकज सिंह, विष्णु गुप्ता, बद्री प्रसाद बसंत प्रसाद, राजन तिवारी, पवन गुप्ता रंजित प्रसाद रवींद्र प्रजापति पिंटू प्रसाद, धुर्व पांडेय, राजकुमार प्रसाद, शिवनाथ मेहता, अवधेश चन्द्रवंशी, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### बायोमेट्रिक पद्धति से दर्ज होगी विद्यार्थियों की उपस्थिति

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव की अध्यक्षता में बुधवार को कुलपति सम्मेलन कक्ष में सभी संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में परीक्षा फल का प्रकाशन नियत समय पर किए जाने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी। परीक्षा प्रपत्र भरने की सूचना 15 दिन पहले की दी जाएगी तथा परीक्षा का कार्यक्रम 21 दिन पहले जारी की जाएगी ताकि विद्यार्थी को किसी भी तरह की कठिनाई न हो सके। कुलपति डॉक्टर देव ने बताया कि कुलाधिपति के निर्देश के आलोक में अब विद्यार्थियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक पद्धति से दर्ज होगी तथा इसका पालन सख्ती से करना होगा। जो विद्यार्थी अपनी निर्धारित उपस्थिति पूरा नहीं करेंगे उन्हें परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित कर दिया जाएगा। परीक्षा प्रपत्र भरने के पहले ही अब इंटरनल मार्क्स परीक्षा विभाग में समर्पित किया जा सकेगा। डीट परीक्षा के लंबित इंटरव्यू संपन्न कराकर शीघ्र ही परीक्षाफल प्रकाशित किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सभी विभागों में खराब पड़े कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, डिजिटल बोर्ड की स्थिति की जानकारी देने का निर्देश देते हुए खराब पड़े उपकरणों को दुरुस्त किए जाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सभी संकाय अध्यक्ष और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

### वुमेंस कॉलेज में शुरू हुआ स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** के बी महिला महाविद्यालय, हजारीबाग में झारखण्ड राज्य के उच्चतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुविधा से जोड़ने के लिए झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रज्ञा केन्द्र (छ्स्ष्ट) सेवा को प्रारम्भ किया गया है। इस सेवा केन्द्र के प्रारम्भ होने से यहाँ के छात्राओं को कई डिजिटल सेवाएँ महाविद्यालय के प्रांगण में ही उपलब्ध होंगी तथा छात्राओं को विभिन्न प्रमाण- पत्र प्राप्त करने में सुविधा होगी। इस केन्द्र में छात्र-छात्राओं के लिए वोटर कार्ड, पैन कार्ड, ई- श्रम कार्ड, पासपोर्ट, जीवन प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, विकलांग प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनके अतिरिक्त केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रदत्त अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस सेवा केन्द्र पर छात्र- छात्राओं को सुविधा प्रदान करने के लिए मो0 शहनवाज हुसैन एवं उनके सहयोगी पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में उपलब्ध रहेंगे। तत्संबंधी बैठक में कॉमन सर्विस सेन्टर के जिला प्रबंधक श्री रौशन कुमार एवं निजामुद्दीन उपस्थित थे।

### कार्तिक राणा की पांचवीं पुण्यतिथि पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के पिताजी स्वर्गीय कार्तिक राणा की पूण्य तिथि हजारीबाग कोर्रा में उनके निवास स्थान पर पूजा-हवन के साथ पूष्पान्जलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर स्व राणा के परिवार एवं उनके मित्र गण उपस्थित हुए,जिनमे किशोरी राणा,उमेश राणा,महावीर राणा,भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, प्रेम राणा, पुनीत राणा, अशोक राणा ,सुनिल राणा,महादेव विश्वकर्मा,मोहन राणा,गोलू, मुकेश,अभिनाश, आकाश,सुनिल, ऋशि,देवराज समेत गांव के गणमान्य लोग शामिल थे।

### अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार है महुआ फसल

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख नगदी फसल महुआ फल पिछले फाल्गुन मास से प्रारंभ हो गई है।ग्रामीण इलाकों में लोग अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेतों-जगंलों व पहाड़ी क्षेत्रों में लगें पेडों से लोग महुआ फल एकत्रित करने में लगें हुए हैं।महुआ का फसल ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए आजीविका का मुख्य स्त्रोत है।महुआ का फसल होली के बाद से ही थोड़ी-थोड़ी मात्रा में महुआ के पेडों से आना प्रारंभ हो जाती है।परतुं जैसे-जैसे गर्मी कि तपिश बढने लगती है।वैसे-वैसे महुआ का फसल भी तेजी से फलती है।परतुं पिछ्ले कुछ दिनों से बेमौसम बारिश एवं आंधी-तूफान के चलते महुआ के फसलों को कुछ नुकसान हुआ है।परंतु ग्रामीणों ने बताया कि बारिश से महुआ कि कुछ फूनगियों का नुकसान हुआ है।खैर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि जब बारिश हुई तो ज्यादातर पेडों का फूनगियां में फूल नहीं लगा था।जिससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।मार्च से महुआ फसल का सीजन आरंभ हो जाता है जो अप्रैल-मई तक चलता है।

### मृत प्रवासी मजदूरों के आश्रितों को जल्द मिलेगी सहयोग राशि : कुमकुम

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के घसकोडीह निवासी झारखंडी महतो और गैडा निवासी मोहन पंडित की मृत्यु प्रवासी मजदूरी के दौरान हो गई थी।इन दोनों के निधन से छोटे-छोटे मासूम बच्चें एवं उनके विधवा पत्नी भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।दया बहन के नाम से मशहूर जिप सदस्य कुमकुम देवी इन दोनों को सरकारी सहायता दिलवाने के लिए प्रयासरत हैं।साथ ही इनके घर पहूंचकर उन्होंने सारे कागजात जुटाए और श्रम अधीक्षक हजारीबाग कार्यालय में जमा कराया।वहीं परिजनों के समक्ष उत्पन्न विकट आर्थिक संकट से श्रम अधीक्षक को अवगत कराया गया।इस बाबत श्रम अधीक्षक ने बताया कि दोनों मृत प्रवासी मजदूर के मुआवजा राशि डेढ़ लाख रुपए करके स्वीकृति हो चुकी है।एलाउटमेंट आते ही दोनों आश्रितों को सहयोग राशि मिल जाएगी।एक ओर जहां आश्रितों ने कुमकुम देवी का आभार जताया वहीं कुमकुम ने गरीब परिवारों के लिए सहयोग राशि स्वीकृत किए जाने पर श्रम अधीक्षक के प्रति आभार प्रकट किया।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने रामगढ़ में विभिन्न विकास कार्यों का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को मंत्री श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी मंत्री रामगढ़ श्री सत्यानंद भोक्ता ने रामगढ़ जिले के दौरे के क्रम में विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन रामगढ़ के वरीय अधिकारियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में जिले के विभिन्न विकास कार्यों/योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने 1940 में स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की अध्यक्षता में रामगढ़ में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 53 वें अधिवेशन को समर्पित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क (मॉडल कम्युनिटी पार्क, छत्तरमांडू का उद्घाटन किया जिसके उपरांत उन्होंने रामगढ़ जिले वासियों मि लंबे समय से रही मांग एवं बहुप्रतीक्षित बिरसा बस स्टैंड, रामगढ़ के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास किया।

दौरे के दौरान माननीय मंत्री के द्वारा रामगढ़ जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने एवं खेल प्रेमियों को समर्पित बाजारटांड, रामगढ़ स्थित नवनिर्मित सिदो-कान्हू स्टेडियम का उद्घाटन किया गया वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय मांडू में बच्चियों के अत्यधिक संख्या को देखते हुए न्यास परिषद के अनुमोदन के उपरांत उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर तीव्र गति कार्य कर पूर्ण हुए 16 शौचालयों एवं 16 बाथरूम का उद्घाटन किया गया। दौरे के क्रम में माननीय मंत्री के द्वारा कुल 14 योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास किया गया जिनमें उपरोक्त के अलावा पतरातू डैम के कटुवा घाट का सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन, सुकरीगढ़ा रामगढ़ में निर्माणाधीन सामान्य केंद्रों में चारदीवारी एवं अप्रोच रोड के निर्माण कार्य का उद्घाटन, दुलमी प्रखंड के सिकनी दुर्गा मंदिर से चितरपुर रेलवे ब्रिज तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, ग्राम उकरिद मोड़ (सोसो मोड़) से चामरोम मोड़ तक पथ मरम्मती कार्य का उद्घाटन, पतरातु रांची मुख्य पथ (पतरातू डैम) पलानी झरना तक जाने वाले पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास, प्रखंड गोला के साडम में स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य का शिलान्यास, मांडू के बसंतपुर पश्चिमी अंतर्गत चुटुवा नदी के केंदूबार में पुल निर्माण कार्य का उद्घाटन, पतरातू प्रखंड के सुथरपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास, मांडू प्रखंड के जोड़ाकरम में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं दुलमी प्रखंड के सोसो में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा किया गया।

## मिशन अंत्योदय सर्वे को लेकर सांकुल में ग्राम सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बुधवार को सांकुल पंचायत सचिवालय में मिशन अंत्योदय सर्वे 2022-23 में प्राप्त आकड़ों को लेकर ग्राम सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत मुखिया सुमन भारती ने किया। सभा में आकड़ों को लेकर एवं योजनाओं के बारे में चर्चा की गयी। मौके पर सभी वार्ड सदस्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका जल सहिया जेएसपीएल समूह उपेन्द्र सिंह परमानंद राजीव चंद्रदीप साव रामकुमार राम आकाश कुमार रवि सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## आजसू ने मनाया रघुनाथ महतो का शहादत दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आजसू पार्टी कार्यालय में चुआड़ विद्रोह के महानायक महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया ! आजसू पार्टी की हज़ारीबाग जिला कमिटी द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने किया ! आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद रघुनाथ महतो के चित्र पर फूल माला अर्पित



कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया !

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि अमर शहीद रघुनाथ महतो भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे, जिन्होने 1769-78 में अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। चुआड़ विद्रोह, छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह था। रघुनाथ महतो का जन्म 21 मार्च 1738 ई को वर्तमान सरायकेला खरसावां जिले के निमडीह प्रखंड के घुंटियाडीह गांव में हुआ था।उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जो विद्रोह किया था, उसे चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है। उन्होंने ÷अपना गांव, अपना राज, दूर भगाओ, विदेशी राज÷ के नारा दिया था।

## मासस कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** मार्क्सवादी समन्वय समिति प्रखंड डाड़ी इकाई की बैठक बुधवार को गिददी सी कॉलोनी कार्यालय प्रांगण में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता कांमरेड सुंदरलाल बेदिया ने किया। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को कांमरेड गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस को गिद्दी ए हॉस्पिटल चौक पर मनाने का निर्णय लिया गया। जबकि आगामी 22 अप्रैल को मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) के स्थापना दिवस पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहीं गई।



साथ ही चौरई हजारीबाग में पार्टी का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इधर एक मई मजदूर दिवस को लेकर गांव-गांव में व्यापक प्रचार प्रसार कर शहीद दिवस और मासस की स्थापना पर एकजुटता का परिचय देने आह्वान हुआ। वक्ताओं ने कहां कि कार्यक्रम के माध्यम से पूंजीवाद विरोध और साम्राज्यवाद के खिलाफ आगे संघर्षों के रास्तों पर बढ़ने का कार्य होगा।

## समिति के लोगों ने मनाया प्रथम स्वतंत्रता सेनानी का शहादत दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति के तत्वधान में कटिया चौक पीटीपीएस में चूआड़ विद्रोह के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। अध्यक्षता मुखिया सह समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार महतो तथा संचालन सानिध्य एनजीओ के सचिव अमित कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पार्षद राजाराम प्रजापति के द्वारा शहीद रघुनाथ महतो के कट आउट पर माला पहनाकर और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उन्होंने



कहा प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चला चूआड़ विद्रोह झारखंड की गौरव गाथा है। देशभर में आजादी का यह पहला बिगुल था। परंतु, आजादी के उपरांत ऐसे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान इतिहास के पन्नों में गुम हो गए। वहीं कार्यक्रम के दौरान शहीद रघुनाथ अमर रहे के नारे लगाए गए। मौके पर अनीता जैन राहुल कुमार दिलीप सिंह प्रियनाथ मुखर्जी भुनेश्वर महतो प्रदीप महतो सुरेश झा कोलेश्वर महतो गणेश कुमार ठाकुर नंद किशोर महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एनटीपीसी केरेडारी परियोजना के खनन कार्य का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्र के पाण्डु ग्राम में एनटीपीसी केरेडारी परियोजना ने खनन कार्य शुभारंभ करने को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम में एक तरफ पूजा की जा रही थी पूजा समापन के तत्पश्चात दुसरी तरफ सलाम के साथ साथ फतेहा पढ़ा गया । इस कार्यक्रम को लेकर ग्राम, पाण्डु काबेद, बेंगवरी , मनातू, तरहेसा , लोचर , बलेदेवरी अन्य ग्राम के दोनों समुदाय के द्वारा एकता का मिसाल पेश करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में पुलिश अधीक्षक हजारीबाग मनोज रत्न चौथे जी को एनटीपीसी कार्यकारी निदेशक खनन मुख्यालय पार्थ मजूमदार ने पुष्प भेट एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, केरेडारी एनटीपीसी के महाप्रबंधक फैज तैय्यब ने कार्यकारी निदेशक खनन मुख्यालय पार्थ मजूमदार को पुष्प भेट किया , पाण्डु पंचायत की मुखिया सकीबा खातून ने पुलिश अधीक्षक हजारीबाग मनोज रत्न चौथे को पुष्प भेट



किया , मुखिया बेली कुमारी ने एसडीओ विद्याभूषण को पुष्प भेट किया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पुष्प भेट किया । उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार, पुलिस अधिक्षक मनोज रत्न चौथे, एसडीओ विद्याभूषण कुमार , एसडीपीओ अमित कुमार,मुखिया सकीबा खातून, मुखिया बेली कुमारी, प्रमुख सुनिता देवी,मुखिया महेश साव अन्य लोगो द्वारा किया गया। उसके बाद ट्राई साइकल एवं छात्रों के लिए साइकल भी वितरण किया गया। कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में उपास्थित ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आभार प्रकट करता हूं और कहा कि राज्य में केरेडारी कोयला खनन परियोजना में ऐतिहासिक खनन कार्य शुभारंभ हुआ ये कार्य बीना ग्रामीणों के सहयोग के बीना नही हो पाता इसके लिए भी मै आप सभी को आभार प्रकट करता हूं, केरेडारी परियोजना महाप्रबंधक फैज तैय्यब ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की जिस तरह यहां के लोग सहयोग किए है उनको में आभार प्रकट करता हूं एवं आपलोगो को अस्वस्त करता हूं की मै विस्थापित क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार में जोड़ने का कार्य हर संभव प्रयास रहेगा। , पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चौथे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की जिस तरह यहां की ग्रामीण एनटीपीसी को सहयोग करके आज खनन कार्य शुभारंभ करवाया है उनको में आभार व्यक्त करता हूं। एवं यह भी कहां की यहां किसी तरह की कोई विस्थपितों कोई परेशानी होती हैं तो मुझसे मिल सकते है मैं आपके सेवा में सदैव तत पर हूं। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक पर्थ मजूमदार केरेडारी प्रियोजना महाप्रबंधक फैज तैय्यब अपर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता एस एस पी श्री मनोज रत्न चौथे एस डी ओ विद्या भूषण कुमार एसडीपीओ अमित कुमार सिंह केरेडारी थाना प्रभारी एन जी केरकेटा सी ओ राकेश तिवारी तथा पंचायत के प्रतिनिधी मुखिया सकीबा खातून प स स खदीजा खातून मुखिया बेली कुमारी पूर्व मुखिया रब्बानी मियां पूर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे एव राम स्वरुप ओझा रियाज़ अंसारी समीम अंसारी बरकत अली अनील राम फूल देव राम अशोक राम इनायत अंसारी संजर राजा एवं हजारों लोग उपस्थित थे।

## सुभाषनगर अरगड्डा में पूजा के बाद 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन आयोजित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के सुभाष नगर मंडप पूजा स्थल पर बुधवार को भक्तों द्वारा विधिवत पूजन के बाद 24 घंटे के लिए अखंड हरिकीर्तन आरंभ किया गया। कीर्तन बिहार मंडली द्वारा हुआ हैं। पूजा ब्राह्मण आर. तिवारी द्वारा मंत्रोच्चारण से हुआ। यजमान अजय झा थे। लोगो के बीच प्रसाद बुंदिया बांटे गये। भक्तों ने बताया कि रामनवमी के बाद अखंड हरि कीर्तन पूर्णिमा के एक दिन पूर्व सुभाष नगर में होता हैं। जिसके दूसरे दिन कीर्तन का समापन खिचड़ी भोग प्रसाद भक्तों के बीच वितरण कर किया जाता हैं। मौके पर गणेश सिंह, अजय झा, पंकज झा, सतेन्द्र कुमार महतो, सतीश कुमार, संदीप सिंह, अभय कुमार सिंह, धीरज कुमार पांडेय, राज कुमार सिंह, राकेश पासवान, धीरज तिवारी, गोपाल कुमार, निर्भय सिंह, राहुल कुमार, उमेश पासवान, विशाल कुमार, उमेश राम, मुकूल कुमार, हनी कुमार, रितेश कुमार झा, दीपक पासवान, प्रिंस, अली अंसारी, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## जीएम ऑफिस अरगड्डा सभागार में मासिक सुरक्षा बैठक आयोजित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा जीएम ऑफिस सभागार में बुधवार को क्षेत्रीय मासिक सुरक्षा समिति बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्य रूप से अरगड्डा महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे, सुरक्षा पदाधिकारी एसके तिवारी, जीएम यूनिट इंस्पेक्टर राजूराम, कोऑर्डिनेटर मनोकामना सिंह उपस्थित थे। बैठक में जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी खदानों के आस-पास सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जबकि चोरी, अवैध निर्माण, क्वार्टर कब्जा समेत गड़बड़ियों पर भी नकेल कसने की बात कहीं। इसके अलावे सीसीएल सुरक्षा विभाग के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर कोयला उत्पादन में लगातार आगे बढ़ने के बारे में बतलाया। वहीं सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी ने कहां कि पर्याप्त संसाधनों से हम लोगों को कंपनी हित और सुरक्षा के लिए लगातार सचेत रहने की जरूरत हैं। सभी प्रहरी इसका पालन करें। मौके पर जीएम यूनिट के भैयालाल, वाशरी गिद्दी के एसके ओझा, गिद्दी ए के सुरक्षा पदाधिकारी करमाली साहब, प्रभारी मोहम्मद हजरत,रेलीगड़ा सुरक्षा प्रभारी सोनू, सिरका के प्रभारी आतिश, रीजनल स्टोर प्रभारी, प्रहरी शंकर, मिथलेश साव, रंजीत कुमार, कुलदीप खलखो आदि उपस्थित थे।

## रघुनाथ महतो का 245 वां शहादत दिवस मनाया गया

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर के मायल पंचायत मे 5 अप्रैल 2023 को आज शहीद रघुनाथ महतो चौक मायल गावँ में क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की 245 वीं शहादत दिवस मनाई गई इस अवसर पर आदिबासि कुड़मि समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष निरंजन महतो बसरियार ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला एवं देश स्तर पर उन्हें शहीद का दर्जा देने की मांग रखी !उन्होंने कहा कि वीर श हीद के बताए मार्ग पर हमसबों को चलकर अपने जीवन मे उतारने कि जरुरत है। इस मौके पर मुख्य रूप से तेजलाल महतो, मुखिया धोवैया पंचायत सह अध्यक्ष मुखिया संघ गोमिया, लालू कुमार महतो उप मुखिया माइल, शिवचरण महतो ग्राम प्रधान माइल, कामेश्वर महतो गोवर्धन महतो महेंद्र महतो कृष्णा महतो रामकिशुन महतो डब्ल्यू महतो मिथिलेश कुमार महतो दिलीप महतोह बादल महतो विकास कुमार महतो मुकेश महतो नकुल महतो सखी महतो लारा दिनेश महतो मनीष कुमार महतो संजीत कुमार मनीष महतो दयानंद कुमार पटेल छोटू प्रजापति प्रेम कुमार प्रजापति प्रमोद कुमार महतो पारसनाथ महतो ईश्वर महतो सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए ।

# रसोईया धमना टोल प्लाजा पर बरही युवा कांग्रेस ने दिया सांकेतिक धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्ति के विरोध में व टोल टैक्स में वृद्धि के खिलाफ बरही के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बरही के कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में ÷जय भारत सत्याग्रह आंदोलन÷ के तहत बरही टोल प्लाजा पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस सांकेतिक धरना की अध्यक्षता युवा कांग्रेस बरही विधानसभा के अध्यक्ष मनोहर यादव व संचालन युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार जयसवाल ने किया। कार्यक्रम पूर्वाहन 11ः30 से दोपहर 1ः20 तक चला। कार्यक्रम टोल प्लाजा को जाम करते हुए किया गया। इस



दौरान करीब एक किलोमीटर तक वाहनें बरही टोल प्लाजा के पास जाम में फंसी रही। करीब 1 किलोमीटर तक वाहनों का कतार लग गया। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो आदि प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद थे।मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि राहुल गांधी की आवाज दबाने के लिए बदले की कार्रवाई के तहत संसद की सदस्यता समाप्त की गई। वहीं उन्होंने कहा की महगाई चरम सीमा पर है, पेट्रोल डीजल में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। फिर भी देश के जवान जाग नहीं रहे हे। हम कह रहे हे की आप आगे आए कांग्रेस आपके साथ है।

# आजसू कार्यकर्ताओं ने शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि मनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आजसू कार्यालय बड़कागांव में प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के अध्यक्षता में शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि मनाई गई। आजसू कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि अमर शहीद वीर रघुनाथ महतो ने भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों के दांत खट्टे किए। वह एक महान क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे। जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। वही प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह



किया था। रघुनाथ महतो ने समाज के लिए अपनी कुर्बानी दी। ऐसे महापुरुष किसी समुदाय जाति के बंधन में बंधे नहीं हुए सिर्फ भारत माता के सपूत है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के काला कानून के खिलाफ रघुनाथ महतो ने ग्रामीणों को एकजुट कर तत्कालीन एक शस्त्र विद्रोह का शंखनाद किया था। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, जिला सचिव दिनेश कुमार, तुलेश्वर राम, सनी कुमार, हीरा महतो, कमलेश कसेरा, भुनेश्वर महतो, डॉलेश्वर कुमार, प्रकाश कुमार के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आईपीएल 2023 के लिए हिंदवेयर लिमिटेड ने पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ की साझेदारी




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), जो कि सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक और दुनिया भर में क्रिकेट फैंस के लिए एक ख़ास कार्यक्रम है, 31 मार्च, 2023 से अपने 16वें एडिशन की शुरुआत कर चुका है। इसके साथ ही हिंदवेयर लिमिटेड, जो कि कम्पलीट बाथरूम सोल्यूशंस में एक लीडर है ने, आगामी 2023 सीज़न के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो सबसे बड़ी टीमों - पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। यह स्ट्रेटेजिक साझेदारी हिंदवेयर को देश भर के क्रिकेट फैंस के साथ अपने ब्रांड की विज़िबिलिटी और इंगेजमेंट को मजबूत करने में सक्षम बनाएगी।इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए सुधांशु पोखरियाल, चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर, बाथ एंड टाइल्स, हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा ÷क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो पूरे देश को एक थ्रिलिंग (रोमांचकारी) स्पोर्टिंग एक्शन से जोड़ता है जो कि दुनिया भर के तमाम भारतीयों के लिए किसी दावत से कम नहीं है। हम पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ जुड़कर बेहद खुश हैं। इस सिनर्जिक पार्टनरशिप के जरिये, हम अपने दर्शकों के साथ और अधिक जुड़ने की आशा करते हैं। इसके अलावा हमें पूर्ण विश्वास है कि यह साझेदारी हमें अपने ब्रांड की उपस्थिति को मजबूत करने और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाथरूम सोल्यूशन के मार्किट में ग्रोथ (विकास) को गति देने में मदद करेगी।

## टोल टेक्स में वृद्धि करने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मांडर टोल प्लाजा में किया गया




**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष के आदेश अनुसार एवं राँची ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुजूर के निर्देशाअनुसार कांग्रेस के माननीय पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी जी के सदस्यता समाप्त करने के विरोध में एवम केंद्र सरकार की मनमानी तरीके से टोल टेक्स में वृद्धि करने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मांडर टोल प्लाजा में किया गया। राँची जिला ग्रामीण प्रभारी फहद खान ने कहा कि टोल टैक्स में केंद्र सरकार के द्वारा मनमानी तरीके से वृद्धि करने के कारण आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक प्रभाव पड़ेगी जो की गरीब लोगो के लिऐ बहुत ही घातक सिद्ध होगा। मांडर के वारिष्ट युवा कांग्रेस साथी अमित खालखो ने कहा कि जिस तरह से माननीय राहुल गाँधी जी की सदस्यता गैर कानूनी तरीके से खत्म कि गई है यह बिल्कुल ही संविधान के खिलाफ है जिस तरह से 24 घंटे के अंदर अदालत ने जल्दबाजी में सजा सुनाई इससे प्रतीत होता है कि ये कार्यवाई केंद्र सरकार के इशारे पर हुई है इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव अफताब आलम प्रदेश महासचिव ऋषिकेश, प्रदेश महासचिव रमन , लोहरदगा जिला अध्यक्ष विशाल , गुमला जिला अध्यक्ष आजाद, लातेहार जिला अध्यक्ष अमित, राँची जिला ग्रामीण युवा नेता भोलू खान , हसीब खान, इनामुल अंसारी, बबलू उरांव, चरवा उरांव, पललू अंसारी, सपन आचार्य एवं सैकड़ों युवा साथी मौजूद थे।

## इंटस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ब्राम्बे रांची में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाक महीना रमजान के मौके पर इंटस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ब्राम्बे रांची में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ ही अन्य धर्म के लोग शामिल हुए। आईएचएम के प्राचार्य डॉ0 भूपेश ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम हिदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल होते हैं। सभी धर्म के लोग एक साथ मिल बैठकर भाईचारे का पैगाम देते हैं।अंचलाधिकारी विजय हेमराज खालखो, समाजसेवी आरिफ हसन ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है। सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है। इस अवसर पर मांडर चान्हो पत्रकार संघ के जावेद अंसारी, मोहसिन खान, आफताब अंसारी, राजू अंसारी, तनवीर आलम, वसीम अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# विधायक ने टांगरबसली राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का किया औचक निरीक्षण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** बुधवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत टांगरबसली पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का अचानक औचक निरीक्षण किया, माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि मध्याहन भोजन योजना से संबधित चावल भंडार गृह की स्थिति काफी गंदी पायी गई एवं भंडार गृह मे काफी समय लगभग 10-12 दिन पूर्व मरा हुआ चूहा पाया गया जिससे भंडार गृह मे काफी दुर्गध भी आ रही थी, जिससे हटाया नही गया था, विधायक के निर्देश से तुरंत भंडार गृह से उन्हे हटा कर साफ किया गया। विधायक ने क्लास का भी निरीक्षण किया जहाँ बच्चे दर्री पर बैठे हुए थे, और काफी समय से साफ नही किया गया था, जिसके कारण गन्दगी साफ नजर आ रही थी। विधायक स्कूल और स्कूल पुस्तकालय की स्थिति को देखकर भी परेशान थी। इसके तत्पश्चात विधायक ने स्कूल प्रभारी एवं टीचरों के साथ बैठक किया, बैठक मे विधायक एक एक कर सभी का परिचय लिया, कि क्या विषय आप स्कूल मे पढ़ा रहे है, और अब से आप स्कूल मे अपना योगदान दे रहे है। विधायक ने प्रबंधन समिति की मीटिंग की भी जानकारी लेते हुए उसका रजिस्टर मंगवाया। विधायक बैठक मे टीचरो एवं रसोइयो सह सहायिका का चयन की जानकारी लिया, जिसमे जानकारी हुआ कि रसोईया सह सहायिका का चयन बिना प्रबंधन समिति एवं उप समिति सह माता समिति के अनुमोदन के बिना ही चयन किया गया। बैठक मे उपस्थित लोगो द्वारा यह भी जानकारी विधायक को प्राप्त हुआ कि जर्ज़र भवन एवं विधालय जर्ज़र भवन से संबधित जर्ज़र भवन खंड को तोड़ते हुए उसके स्क्रैप बिक्री से प्राप्त राशि का विधालय हित मे व्यय किया जाना था जिससे संबधित प्राप्त एवं व्यय राशि का प्रतिवेदन प्रभारी द्वारा विधायक को नही दिखाया गया। इस सभी कारणों को लेकर विधायक ने स्कूल प्रभारी को बहुत जोर फटकार लाया, और उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडर एवं ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर से कहा कि इन्हे दो दिन के अंदर अपना स्पष्टीकरण देने के लिए सुनिश्चित करने को कहे, नही तो इस सम्बन्ध मे इसपर उचित कारवाई किया जाये।मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, सेरोफिना मिंज, चिंतामणि उरांव, टांगर बसली पंचायत अध्यक्ष तस्लीम अंसारी , उप मुखिया एवं अन्य उपस्थित रहे ।

## भाजपा का सेवा पखवारा कार्यक्रम के तहत् धार्मिक स्थलों की सफाई हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** भाजपा के सेवा पखवारा कार्यक्रम के तहत् बेड़ो और नरकोपी मंडल द्वारा धार्मिक स्थलों का सफाई किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर के निर्देश अनुसार धार्मिक स्थल सरना आखड़ा मंदिर आदि स्थानों पर सफाई अभियान के तहत् दिघिया, मुरतो, डोरंडा, करकरी, जरिया पंचायत के विभिन्न गांवों में चलाया गया। इस कार्यक्रम में मंडल महामंत्री बलराम सिंह नर्कोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद कुमुद कुमार वर्मा बिजय साहु बिंदेश्वर राम संदीप साहू आदित्य त्रामकार दिनेश गुप्ता लखनदेव उरांव प्रियंका कुमारी कस्तूरी देवी बेबी देवी पार्वती मिंज शांति भगताईन बासुदेव बड़ाईक कमल साहु विभा देवी राखी कुमारी अक्ष कुमार मौसमी कुमारी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## विधानसभा की जिला परिषद व पंचायती राज समिति ने पदाधिकारियों के साथ कि बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति के सभापति विधायक श्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को धनबाद परिसदन सभागार में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिले में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की गई। इस दौरान समिति के सभापति ने सभी योजनाओं को ससमय पूरा करने को कहा। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में समिति को जानकारी दी। उन्होंने जिला परिषद की दुकानें, मनरेगा, आवास योजना, समेत कई बिंदुओ से समिति को अवगत कराया।


### कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़

ई–मेल– ramgarh.rmsa01@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या–01/2023–24

रामगढ़ जिलान्तर्गत प्रवरण वेतनमान से संबंधित वांछित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को मूल रूप (हार्ड कॉपी) में उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था। संबंधित प्रतिवेदन बहुत ही कम विद्यालयों से प्राप्त हुआ है।

अतः निदेशित किया जाता है कि अंतिम रूप से दिनांक 08.04.2023 तक उपरोक्त संबंधित वांछित प्रतिवेदन मूल रूप (हार्ड कॉपी) में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उपरोक्त तिथि के बाद संबंधित प्रतिवेदन मान्य नहीं होगा।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 294554 District(23-24)D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल, गुमला।

निविदा संख्या 35/2022.–23 के शुद्धि पत्र

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल गुमला का अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 35/2022–23 पी.आर.न.–293622 Building 2022-23 जो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित है। जो अपरिहार्य कारणों से परिमाण विपत्र विक्री की तिथि 11.04.2023 एवं मुहरबंद निविदा प्राप्ति एवं खोलने की तिथि 12.04.2023 को की जायेगी। शेष अन्य शर्तें यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल गुमला।

PR 294518 (Building) 23-24 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रंडल,कोडरमा।

पत्रांक....................../कोडरमा दिनांक....................

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–45/2022–23, जिसका पी0आर0 संख्या–293551 Building (22-23)_D को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल,कोडरमा।

PR 294515 Building(23-24)D

### झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

शुद्धि पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के ई–निविदा आमंत्रण संख्या–**302/2022-23/RWD/KHUNTI,** दिनांक– **23.03.2023**, PR No.- **293505** द्वारा प्रकाशित निविदा में क्र0सं0– 01 और 02 में कार्य समाप्ति की अवधि **18 माह** के स्थान पर **15 माह** पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhand tenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR294556 (Rural Work Department)23-24*D

### जिला खनन कार्यालय, गढ़वा

(आम सूचना)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिले का District Survey Report (Sand) गढ़वा जिला के Website Garhwa.nic.in पर पूर्व में दिनांक–10.09.2022 को प्रकाशित किया गया था, जिस पर प्राप्त आपत्ति का निराकरण कर DSR का डाफ्ट संशोधित कर आम जनता को उपलब्ध करायी जाती है।

सहायक खनन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 294582 Mines and Geology (23-24)_D

### e–Procurement Cell Office of the Superintending Engineer Building Construction Department, Building Circle, Hazaribagh-825301

sebcdcirclehzb@gmail.com Ph. No.-06546-222640

ई–निविदा रद्द की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR No.: 291870(Building)22-23(D)Tender Reference No.-BCD/BCHZB/BOKARO /27/2022-23 Dated:28.02.2023** द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रणके सभी ग्रुपों को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, भवन अँचल हजारीबाग

PR294566 (Building)23-24*D

### कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला विकास शाखा)

Email ID - ddc-pal@nic.in

**(Expression of Interest)**

1विज्ञापन दाता का पदनाम :– उपायुक्त, पलामू
2-RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : – 20.04.2023 को 2:00 बजे तक
3-RFP जमा करने का स्थान : –जिला विकास शाखा, पलामू
4-RFP खोलने के स्थान : – समाहरणालय, ब्लाक–ए0 के सभागार।
5-RFP खोलने का तिथि एवं समय : – 20.04.2023 को 3:00 बजे

Scope of Work:

पलामू जिले के 165 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रो के बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा (Project TITLI) Digital Learning के माध्यम से देने हेतु प्रस्ताव ग्राम–सभा से प्राप्त है। प्राप्त प्रस्ताव पर दिनांक 16.03.2023 को आहुत प्रबंधकिय समिति की बैठक तथा दिनांक–01.04.2023 को आहुत न्यास परिशद की बैठक में अनुमोदन प्राप्त है।

वितिय वर्ष 2022–23 में पलामू जिला के 165 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रो के बच्चो को Digital Learning के माध्यम से Foundational Literacy & Numeracy की प्रक्रिया को सुलभ एवं आसान बनाते हेतु Digital Learning सुविधा प्रदान करने के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पलामू के पत्रांक –136/जि0स0क0 दिनांक–31.01.2023 से अधियाचना प्राप्त है।

उक्त के आलोक में Digital Learning सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक संस्थान/प्रतिशठान के चयन के निमित मुहरबंद EOI दिनांक 20.04.2023 को 2:00 बजे तक जिला विकास शाखा समाहरणालय परिसर, ब्लाक–सी, पलामू में आमंत्रित किया जाता है।

प्राप्त EOI दिनांक –20.04.2023 को 3:00 बजे जिला स्तरीय निविदा निस्तारण समिति के समक्ष पलामू समाहरणालय, ब्लाक–ए0 के सभागार में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि Digital Learning Tool के नमूने के साथ भाग लेंगे।

उपायुक्त,
पलामू

PR294528 (Palamu)23-24*D

### झारखण्ड सरकार श्रम,नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

सूचना पत्रांक.............

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड़ रांची के पत्रांक – 524 दिनांक – 31.03.2023 के आदेशानुसार पलामू प्रमंडल के सभी युवाओं एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि **CTS** एवं **Apprenticeship** प्रशिक्षण के अतंर्गत लाभान्वित हुए हैं वे दिनांक – **03.04.2023** से **08.04.2023** तक **Success Story** बना कर **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा** में आवश्यक रूप से जमा कर दें।

अतः **CTS** एवं **Apprenticeship** प्रशिक्षण के अतंर्गत **CTS/PMNAM/WORKSHOP** आदि से लाभान्वित होने वाले युवाओं/प्रतिष्ठानों से **Success Story** प्राप्त कर **DGT/MSDE** को भेजने हेतू निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड़ रांची को एक सप्ताह के अंदर भेजा जाना है।

**इसे अति आवश्यक समझा जाए।**

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

PR 294508 Labour Employment and Traning(23-24).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन०आर०ई०पी०–1, राँची

(Notice)
शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 NREP-1/RANCHI-15/22-23 प्रकाशन हुआ था जिसका PR.No. – 294315 NREP (23-24).D योजना का नाम : राँची जिला अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति अंजेला निकेतन छात्रावास,कुम्हारटोली, रोड न0–02, पुरूलिया रोड, राँची का मरम्मति/जीर्णोद्वार। है जो कि आंशिक संशोधन करते हुए उक्त निर्धारित तिथि की जाती है।

Period of downloading of Bidding Document- Start Date 11.04.2023 Time : 11.00 AM and End Date 18/04/2023 Time : 02.00 PM,
Bids online Submission - Start Date 11.04.2023 Time : 11.00 AM and End Date 18/04/2023 Time : 02.00 PM
Hard Copy Submission Date - Date 18/04/2023 Time : 03.00 PM, Technical Bid Oppening Date - Date 19/04/2023 Time : 11.00 AM

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0–1, रांची।

PR.NO.294584 NREP(23-24):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद

शुद्धि पत्र

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा संख्या 07/2022–23 पी0आर0 सं0 293494 (Building) 2022-23) #D में निविदा की तिथि 11.04.2023 एवं प्राप्ति की तिथि 12.04.2023 के क्रमांक सं0 01 से 21 तक को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, धनबाद

PR294530 (Building)23-24*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित अति अल्पकालीन ई– पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-39/2022-23(2nd call) PR No. 293546 Lohardaga(22-23)#D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से पुनः संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.03.2023 | 20.03.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 13.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 05.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 15.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 17.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 294538 Lohardaga (23-24)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित अति अल्पकालीन ई– पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-41/2022-23(2nd call) PR No. 293541 Lohardaga(22-23).D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.03.2023 | 06.04.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 13.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 05.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 15.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 17.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 294541 (Lohardaga) 22-23 (D)

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को गिरिडीह जिले के एकमात्र रक्त अधिकोष से जहां हर माह सैकड़ों थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों की जाने बचाई जाती है वही रक्त अधिकोष में फिलहाल रक्त की उपलब्धता खत्म हो गई है। दर्जनों एनेमिक बच्चे हर रोज रक्त मिलने की आस लगाए अस्पताल में बैठे रहते हैं। इन बच्चों और इनके अलावा कई और जरूरतमंद एनेमिक मरीजों के लिए श्रेय क्लब वर्षों से निरंतर प्रयासरत रही है कि इन्हें रक्त उपलब्ध करवाकर इनकी जान बचा पाए। इसी प्रयास को बल देते हुए श्रेय क्लब के द्वारा द रेड बुल जिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ये दूसरा मौका है ज़ब द रेड बुल जिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में जिम के संचालक संजीत कुमार एवं संतोष कुमार के प्रयास से कुल 32 लोगों ने रक्तदान किया।शिविर में अभिनव राज, टिंकू कुमार यादव, उज्जवल देब, निशांत कुमार, राज वर्मा, कुणाल कुमार गुप्ता, आयुष कुमार, विवेक कुमार, दीपक दास, अभिषेक कुमार परनव, राकेश कुमार राम, निमेष राज, बसंत कुमार, तुषार शर्मा, सुमन कुमार राय, विवेक कुमार, आकाश कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, संजय कुमार, स्नेह राज सिन्हा, सतीश कुमार शर्मा, अभिनय कुमार, सुमित सौरभ, पिंटू कुमार, अतेन्द्र कुमार दास, सचिन कुमार, बंटी कुमार, अंकित कुमार, संचित कुमार सिन्हा, नितीश यादव, सौरभ कुमार, प्रणव राज के द्वारा रक्तदान किया गया।

## शिवांशु मिष्ठान भंडार का उद्घाटन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के जाताखुंटी पंचायत अंतर्गत करमाटांड चौक उर्फ दिवाना मोड़ में आज बुधवार को जाताखुंटी मुखिया आशा मुर्मू ने विधिवत फीता काट कर शिवांशु मिष्ठान भंडार का शुभ उद्घाटन किया। बताया जाता है कि जनताओं को समर्पित करते हुए उक्त प्रतिष्ठान के बारे में बताया कि यह मिष्ठान भंडार में उचित दर? पर क्वालिटी मिष्ठान जनताओं को उपलब्ध कराईगी। मिष्ठान भंडार के प्रबंधक सह डायरेक्टर नवीन कुमार मंडल ने बताया कि बहुत ही उचित दरों पर अच्छी क्वालिटी की हर प्रकार की मिष्ठान यहां उपलब्ध होगा। यह मिष्ठान भंडार चारों दिशाओं से आने वाले लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि इस तरह की मिष्ठान भंडार पहली बार जनताओं को समर्पित किया जा है । मौके पर जाताखूंटी मुखिया आशा मुर्मू, उनके प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम, पुरोहित मनजुड़न पाण्डेय, समाजसेवी नवीन चन्द्र सिंह समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पहला कदम स्कूल में मनाया गया ऑटिज्म डे

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की



स्कूल पहला कदम में ऑटिज़्म डे मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक समीर कुमार चटोपाध्याय, मुख्य प्रबंधक आर के प्रभात, सीनियर मैंनेजर मनोज कुमार, समाजसेवी नन्द कुमार महाराज तथा उनकी टीम उपस्थित थे। जिन्होंने दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर आज के कार्यक्रम कि शूरुआत की। पूरे स्कूल का निरीक्षण कर चटोपाध्याय ने पहला कदम स्कूल का दिव्यांगता के क्षेत्र में होने वाले कार्य की प्रसंशा की। भीषण गर्मी के कारण बच्चो के उपयोग हेतु 13 पंखे भेंट किये। सचिव ने आये हुए अतिथियो को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा अतिथियों द्वारा सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

## राहुल गांधी के समर्थन में एनएसयूआई ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को धनबाद जिला के गुरु नानक कॉलेज में एनएसयूआई के द्वारा पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। तथा राहुल गांधी के समर्थन में छात्रों के विचारों को पोस्टकार्ड के माध्यम से केंद्र की गूंगी बहरी तानाशाही निकम्मी सरकार को जगाने का काम किया गया।

## कतरास पोस्ट ऑफिस से खेमका पेट्रोल पंप तक एक महीने से नाला जाम

# गंदगी का अंबार, बदबू से बीमारी फैलने का भय

### दुकानदार व राहगीर त्राहिमाम

### प्रशासक ने कहा सफाई कार्य जारी है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** सरकारी काम और सरकारी अधिकारियों, बाबुओं एवं कर्मी छोटे से छोटे काम को कैसे टालते है। ऐसा नमुना कतरास अंचल नगर निगम कार्यालय में देखने को मिल रहा है।बताते चले कि वार्ड संख्या 3 अंतर्गत कतरास पोस्ट ऑफिस के सामने से लेकर मछली पट्टी होते हुए खेमका पेट्रोल पंप तक में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी के साथ-साथ नाली भी जाम है। यह नाली करीब एक महिना से जाम है। जिससे नाली का पानी सड़क पर बहते रहता है। बदबू ही बदबू है। लेकिन उपभोक्ताओं द्वारा बार-बार सूचना देने के बाद भी नाली सफाई का काम को टाल दिया जाता है। दुकानदारों का कहना है कि प्रत्येक दिन मछली पट्टी से होकर हजारों राहगीर पचगढी अथवा अन्य जगह आते-जाते है। लेकिन नगर निगम चुप्पी आधे हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि गंदगी साफ करने के लिए ननि को कहने पर ट्रेक्टर, जेसीबी का कमी होने का रोना रो कर उन्हें भगा देते है। दुकानदारों द्वारा जेसीबी मशीन जुगाड़ कर देने की बात कहने पर ट्रेक्टर में तेल की कमी बताने लगते है। इस पर भी दुकानदार तैयार हुए तब भी ननि चुप्पी साधे हुए है। दूसरी ओर गंदगी फैलते देख गत दिनों कतरास पुलिस ने मछली पट्टी के आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों को नोटिस पकड़ा दिया था। जिससे दुकानदार परेशान है। साथ ही इस मार्ग से गुजरने वाले लोग भी नाक बंद कर मछली पट्टी पार करते है। किंतु नगर निगम चुप्पी साधे हुए हैं। नगर निगम से परेशान है दुकानदार बताया जाता है कि मार्च महिना में घर घर पर



जल योजना के तहत पाईप बिछाने के दौरान खेमका पेट्रोल पंप के पास माडा का पाईप और नगर निगम का नाली छतिग्रत हो गया था। माडा के पाईप को दुरूस्त करने के लिए नगर निगम ने नाली को ईखोलाईईईएआ गया। जिससे कतरास पोस्ट ऑफिस से लेकर खेमका पेट्रोल पंप तक नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। यह नाली का पानी रेलवे कालोनी होते हुए कतरी नदी में गिरता है। किंतु सारा पानी नाली में ही जाम है। जिससे शहर में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है।

**नगर निगम जन समस्याओं को नजरअंदाज ना करें : सावित्री देवी**

विधायक ढुलू महतो की धर्पत्नी सावित्री देवी ने कहा नगर निगम क्षेत्र में गंदगी सहित अन्य व्याप्त समस्या से उपायुक्त को जल्द अवगत करायेंगे। ताकि शहर साफ-सुथरा व स्वच्छ रहे। उन्होंने कहा कि ननि जनसस्या को अनदेखी ना करे।

**सफाई कार्य जारी है : नगर प्रशासक**

कतरास अंचल नगर निगम के नगर प्रशासक निकेश कुमार ने कहा कतरास में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है, कई जगहों पर अतिक्रमण नालियों को तोड़कर भी सफाई अभियान चल रहा है। कतरास छाताबाद मेन रोड, मछली पट्टी में जल्द सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई किया जायेगा। विभाग काम के प्रति गंभीर है। शहर को साफ सुथरा रखना विभाग की पहली प्राथमिकता है।

## मजदूरों ने किया हड़ताल मौके पर पहुंची पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कुसुंडा एरिया 6 के केडीएस साइडिंग इनोसेंट प्राइवेट रैक होल्डर इनोसेंट प्राइवेट रैक द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। नियमानुसार जहां 0 से 100 एमएम तक कोयला क्रशिंग कर रेलवे में लोड किया जाता है लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन और कांट्रेक्टर की मिलीभगत से बीसीसीएल और भारत सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाते हुए इनोसेंट प्राइवेट के द्वारा 25 किलो से 50 किलि तक का स्टीम कोयला बिना क्रश किए हुए लोड किया जा रहा है जो असंवैधानिक है और बीसीसीएल के नॉर्म्स के खिलाफ है। जिसे लेकर जनता मजदूर संघ के लोगो द्वारा विरोध किया जा रहा है वही मौके पर केंदुआ पुलिस दल बल के साथ पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई।

## शहीद के नाम पर पार्क निर्माण का स्वीकृति पत्र निकला फर्जी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** तेलमोच्चो में दामोदर नदी के समीप खाली जमीन पर शहीद रघुनाथ महतो के नाम से पार्क निर्माण के लिए बड़ा आयोजन होने वाला था। उक्त जमीन एनएचआई के अधिकार क्षेत्र में है। जानकारी मिलने पर एनएचआई के परियोजना निदेशक ने थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। वहीं पार्क निर्माण समिति का कहना है कि एनएचआई ने पूर्व में निर्माण की स्वीकृति दे दी थी जबकि एनएचआई ने स्वीकृत पत्र को ही फर्जी करार दिया है। इस घटना पर समित के सदस्यों मे आक्रोश व्याप्त है।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेसियों ने मैंथन टोल किया जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ़ सोनू सिंह के नेतृत्व में हज़ारो की संख्या में कांग्रेसियों द्वारा मैथन टोल टैक्स जाम किया गया। जिसमे मैथन प्रशासन द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ़ सोनू सिंह ने कहा की आज देश मे जिस तरह लोकतंत्र की हत्या की जा रही हैं वो सरासर गलत है। हमारे नेता राहुल गाँधी पे जिस तरह न्यायाधीश द्वारा फैसला सुनाया जाता है और उसके तुरंत उनकी सदयस्ता छीन ली जाती है और उनका घर छोड़ने को कहा जाता है जिससे उनकी मानसिकता समझ आती की पूरी प्लानिंग के तहत सब कुछ किया हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेंद्र सिंह योगी, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष नवनीत नीरज, दिनेश सिंह, मनोज हारी, धनबाद जिला युवा सह प्रभारी विनोद क्षत्रिय, युवा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन कुमार, युवा प्रदेश सचिव शिवम सिंह,



मनोहर कुमार महतो, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष धनबाद कुमार संभव, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नवीन सिंह, जिला युवा उपाध्यक्ष सावन सुमन, महासचिव तबरेज खान, सनी सिंह,सोनू यादव, मोहम्मद गुलाम मुस्तफा, सूरज वर्मा, सिंदरी विधानसभा अध्यक्ष टिंकू अंसारी, निरसा विधानसभा अध्यक्ष रवि सिंह, बाघमारा विधानसभा अध्यक्ष विशाल महतो, राकेश मिश्रा दीपक यादव, सूरज कुमार पासवान, अरुण दास, गंगा महतो, खुर्शीद अंसारी शब्बीर अली, आयुष वैद्य, रुस्तम, रवि सिंह, रिंकू कुमार, रोहन चौधरी, रवि, नीरज एवं सैकड़ों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में मारपीट, महिला समेत 6 घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनसार की रहने वाली एक दलित महिला ने धनबाद एसएसपी से मिलकर अपने पड़ोसियों के खिलाफ मारपीट करने एवं प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है एवं धनबाद एसएसपी से आरोपियों पर कार्यवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष की महिलाओं ने बताया कि वे लोग धनसार में रहते हैं और वहां के स्थानीय दबंग खटीक उन्हें वहां से भगाना चाहते हैं। इसी वजह से उनका घर तोड़ने की कोशिश की गयी। जब उन्होंने विरोध किया तो महिलाओं के साथ घर में मारपीट की गई एवं पुलिस में जाने पर घर जला देने की धमकी दी गई।

वहीं जब पीड़ित परिवार स्थानीय थाना में आवेदन देने पहुंचे तो वहां आवेदन लिया गया लेकिन आरोपियों पर कोई कार्यवाई नहीं की गई। जब कार्यवाही के लिए गुहार लगाई गई तो उन्हें उल्टे डांट डपट कर भगा दिया गया जिसके बाद उन्होंने एसएसपी से मामले की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। एसएसपी ने पूरे मामले में उचित कार्यवाई का आश्वासन दिया है।

## मुरादाबाद मंडल में रेल विकास से जुड़े कार्य के कारण पूर्व मध्य रेल की ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में वृद्धि एवं परिचालनिक सुगमता के लिए आधारभूत संरचना का उन्नयन निरंतर जारी है । इसी क्रम में उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल अंतर्गत रसुइया और बनथरा स्टेषन पर रेल विकास से जुड़े कार्य के मद्देनजर एनआई कार्य किया जाना है जिसके फलस्वरूप पूर्व मध्य रेल की ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार बदलाव किया गया है-

**ऽ परिचालन रद्द की गई ट्रेनें :-**

1.गाड़ी संख्या 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 06.04.2023 से 10.04.2023 तक रद्द रहेगा ।

2.गाड़ी संख्या 12369 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 08.04.2023 से 10.04.2023 तक रद्द रहेगा ।

3.गाड़ी संख्या 12327 हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 07.04.2023 एवं 11.04.2023 को रद्द रहेगा ।

4.गाड़ी संख्या 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 09.04.2023 से 13.04.2023 तक रद्द रहेगा ।

5.गाड़ी संख्या 12328 देहरादून-हावड़ा एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 08.04.2023 एवं 12.04.2023 को रद्द रहेगा ।

6.गाड़ी संख्या 12370 देहरादून-हावड़ा एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 09.04.2023 से 11.04.2023 को रद्द रहेगा ।

**परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें :-**

1.दिनांक 08 एवं 11 अप्रैल को सिंगरौली से खुलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग शाहजहांपुर-पीलीभीत के रास्ते जाएगी ।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त से की अतिक्रमण हटाने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत सियाटांड़ पंचायत के बैकोबाद का मामला है जहा सड़क अतिक्रमण नाला निर्माण में रोड़ा बन गया है। इस गांव में मुख्य सड़क का निर्माण हो रहा है लेकिन गांव के कुछ लोगो द्वारा सड़क अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे नाला निर्माण में बाधा आ रही है वही ग्रामीणों ने इसके खिलाप उपायुक्त महोदय को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इस गांव के लोग वर्षो से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। निर्माण होने वाला यह सड़क गांव की मुख्य सड़क है बरसात के दिनों में यह दलदल का रूप ले लेता है जिसे चलना काफी मुश्किल होता है अभी के मौसम में भी इस सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ है काफी बड़े बड़े गढ्ढे हो गए है नाला नहीं होने से गढ्ढो में सालो भर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों द्वारा लगातार सड़क की मांग को राज्य सरकार से स्वकृति दे दी जिसके बाद लोगो में एक उम्मीद जगी और सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया लेकिन मापी के बाद पाया की काफी लोग सड़क का अतिक्रमण कर के उस पर माकन का निर्माण कर दिया है जिससे अब नाला निर्माण में बाधा आ रही है जिससे गांव का पानी की निकास पहले जैसा ही रुक रहेगा। अतिक्रमण की बात करे तो दो फिट से लेकर आठ फिट तक दर्जनों लोगो द्वारा सड़क का अतिक्रमण किया गया है। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने को लेकर गांव में बैठक कर हल निकलने का भी प्रयास किया लेकिन कुछ कामयाबी नहीं मिला। थक हार कर ग्रामीणों ने अंचल धिकारी जमुआ, अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ में आवेदन देने के बाद भी कोई करवाई नहीं होने पर उपायुक्त महोदय गिरिडीह को ज्ञापन देकर शीघ्र अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है की उपायुक्त महोदय के पहल पर अतिक्रमण को हटाया जायेगा और इस मामले पर उपायुक्त महोदय तत्काल संज्ञान लेंगे। अब देखने वाली बात है इस पर किस तरह की करवाई होती है। क्या वर्षो से बदहाल इस सड़क का हो रहे निर्माण के साथ नाला के लिए अतिक्रमण हटाया जायेगा। गांव के वार्ड सदस्य कमलेश कुमार ने कहा कि नाली निर्माण नहीं होने से पूरा साल रास्ते मे पानी जमा हो जाएगा जैसा अभी है और पानी निकासी के लिए नाली निर्माण आवश्यक है लेकिन अतिक्रमण की वजह से बाधा आ रही।

## दक्षिण पूर्व रेलवे का आद्रा मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में किया अच्छा प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** महुदा दक्षिण पूर्व रेलवे, का आद्रा मंडल ने वित्तीय वर्ष 2022- 2023 में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है ।

वित्तीय वर्ष 2022 2023 में दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल की प्रमुख उपलब्धियां कुछ इस प्रकार हैंवित्तीय वर्ष 2022 2023 में आद्रा मंडल ने माल ढुलाई में कुल 2759.58 करोड़ की कमाई की जो कि पिछले वित्तीय वर्ष से 630.1 करोड़ अधिक है एवं इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 29.6प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## माना पाठक ने यज्ञ मंडपों का दौरा किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने आज बुधवार को टुंडी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में कई दिनों चलें आ रहें हनुमंत यज्ञ मंडपों का दौरा किया और आशीर्वाद लिया एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्रों की जनताओं की खुशहाली एवं तरक्की की? कामना भगवान् से किया। मौके पर सुभाष चन्द्र तिवारी, निजी सचिव मुरारी सिंह, नंदकिशोर केवट, चितरंजन तिवारी, मनोज पाण्डेय, गिरधारी तिवारी , अजीत मंडल, चितरंजन मंडल, दिलीप मंडल,रवि मंडल, प्रदीप मंडल, गुप्तेश्वर मंडल मौजूद थे।

## आजसू ने मनाया आंदोलनकारी रघुनाथ महतो का 17वी शहादत दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले में आजसू पार्टी गिरिडीह इकाई द्वारा झारखंड के 17वी शताब्दी के महान आंदोलनकारी स्वर्गीय रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । वही कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिडीह प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार पांडेय द्वारा किया गया । पांडेय ने रघुनाथ महतो के जीवन शैली को संक्षेप में बताकर उनके द्वारा दिए गए नारा "अपना गांव अपना राज","दूर भगाओ विदेशी राज" की महत्ता को बताए।

# तेलमोच्चो में रघुनाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के दामोदर नदी तेलमोचों पुल के सामने शाहिद रघुनाथ महतो के श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सभा में सैकड़ों लोगो ने शहीद रघुनाथ महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। सभा में रघुनाथ महतो स्मारक समिति के जयराम महतो ने अपने संबोधन में कहा की रघुनाथ महतो के सपनो का झारखंड अभी तक नही बन पाया है।

आज भी यदि झारखंड के माटी के लोग नही जागे तो आने वाले समय में बाहरी तागतो के द्वारा दबाया जाएगा। मौके पर जलेश्वर महतो, अमित महतो, गोमिया का पूर्व विधायक योगेंद्र महतो प्रदीप महतो। सुखदेव महतो, गिरिधरी महतो, दयाल महतो के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### कुछ लोगों ने अलग से किया उक्त श्रद्धांजलि सभा स्थल का दावा

**महुदा :** शाहिद रघुनाथ महतो स्मारक समिति के लोग दामोदर नदी के पास चौक में एनएचआई के बगल में पार्क बनाकर शाहिद रघुनाथ महतो का नामांकरण करना चाहते हैं । कुछ लोग उक्त स्थल पर नागेश्वर धाम के मेला स्थल बताया । और कहा की कई वर्षो से उक्त स्थल पर खेला चंडी मेला लगता हैं। वही एनएचआई सड़क के किनारे सभा स्थल या पार्क किसी तरह बोर्ड गाड़ने का अनुमति नहीं दिया गया है। नरेश महतो डोवाड़ा फर्जी कागजात दिखाया गया। जिसके कारण नरेश महतो और अन्य लोगो के खिलाफ महुदा थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है। विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई थाना के पुलिस बल की तैनाती किया गया था। मौके पर बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील प्रजापति, बाघमारा अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह धर्माबांध ओपी के प्रभारी पुनीत मिंज, भाटडीह ओपी प्रभारी बीरेंद्र कुमार, वी बरोरा थाना, नीरज कुमार, मधुबन चंदन भैया, कपूरिया ओपी के अलावा अन्य थाना प्रभारी तैनात थे।

### परंपरागत मेला का जमीन है परंपरागत जमीन ही रहेगा 3 मंदिर समिति

**महुदा :** नागेश्वर धाम मंदिर समिति ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि परंपरागत मेला का जमीन है। वहा समय समय परंपरागत भीड़ मेला होता है। यहाँ कुछ करना है तो पर्यटक स्थल बनाए प्रशासन। उक्त स्थान पर पुस मेला, कार्तिक पूर्णिमा मेला आदि मेला का आयोजन होता है।इस दौरान कोशल किशोर महतो, शिबू महतो, मटुक मिश्रा, चितरंजन दुबे आदि लोग उपस्थित है।

### श्रद्धांजलि सभा में पुलिस मुस्तैद रही



## लोहरदगा की धरती से जय भारत सत्याग्रह अभियान का हुआ शुभारंभ

# लोकतंत्र खतरे में : अविनाश पांडे

**राजेश कुमार गुप्ता @ प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में बुधवार को लोहरदगा समाहरणालय के सामने मैदान में महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष आगत अतिथियों के द्वारा पुष्पांजलि दी गई और जय भारत सत्याग्रह अभियान कार्यक्रम की शुरुआत लोहरदगा जिला से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एआईसीसी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडे,झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय,पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,वित्त मंत्री स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, मंत्री बादल पत्रलेख, केएन त्रिपाठी,आदि उपस्थित थे। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि आज देश




का लोकतंत्र खतरे में है। केंद्र की तानाशाह सरकार द्वारा राहुल गांधी की संसद का सदस्यता रद्द किया गया है। लोकतंत्र को बचाना हम सभी का जिम्मेदारी है। आज मोदी सरकार आम जनों के ज्वलंत मुद्दों को ध्यान से भटकाने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को सीबीआई और ईडी जैसी संस्थाओं का भय दिखा रही है। किंतु हम डरने वाले नहीं हैं सत्य के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी मोदी से पूछ रहे हैं कि 20,000 करोड रुपया अडानी को दिया गया है वह पैसा किसका है इस पर मोदी सरकार कुछ नहीं बोलते। साथ ही महंगाई,बेरोजगारी तथा मौलिक अधिकारों के हनन आदि के मामलो पर भी सवाल करने पर मोदी की सरकार स्पष्ट जवाब क्यों नहीं दे रही है। जिसके कारण देश से संवैधानिक संस्थाओं से विश्वास उठ रही है। उन्होंने कहा की राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा लगभग 4,000 किलोमीटर जो कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई थी। इस यात्रा से कांग्रेस पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिला था। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म करना चाहती है। विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। राहुल गांधी ने हमेशा किसानों की आवाज उठाई जल, जंगल और जमीन की लड़ाई के लिए खड़ा हुए हैं। आज केंद्र सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को बचाने में लगी है। अतः कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आना होगा। इसके लिए बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक जन जागरण अभियान तेज करना होगा। महात्मा गांधी ने अंग्रेजो से देश की आजादी के लिए सत्याग्रह किया और आजादी ली। आज कांग्रेस पार्टी भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए दूसरी सत्याग्रह अभियान पूरे देश में प्रारंभ की है। उन्होंने कहा कि आज हमें तानाशाह तथा लोकतंत्र की आजादी आतंकवाद, जातिवाद, खून खराबा, महंगाई, बेरोजगारी आदि पर आवाज उठाते हुए देश की जनता को जागृत कर रहे हैं साथ ही बता रहे हैं कि मोदी नित सरकार अपने चंद व्यापारियों को लाभ कैसे पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के लगभग 28 उद्योगपति को मोदी सरकार संरक्षण दिए हुए हैं। देश के पैसा आज विदेशों में है उसे लाने की आवश्यकता है। उन्होंने मोदी नीत और आर एस एस के बारे में जमकर बरसे और कहा कि हमें आज आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ना है साथ ही कहा कि अगले 13 दिनों में संपूर्ण राज्य में पदयात्रा प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी की सदस्यता खत्म की आज हम सभी को लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आजादी के लिए किया था आज मोदी के दबंग कार्य नीति के खिलाफ दूसरी सत्याग्रह लोहरदगा की धरती से प्रारंभ कर रहे हैं। उन्होंने राज्य में गरीबों के लिए लगभग 20 लाख राशन कार्ड तथा गरीबों को धोती साड़ी लूंगी आदि दे रही है राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के विरोध लोहरदगा में सत्याग्रह प्रारंभ हो गई है हम सभी कार्यकर्ता मोदी सरकार की मनसा को सफल नहीं होने देंगे। बंधु के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि जल जंगल जमीन बेरोजगारी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम जनता के बीच जा रहे हैं। पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि मोदी आज संसद में लोकतंत्र की गला घोट रही है आवाज उठाने वाले को अपने विभिन्न संस्थाओं के द्वारा जाल में फंसाया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना के उपरांत लापता उपचालक का मिला सुराग, पुलिस ने की पुष्टि

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदगड़ी मोड़ के समीप मंगलवार को सुबह हुई सड़क दुर्घटना के उपरांत उपचालक लापता होने पर संदेहात्मक चर्चा का विषय बना हुआ था। जिसको लेकर सेन्हा थाना पुलिस लगतार जायजा लेने में जुटी हुई थी। उसी दौरान देर शाम उपचालक का सुराग मिलने पर पुलिस द्वारा पुष्टि किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप डायभरसन में रायरकेल से कल्टर तेल लोड कर आ रही टैंकर ओ डी 14 वाई 9108 दर्घटना ग्रस्त हो गया था। जिसमें घटना में चालक सत्येंद्र राम को हल्की चोटें आई थी। वही उपचालक के लापता होने पर संदेहात्मक चर्चा का विषय बना हुआ था। जिसे सेन्हा पुलिस द्वारा उपचालक सनी सिंह का तलास में लगातार कारवाई जारी था। उसी दरमियान देर शाम लापता उपचालक सनी सिंह का पता चलने पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि घटना के उपरांत सनी सिंह गाड़ी से कूद कर जान बचाते हुए बालूमाथ अपने रिश्तेदारी में चला गया है। जैसे ही उपचालक का सुराग मिला तो चालक एवं प्रशासन को राहत हुआ। इससे पूर्व चिंता का विषय बना हुआ था।

## एक सप्ताह से कैरो उतका के ग्रामीण अंधेरे में, विभाग शीघ्र लगाये ट्रांसफार्मर : निरु शांति भगत



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत उतका कैरो मेन रोड अवस्थित 100 केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर पिछ्ले एक सप्ताह से जल जाने के कारण ग्रामीणों को करना पड़ रहा है कठिनाइयों का सामना। इस संबंध मे उतका निवासी आजसू जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह,एवं पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत के पत्नी श्री मति निरु शांति भगत ने आज 05 अप्रैल बुधवार को विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर बताया की उक्त ट्रांसफार्मर कार्यक्षेत्र से लगभग 100 घरेलू उपयोग व व्यवसायिक प्रतिष्ठान चलाने वाले उपभोकता को पिछ्ले 01 सप्ताह से काफी हो रही है परेशानी । विद्युत ट्रांसफार्मर के जल जाने से उपभोकताओ को मोबाईल चार्ज,पानी,अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान,व हास्पीटल चलाने मे भी उपभोक्तओ को हो रही है परेशानी। विदित है कि इस ट्रांसफार्मर कार्यक्षेत्र वाले सभी उपभोकता नियमित रूप से विभाग को विद्युल बिल का मासिक भुगतान करते आ रहे हैं । उपरोक्त आजसू नेताओं ने अतिशिघ्र विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने का निर्देश विभाग को दिये हैं,जिससे की जनता की समस्याओं का त्वरित निदान हो सके।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी का दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार मे मनरेगा योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय बिरसा हरित ग्राम योजना का प्रशिक्षण दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के अन्तर्गत सुचारु रूप से संचालन हेतु बागवानी सखी और बागवानी मित्र का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वृक्षमाला नदी तट संरक्षण अभियान की सुरुवात की गयी जिसको सभी पंचायत मे करने का निर्देश भी दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक प्रखंड कार्यक्रम पदादिकारी मनरेगा निलेन्द्र कुमार द्वारा जेएसएलपीएस, प्रदान संस्था के प्रतिनिधि, सहायक अभियन्ता और मेट तथा बागवानी सखी, बागवानी मित्रों को मिश्रित बागवानी, बागवानी के लिये गड्ढा खुदाई, गड्ढा भराई, जानवर रोधक खाई, खाद तथा दवा



की मात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही बगवानी के लिये बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत स्थल चयन कर पंचायत सचिव, रोजगार सेवक को कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से वर्ष 2023 - 2024 में लगभग दो सौ एकड़ जमीन में आम बागवानी करने का लक्ष्य रखा गया। मौके पर जिला से प्रदान संस्था के पदादिकारी गोल्डन कुमार, बीपीओ निलेन्द्र कुमार,जेई संजीत कुमार, तनु कुमारी, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, भैया भगत, अधीश खाखा, रिजवान अख्तर, नागमनी उराँव, ओमप्रकाश साहु, रोजगार सेवक रेखा कुमारी, अंजू तिर्की, कृष्णा राम, परवीन कुमार के अलावे सैकड़ो बागवानी सखी और बववानी मित्र उपस्थित थे।

## केंद्रीय महावीर मंडल ने अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने पर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** रामनवमी मेला में शनिवार को अस्त्र शस्त्र प्रतियोगित का अच्छा प्रदर्शन करने पर केन्द्रीय महावीर मंडल सेन्हा द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण में प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित मेला के दौरान भड़गांव, मुर्की तोड़ार अरू, सेन्हा बदला सहित अन्य पंचायत तथा लोहरदगा जिला के विभिन्न क्षेत्र से आए रामनवमी अखाड़ा द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लिया था। परन्तु मेला के दौरान मौसम खराब होने से पुरस्कार वितरण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। जिसे बुधवार को प्रतियोगिता के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को दुर्गा मंदिर प्रांगण में पुरस्कार दे कर केंद्रीय महावीर मंडल द्वारा समानित किया गया। साथ ही एक नन्हा बच्चा को भी केंद्रीय महावीर मंडल



की ओर से पुरस्कृत किया गया। अंधी तूफान एवं ओलावृष्टि के साथ वर्षा होने के कारण पुरस्कार वितरण नही करने के कारण केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष भोला साहू द्वारा अपने सहयोगियों के साथ विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया था। कि सभी प्रतिभागियों को सूचित कर बुधवार को सभी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया जायेगा। साथ ही बताया गया कि कोई अखाड़ा अपना पुरस्कार लेने से वंचित रह गए हैं। तो वह अखाड़ा के व्यक्ति अपना पुरस्कार केंद्रीय महावीर मंडल के पदेन पदाधिकारी से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष भोला साहू नवीन कुमार साहू, आनन्द साहू, अजय सोनी, उज्ज्वल शुक्ला, ऋ षभ जयपुत्रा सहित रामभक्त गण शामिल थे।

## राजेंद्र बहादुर पाल ने एलएडीसीएस कार्यालय का किया उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल कोर्ट,लोहरदगा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार भवन में एलएडीसीएस यानि लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीय-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकर श्री राजेंद्र बहादुर पाल के कर कमलों द्वारा आज किया गया। इस मौके पर प्रधान जज, कुटुम्ब न्यायालय, सुभाष, प्रथम जिला जज श्री अखिलेष तिवारी, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, डालसा सचिव श्री राजेश कुमार, सिविल कोर्ट निबंधक श्री राज कल्याण, प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट एस एन तिग्गा बार के अध्यक्ष श्री प्रमोद पुजारी,एलएडीसीएस के सभी 05 चयनित अधिवक्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाल ने कहा कि अब लोहरदगा वासियों को निःशुल्क न्याय एवं विधिक सहायता व्यापक स्तर पर मिलेगी क्योंकि अब 05 अधिवक्ता जिनका चयन एल ए डी सी एस में हुआ है वो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पूर्णकालिक सेवा देंगे जिनके लिए उन्हें हर माह मानदेय भी दिया जायेगा। प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार ने बताया कि झालसा,रांची के निर्देश पर एल ए डी सी एस का चयन हुआ है जिनको जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आज कार्यालय मुहैया कराया गया, जिसमें फरियादियों को बैठने की जगह, कंप्यूटर, फोटोकॉपी मशीन, इंटरनेट सेवा आदि मुहैया कराई गई है। एल ए डी सी एस पैनल के अधिवक्ता न सिर्फ कोर्ट में गरीब अभियुक्तों का बचाव करेंगे बल्कि समय-समय पर विद्यालयों में जाकर विभिन्न विषयों पर जागरूकता अभियान भी चलाएंगे। बार अध्यक्ष प्रमोद पूजारी ने नव चयनित एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि लोहरदगा के गरीब मुवक्किलों को अब बेहतर व त्वरित न्याय मिल सकेगा।

## उपायुक्त ने पथ निर्माण को लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज बुधवार को पथ निर्माण से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा द्वारा किये जा रहे कार्यों में- सेन्हा प्रखण्ड में मेढ़ो पुल रोड से कोराम्बे तक जर्जर पथ निर्माण एवं मेढ़ो पुल के जीर्णोद्वार, कुज्जी उच्च विद्यालय पीडब्ल्यूडी पथ से बसारडीह ग्राम तक दो किमी पथ निर्माण, किस्को प्रखण्ड के बगड़ू पंचायत अंतर्गत ग्राम पतरातू से ग्राम आराहासा होते हुए मंजूरमती उच्च विद्यालय महादेव आश्रम तक कुल 07 किमी पक्की सड़क निर्माण की समीक्षा की गई। उपरोक्त बिंदुओं पर बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा सनई हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुल निर्माण, पाखर में पथ निर्माण योजनाओं की भी समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश संबंधित विभाग को दिये गये। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित विभागों के अभियंता उपस्थित थे।

## 15 वीं वित्त योजना से संचालित कार्य को ससमय करें पूर्ण : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायत में संचालित 15 वीं वित्त योजना के तहत विकास योजना का निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा संचालित कार्य को ससमय पूर्ण कर नए विकास योजना को संचालित करें उक्त बातें निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने कहा। सेन्हा प्रखंड के बूटी,भड़गांव,मुर्की तोडार पंचायत भ्रमण कर निरीक्षण के दौरान कहा गया। साथ ही उन्होंने कहा पंचायत समिति कोष से प्रखंड क्षेत्र में 15 वीं वित्त योजना से 14 पंचायत समिती द्वारा क्षेत्र में छोटी छोटी नया योजना लिया गया है। जानकारी देते हुए श्री चोपड़ा ने लाभुक समिति को कहा की कार्य को गुणवकता पूर्ण करें। और जहां समझ में नही आता है तो कनीय अभियंता से संपर्क स्थापित कर योजना को गति प्रदान कर अप्रैल माह में पुरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे कहा गया कि अगर यह सब योजना समय से पूर्ण होता है तो मापी पुस्तिका तैयार कर भुकतान लें। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सत्यकाम श्रीवास्तव, सुजित कुमार आदि उपस्थित थे।

## बाल-विवाह रोकथाम को ले जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो हुमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया संस्था के सहयोग से तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित तेजस्वनी परियोजना के अंतर्गत कैरो प्रखण्ड के हनहट क्लस्टर मैदान में सभी पंचायत के सभी क्लबो के किशोरी, युवतियो एवम बालिकाओ के द्वारा खेल कूद का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुरुआत जिला बाल सरक्षंण पदाधिकारी लोहरदगा से श्री बीरेंद्र कुमार, डी, आर, आई यू से नीरज कुमार, निरंजन कुमार,कैरो थाना प्रभारी हरि औध करमाली, हनहट मुखिया सरवन मुंडा,स्कूल प्रभारी अनिल सिन्हा, मीडिया प्रभारी मंटु तिवारी के द्वारा फीता काटकर मैच की शुभारंभ किया।वही सभी बारी बारी से भाषण दिए।मौके पर जॉन टीम से राजेन्द्र शर्मा, कृष्ण कुमार यादव, डीके टीम से ट्रेनिंग स्पेशलिस्ट रमेश चनेजा, चंद्रपाल सर,उधोगनी से दुर्गेश जी, प्रखंड समन्वयक कुंजमोहन शर्मा, शिवानी शर्मा, जय कुमार, क्षेत्र समन्वयक मोनिका लकड़ा, प्रियंका कुमारी, फरहत जबी, मुन्ना राम, संकुल समन्वयक संगीता, सुरैया, पुष्पा, सरिता, कबड्डी कोच शिल्पी, रेशमी कुमारी, युवा उत्प्रेरक किरण देवी, ललिता, रेहाना, किरण उरांव, सुनीता, बिरसमुन्नी आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने पीएम आवाज योजना को लेकर की समीक्षा बैठक



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड में संचालित मनरेगा व पीएम आवास योजना में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा व पीएम आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक हुई। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विकास योजना के क्रियान्वयन व गुणवत्तापूर्ण कार्य में पंचायत जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम है। पंचायत के विकास में मुखिया का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में पीएम आवास योजना की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत में 15 वित्त योजना के तहत स्वीकृत योजना को अविलंब शुरु करना सुनिश्चित करें। तथा लंबित कार्य को कार्य अनुसार एमबी कार्य पूरा कर भुगतान करना सुनिश्चित कर अभिलेख बंद करें। साथ ही मनरेगा योजना में अधिक से अधिक जॉब कार्ड निर्गत कर लोगों को काम से जोड़ने का निर्देश संबंधित पंचायत कर्मी को दिया है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में पीएम आवास योजना के निर्माण कार्य मे लाभुक लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे है। वैसे लोगों को चिन्हित कर सूची तैयार करें। बीपीओ सुदर्शन लकड़ा ने कहा मनरेगा के तहत दो अमृत सरोवर का क्रियनवयन किया जा रहा है। जिसमें मनरेगा श्रमिकों को अधिक से अधिक काम मुहैया कराएं, ताकि जरूरत मंद लोगों को रोजगार सृजन किया जा सकें। मौके पर नवप्रभात कुजूर, प्रभात कुजूर, बीरबल महली, रउफ अंसारी, जितबहान उरांव, दिलीप कुमार सहित पंचायत के जनसेवक, रोजगार सेवक मौजूद थे।

## उन्नति आजीविका संसाधन केंद्र ठेठईटांगर का किया गया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पंडित दीनदयाल अंत्योदया योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कृषि एवं पशुधन से संबंधित किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्नति आजीविका संसाधन केंद्र ठेठईटांगर को स्थापित किया गया है। आजीविका संसाधन केंद्र का उद्देश्य निम्नलिखित है- क). कृषि एवं पशुधन से संबंधित किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वन स्टाफ रिसोर्स सेंटर बनाना। ख). विभिन्न कृषि फसलों की उन्नत और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना। ग). पशुधन (बकरी,कुक्कुट, बत्तख और सूअर/के उन्नत पालन प्रथाओं को बढ़ावा देना। घ) चूजों को पालने के लिए बुडिंग केंद्र स्थापित करके उन्नत कुक्कुट पालन को बढ़ावा देना। ड.). पॉलीशेड /ग्रीन शेड नर्सरी हाउस की स्थापना कर सब्जी एवं फलों की खेती को बढ़ावा देना उन्नति आजीविका संसाधन केंद्र ठेठईटांगर का उद्घाटन दिनांक 05/04/2023 प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री पंकज कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्नति



आजीविका संसाधन केंद्र के मुख्य उद्देश्यों पर चर्चा की गई एवं उन्नत कृषि को बढ़ावा देने हेतु उत्तम खाद बीज, कृषि यंत्र सुविधा, मुर्गी, बकरी एवं बत्तख पालन हेतु वैक्सीन उपलब्ध कराने की कवायद की गई। डी.पी.एम जे.एस.एल.पी.एस, मनीषा मालिनी सांचा द्वारा बकरी पालन, मुर्गी पालन, मदर यूनिट उन्नत कृषि हेतु उन्नत किसान के खाद बीज एवं जरूरी सामान आजीविका संसाधन केंद्र से माध्यम से उपलब्ध कराने की बात कही। प्रखंड विकास पदाधिकारी, ठेठईटांगर श्री पंकज कुमार द्वारा विस्तृत रूप से आजीविका संसाधन केंद्र के उद्देश्यों मुख्यत- बकरी पालन मुर्गी पालन एवं उन्नत कृषि एवं हार्डिंग सेंटर स्थापित करके हेतु जगह मुहैया कराने की बात भी कहीं। उद्घाटन समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर डीपीएम जेएसएलपीएस डीपीसी (JICA) प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, मुखिया, स्व्रज्ञष्ट, आजीविका कृषक सखी अजी का पशु सखी आजीविका संसाधन केंद्र के ओबी मेंबर एवं सैंकड़ो की संख्या में समूह की दीदी एवं ग्रामीण के सदस्य उपस्थित थे ।कार्यक्रम का समापन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा किया गया।

## प्रकृति और इंसान के बीच प्रेम व लगाव का प्रतिक है सरहुल : जोसिमा खाखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**सिमडेगा :** पालकोट के केउंदटोली में सरहुल उत्सव का आयोजन हुआ। मौके पर मुख्य रुप से पाकरटांड़ जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि सरहुल प्रकृति उपासना का पर्व है। यह झारखंड की संस्कृति को दर्शाता है। यह पर्व प्रकृति का संरक्षण और इंसानों के साथ उसके प्रेम और लगाव का प्रतिक है। उन्होंने कहा कि सरहुल पूजा करने से घर, परिवार और समाज में सुख, शांति तथा समृद्धि आती है। यह त?योहार हमें प्राकृति के साथ जोड़ने का काम करता है। हमारा आदिवासी समाज के लोग सरहुल पर्व मनाकर प्रकृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। प्रकृति भी समाज पर अपनी कृपा बरसाती है। इस दिन पेड़ पौधे और जल स्रोतों की भी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि आदिवसी समाज के कारण ही आज राज्य हरा भरा है। प्रकृति पर्व सरहुल से हमें सीखना चाहिए कि हम प्रकृति का दोहन न



करें। सरहुल पूरी तरह प्रकृति की आराधना का त्योहार है। सरहुल दुनियाभर में लोगों को प्रकृति से मिलने वाले लाभों को याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हमारा अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। यही हम इसकी सुरक्षा के प्रति सचेत रहेंगे, तो यह भी हमारे जीवन को खुशहाल बनाने में मदद करेगी। मौके पर प्रमुख सोनी लकड़ा, कांग्रेस सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जोनसन मिंज, रणधीर रंजन, अजीत लकड़ा, प्रदीप केसरी, शिशिर मिंज, प्रदीप सोरेंग, मुखिया पूनम एक्का, सुरसेना बाड़ा, प्रतिमा, भुनेश्वर सिंह, रामकिशुन, लीला, मंजू, एतवा उरांव, श्याम उरांव, मिटू उरांव, चंदन उरांव, अमरुस उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष बिनय, रोहित, थाना प्रभारी अनील लिंडा, एएसआई संदीप राम, मुखिया नगेश्वर, निमरोध एक्का उपस्थित थे। मौके पर सरहुल नाच प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जहां पालकोट के सभी पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### फिल्म आदिपुरुष के पोस्टर पर बवाल



**मुंबई (एजेंसी):** फिल्म आदिपुरुष के पोस्टर पर विवाद शुरू हो गया है। इस पोस्टर पर आपत्ति जताते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के निर्देशक ओम राउत, निर्माता भूषण कुमार और कलाकारों पर मुंबई में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत खुद को सनातन धर्म का प्रचारक बताने वाले संजय दीनानाथ तिवारी ने की है। शिकायत में कहा गया है कि फिल्म के पोस्टर से हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। बॉम्बे हाई कोर्ट के वकील आशीष राय और पंकज मिश्रा ने भी आदिपुरुष के नए पोस्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में कहा गया है कि फिल्म मेकर ने हिंदी धार्मिक किताब रामचरितमानस के किरदारों को गलत तरीके से पेश किया है। बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष के नए रिलीज हुए पोस्टर ने हिंदू धार्मिक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (ए), 298, 500, 43 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग के साथ शिकायत दर्ज की गई है।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को सौंपा जनजाति गौरव पुस्तक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा से अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री संदीप कविश्वर प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को शास्त्री भवन स्थित मंत्रालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समाज के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और संस्थान द्वारा प्रकाशित जनजाति गौरव पुस्तक सप्रेम भेंट की।



# समाज के लिए आदरणीय थे ब्रह्मदेव पाण्डेय : महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह, वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला, नगर आयुक्त रवि आनंद तथा सहायक आयुक्त परितोष प्रियदर्शी ने मिलकर बोर्ड द्वारा पारित कॉपरेटिव चौक से डॉक्टर आरपी सिन्हा रोड तक के मार्ग का नाम स्वर्गीय ब्रह्मदेव पांडे मार्ग करते हुए नामकरण बोर्ड का अनावरण किया। इस अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि स्वर्गीय ब्रह्मदेव पांडेय हमारे समाज के धरोहर थे। जिन्होंने निगम बनने से पूर्व नगर पालिका में टैक्स दरोगा के रूप में भी 35 वर्षो तक अपनी सेवा दी। वे कोई भी सामाजिक कार्यो में तत्पर रहते थे। आज उनके नाम का यह मार्ग करते हुए मुझे खुशी हो रही है। यह सम्मान उनके साथ-साथ निगम कर्मियों का भी सम्मान है। महापौर ने कहा कि स्वर्गीय ब्रह्मदेव पांडे के पुत्र राजेश्वर पांडे, जो एक समाजसेवी भी हैं वह नगरपालिका के 2 टर्म काउंसलर भी रह चुके हैं। इस अवसर पर परिवार के सदस्य समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे, इंजीनियर अजय कुमार पांडे, चंदू पांडे, दिलीप कुमार पांडे, संजय कुमार पांडे, राजवंती देवी, पूनम देवी ,अनुज देवी और आरूषी कुमारी नूतन पांडे आईआईटियन शाश्वत शेखर कोल इंडिया कंपनी के मैनेजर सांसद कौन आर्यन कुमार तथा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।




## उत्तराखंड के अधिकारियों की टीम ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात



एजेंसी

**रांची :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में उत्तराखंड से आए अधिकारियों की टीम ने मुलाकात की। टीम में उत्तराखंड वित्त विभाग एवं उत्तराखंड विधानसभा के अधिकारी शामिल थे। यह टीम गुजरात, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड के विधानसभाओं के दौरे पर है, जो ऑनलाइन प्रश्न उत्तर प्रणाली के क्रियान्वयन एवं विधानसभा से जुड़ी अन्य कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी एकत्रित कर रही है। अधिकारियों ने झारखंड विधानसभा के अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

# सांसद ने उठाया विद्युतिकरण का मामला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला के साथ-साथ चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बडी संख्या में छुटे हुए गाँवों व टोलों को विद्युतिकृत करने संबंधी अतिमहत्वपूर्ण मामले को उठाया।

श्री राम ने कहा कि भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा सौभग्य योजना के अंतर्गत न केवल सभी गांवों बल्कि सभी घरों को विद्युतिकृत करने का कार्य किया गया है, परन्तु दुर्भाग्यवश कतिपय कारणों से राज्य के कई जिलों में ऐसा नही हो सका है खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू एवं मेरे बगल के संसदीय क्षेत्र चतरा में। विदित है कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को अभी तक सफलता नही मिली है एवं मेरे संसदीय क्षेत्र के पलामू एवं गढ़वा जिला के बडी संख्या में गाँवों/टोलों को विद्युतिकृत करना शेष रह गया है। ऐसे गाँवो एवं टोलो की सूची पढ़कर इस सदन का बहुमुल्य समय बर्बाद नही करना चाहता हूं पर उसकी सूची सदन के पटल में अवश्य रखना चाहता हूँ ताकि इन गाँवों एवं टोलों को विद्युतकृत किया जा सके।

माननीय सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से माननीय मंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार से माँग करता हूँ कि कृपया इस पर विशेष ध्यान देने का कष्ट करेंगे।

# अरुणाचल पर दावा करने के चीनी प्रयासों का अमेरिका ने किया विरोध

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने के चीन के प्रयासों का अमेरिका ने दृढ़ता से विरोध किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस सचिव केरेन जीन पिएरे ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश के भीतर इलाकों के नाम बदलने जैसे कृत्यों का अमेरिका कड़ा विरोध करता है।बीते दिनों चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नाम बदलने का दावा किया है। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए केरेन जीन पिएरे ने कहा कि अमेरिका भारतीय क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने के चीन के प्रयासों का दृढ़ता से विरोध करता है। यह निश्चित रूप से भारतीय क्षेत्र पर चीनी दावे का एक और प्रयास है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने लंबे समय से उस क्षेत्र को मान्यता दी है और इन इलाकों का नाम बदलकर क्षेत्र के दावे को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का अमेरिका कड़ा विरोध करता है।



उन्होंने कहा कि यह ऐसा मसला है जिस पर लंबे समय से अमेरिका अपने रुख पर कायम है। उन्होंने कहा कि वे जो भी कह रही हैं, यह राष्ट्रपति जो बाइडन का कहा हुआ माना जाए। अमेरिका भारत के साथ संबंधों को दुनिया में सर्वाधिक परिणामी व विशेष संबंधों के रूप में मान्यता देता है।

# पर्यावरणविद कौशल ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से की शिष्टाचार मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू प्रमंडल के दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद श्री कौशल ने पर्यावरण धर्म के तहत नाइजीरिया के गेस्ट रूम में रखने वाले डीलपलिप के पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया। श्री कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाए जा रहे अभियान की विस्तृत जानकारी रघुवर दास को दिया। श्री जायसवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि कोरोना काल के बाद देश के कई राज्यों में पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने अभी दक्षिण भारत में किये गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए नेपाल भूटान समेत हिमाचल उत्तराखंड में कार्यक्रम के आयोजन के सम्बंध में जानकारी दिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री से राज्य में सुखाड़ की स्थिति पर भी चर्चा की। साथ ही यह भी कहा कि जन और जानवरों के लिए जल की मुक्कमल व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आदमी तो नल और चापाकल से अपनी प्यास बुझा लेंगे लेकिन वन्य प्राणियों की जान पानी के बगैर नहीं बच पाएगी। उन्होंने वन्य प्राणियों को जल संकट की विभीषिका से बचाने की अपील की।मौके पर उपस्थित छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने भी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी को बुके देकर मुलाकात की । इस अवसर पर भाजपा के पलामू प्रभारी विनय कुमार जायसवाल, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ,भाजपा प्रशिक्षण प्रदेश अध्यक्ष कुमार मनोज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद आनंद पाठक ,महापौर अरुणा शंकर, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर, वैश्य प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, नागेंद्र पांडेय, श्याम बाबू , नवल तुलस्यान, रिंकू दुबे, अरविंद गुप्ता, डिंपल,प्रेम कुमार, भाजपा महिला अध्यक्ष सीठु गुप्ता रामा पांडे महावीर साव, पंकज सिंह, भारत बाबू लोग शामिल थे।



## इंटर की परीक्षा आज से, केंद्रों पर 11 अप्रैल तक धारा-144 लागू

**रांची:** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से आयोजित वार्षिक इंटरमीडिएट व्यावसायिक परीक्षा छह अप्रैल से 11 अप्रैल तक निर्धारित है। प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09¬45 बजे से अपराह्न एक बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराह्न दो बजे से अपराह्न 05¬15 बजे तक परीक्षा केंद्र एलईबीबी हाई स्कूल, ओसीसी कंपाउंड, नियर बड़ा तालाब आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी और एसएसपी ने बुधवार को पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निम्नलिखित निषेधाज्ञा जारी की गयी है।

# आंदोलन तेज करने की तैयारी में विशाल मजदूर और किसान रैली

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रामलीला मैदान में देश भर से कई संगठनों के बैनर तले किसान पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। सभी ने कहा अगर केंद्र सरकार इनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो साल 2024 में देश से मोदी सरकार को हटाने के लिए एक बड़ा आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन का मकसद होगा बस एक प्रधानमंत्री की कुर्सी से मोदी को हटाया जाए। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित रामलीला मैदान में ऑल इंडिया किसान सभा (एआईकेएस), सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू), ऑल इंडिया एग्रीकल्चरल वर्कर्स यूनियन (एआईजीडब्ल्यूयू) के तत्वाधान में इस मैदान में किसान संघर्ष रैली का आयोजन किया गया।



किसानों की मुख्य मांगेः फसल की लागत का डेढ़ गुना दाम हो, 26000 रुपये महीना न्यूनतम वेतन लागू किया जाए, पुरानी पेंशन योजना को लागू की जाए, सार्वजनिक क्षेत्रों में निजीकरण की प्रक्रिया बंद की जाए, काम का ठेकाकरण बंद किया जाए, कर्मचारियों को नियमित किया जाए और मनरेगा में 200 दिन का रोजगार और 600 रुपये दिहाड़ी दी जाए।

21 से ज्यादा राज्यों से आये लोगः हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, यूपी, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, बंगाल, उड़ीसा, असम, त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात सहित अन्य राज्यों से लोग थे। यहां उनके प्रतिनिधियों ने मंच से संबोधित किया। किसान के एक प्रतिनिधि सुभाष लांबा ने कहा कि देश की मोदी सरकार में किसान दम तोड रहे हैं देश में एक तानाशाह की सरकार है। हमें यहां से संकल्प लेना है अगर हमारी मांगें पूरी नहीं होती है तो साल 2024 में केंद्र से मोदी सरकार को हटाना है।

# भारत-जापान रक्षा अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुए सहमत



एजेंसी

**नई दिल्ली:** भारत और जापान देशो ने रक्षा अंतरिक्ष और साइबर जैसे नए और उभरते क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमत जताई है। रक्षा सचिव ने मेक इन इंडिया के तहत भारत में निवेश के अवसरों को देखने के लिए जापानी उद्योगों को आमंत्रित किया है। दोनों देशों ने रक्षा वार्ता और अभ्यासों के माध्यम से सेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को सराहा। भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के रक्षा उपमंत्री ओका मसामी ने बुधवार को नई दिल्ली में 7वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता की सह-अध्यक्षता की। भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता के दौरान सैनिक अभ्यास और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी में सहयोग सहित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। जापानी उप मंत्री ने हाल ही में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय रक्षा रणनीति के नीति संबंधी अपडेट भी प्रस्तुत किए। दोनों देशों ने रक्षा वार्ता और अभ्यासों के माध्यम से सेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को सराहा। इस साल जनवरी में भारतीय वायु सेना और जापानी वायु आत्मरक्षा बल के बीच जापान में हुए औपचारिक लड़ाकू अभ्यास वीर गार्जियन को सराहते हुए संबंधित रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। रक्षा सचिव ने जोर देकर कहा कि दोनों देशों को अपने-अपने रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग मजबूत करने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत में निवेश के अवसरों को देखने के लिए जापानी रक्षा उद्योगों को भी आमंत्रित किया।दोनों पक्ष रक्षा अंतरिक्ष और साइबर जैसे नए और उभरते क्षेत्रों में विविध सहयोग पर सहमत हो गए। भारत और जापान ने मजबूत रक्षा साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के अवसर पता लगाने पर सहमत हुए।

## कानून व्यवस्था संभालने के लिए ममता ने केंद्र से मांगी मदद

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्राओं पर हुए हमले और उसके बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा को लेकर चौतरफा आलोचना के बाद आखिरकार ममता बनर्जी की सरकार ने राज्य में कानून व्यवस्था बहाल रखने के लिए केंद्र सरकार से मदद मांगी है। बुधवार को ही कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को सलाह दी थी कि अगर पुलिस को लगता है कि कानून व्यवस्था संभालना मुश्किल होगी तो केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए केंद्र से मदद मांगी जा सकती है। सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि गुरुवार को हनुमान जयंती के मौके पर निकलने वाली शोभायात्राओं की सुरक्षा के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इनमें से एक कंपनी केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बल की तैनाती कोलकाता में होगी। दूसरी कंपनी किसानों के हुगली जिले के चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत और तीसरी कंपनी को उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में तैनात किया जाएगा।

# जल मिशन : देश के 60 फीसदी ग्रामीण घरों तक पहुंच रहा नल से जल, 58 करोड़ लोगों को स्वच्छ पेयजल

एजेंसी

**नई दिल्ली/ जोधपुर:** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जल जीवन मिशन ने एक और मील का पत्थर पार कर लिया। अब देश के 19.43 करोड़ में से 11.66 करोड़ (60 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। भारत में 1.55 लाख से अधिक गांवों (कुल गांवों की संख्या का 25 प्रतिशत) को अब हर घर जल पहुंच रहा है।यह जानकारी केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने एक ट्वीट कर साझा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी शेखावत के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए जल जीवन मिशन की प्रशंसा की और इसे उत्कृष्ट उपलब्धि बताया।चालू वर्ष में जनवरी से मार्च 2023 तक जल जीवन मिशन के तहत प्रति सेकंड एक नल कनेक्शन प्रदान किया गया है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसमें वर्ष 2023 के पहले तीन महीनों के दौरान प्रतिदिन औसत रूप से 86,894 नए नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।दरअसल, जब प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की घोषणा की थी, तब देश के 19.43 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से केवल 3.23 करोड़ (16.65 प्रतिशत) परिवारों के पास नल का पानी उपलब्ध था। कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हाल के वर्षो में पैदा हुए कई व्यवधानों के बावजूद राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों ने जल जीवन मिशन को लागू करने के बारे में लगातार प्रयास किए हैं।पांच राज्यों गुजरात, तेलंगाना, गोवा, हरियाणा व पंजाब और 3 केंद्र शासित प्रदेशों अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दमन दीव एवं दादरा नगर हवेली व पुडुचेरी ने शत-प्रतिशत कवरेज हासिल कर ली है। देश अपने सभी ग्रामीण परिवारों को नल के माध्यम से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।



जितने अमेरिका में लोग, उससे ज्यादा तक पहुंचाया जल¬

जल जीवन मिशन को लागू करने की गति और उसका पैमाना अभूतपूर्व रहा है। केवल 3 वर्षों में 40 करोड़ से अधिक लोगों के साथ 8.42 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवार (आईएमआईएस स्रोत के अनुसार 4.95 व्यक्ति प्रति ग्रामीण परिवार) कार्यक्रम के तहत लाभान्वित हुए हैं। यह संख्या संयुक्त राज्य अमेरिका की 33.1 करोड़ जनसंख्या से अधिक है और यह ब्राजील की 21 करोड़ व नाइजीरिया की 20 करोड़ जनसंख्या से लगभग दोगुनी है। मेक्सिको की 12.8 करोड़ व जापान की 12.6 करोड़ जनसंख्या से तीन गुना से भी अधिक है।